पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

वर्ष 4, अंक 306, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत 16

रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फिल्म फाइटर पर बैन 15

## एक नजर

### आचरेकर और गणपत को मिलेगा भरतमुनि सम्मान

**नई दिल्ली।** कला एवं साहित्य में उत्कृष्टता के लिए काम करने वाली संस्था संस्कार भारती ने प्रथम 'भरत मुनि सम्मान' मुंबई के चित्रकार विजय दशरथ आचरेकर एवं लोककला में सिंधुदुर्ग के गणपत सखाराम मसगे को प्रदान करने की घोषणा की है। ये सम्मान बेंगलुरु में 03-04 फरवरी को अखिल भारतीय कलासाधक संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात संत श्री श्री रविशंकर भी होंगे।

### मीनाक्षी लेखी ने किया सहज गीता का विमोचन

**नई दिल्ली।** विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। लेखी ने यहां एक समारोह में भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुए कहा कि आम जन में गीता को वास्तविक अर्थों में पहुंचाने की आवश्यकता है, यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है।

### युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा मतदाताओं के साथ बातचीत करेंगे। भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने संवाददाताओं से कहा कि युवा मतदाताओं ने 2014 में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में और 2019 में उन्हें फिर से इस पद पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। वे तीसरे कार्यकाल की खातिर मोदीजी को प्रधानमंत्री चुनने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

### राकांपा विधायक रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राकांपा सांसद सुप्रिया सुले और पार्टी के अन्य नेता 38 वर्षीय रोहित पवार के साथ जांच एजेंसी के कार्यालय के द्वारा तक गए। विधायक पूर्वाह्न करीब 10 .30 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे।

### फ्लाइट में बम की धमकी अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट को बुधवार को दरभंगा-दिल्ली उड़ान के लिए बम की धमकी वाली कॉल मिली जो बाद में अफवाह निकली। 200 से अधिक यात्रियों वाले इस विमान को सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डे पर उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट आरक्षण कार्यालय को दरभंगा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान एसजी 8496 में बम होने की सूचना मिली। विमान को शाम छह बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतारा गया और उसे अलग स्थान पर ले जाया गया।' हवाईअड्डे के एक सूत्र ने बताया कि शाम को हवाईअड्डे पर स्पाइसजेट विमान के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। विमान में करीब 210 यात्री सवार थे।

# रामलला के दर्शन कराने में जुटी सरकार

## विशिष्ट जनों से मुख्यमंत्री ने की अपील, आना हो तो पहले से बताएं

## अयोध्या में उमड़े दर्शनार्थी, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी डटे

## अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा

▸▸ श्रद्धालुओं की वापसी को परिवहन रेलवे से समन्वय बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को स्वाभाविक बताया है। साथ ही कहा कि, सभी की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट जनों से उम्मीद की है कि वे अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास या राज्य सरकार को जानकारी दें। जिससे अयोध्या आने पर उन्हें कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों पर मंथन भी किया था। मुख्यमंत्री के जारी निर्देशों में है कि जो श्रद्धालु दर्शन कर चुके हों, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रहे। आवश्यकतानुसार परिवहन मंत्री रेलवे से भी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन कराने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी है। कहा है कि अयोध्या की सीमा से लगे जिलों के साथ अयोध्या प्रशासन और शासन के अधिकारी अंतरराज्यीय सम्पर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध हों।



अयोध्या में बुधवार को सुबह ठंड के बीच रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

### गणतंत्र दिवस पर सतर्क रहे सुरक्षा तंत्र, धार्मिक भावनाओं का न हो अपमान या तिरस्कार : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए 26 जनवरी को सुरक्षा तंत्र को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस उल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी या किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान या तिरस्कार न हो। अगर कोई विद्वेष फैलाने वाले प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री के खास निर्देश

- दर्शनार्थी कतारबद्ध हों, भीड़ न लगे, कतार चलायमान रहे।
- बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का ध्यान दें, भावनाओं का सम्मान हो
- प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।
- सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।
- अलाव, पेयजल, कुर्सियों की व्यवस्था रहे, मशीनीकृत सफाई हो

### 1 फरवरी को योगी कैबिनेट शीश नवाएगी

▸▸ भाजपा शासित राज्यों की कैबिनेट भी अलग-अलग तारीखों में पहुंचेगी अयोध्या

**लखनऊ।** भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी रामलला के दर्शन कराने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसको लेकर पूरा शेड्यूल बनाया गया है। राज्यों के मुख्यमंत्री अलग-अलग तारीखों में अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचेंगे। इस कड़ी में 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट के दर्शन करने से पूर्व 1 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरी कैबिनेट रामलला के दर्शन करेगी। 2 फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 5 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 6 को अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा कंडू, 9 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, 12 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 15 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, 22 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, 24 फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 4 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

# पहले वेतन देने के लाले पड़ते थे आज हो रहा करोड़ों का निर्यात

▸▸ योगी ने की 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

▸▸ डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव व नवीन तिवारी को मिला उप्र. गौरव सम्मान



कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** साल 2017 के पहले खराब आर्थिक स्थिति, वेतन के लाले और अव्यवस्था के तांडव का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश की तरक्की के कई उदाहरण साझा किए।

इस क्रम में उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में उप्र. का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपये का था। वहीं आज 2 लाख करोड़ रुपये का ओडीओपी निर्यात हो रहा है। उन्होंने बताया कि, कि यहां 96 लाख एमएसएमई यूनिट क्रियाशील हैं, जिन्होंने कोरोना कालखंड में दूसरे राज्यों से वापस आए 40 लाख लोगों को रोजगार दिया। हमारी सरकार एमएसएमई यूनिट को किसी दुर्घटना या आपदा पर पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर दे रही है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अवध शिल्पग्राम से 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत की। उन्होंने उप्र. गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल भी लांच किया। उप्र. दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ निवासी वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उप्र. गौरव सम्मान दिया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कानपुर के नवीन ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उप्र. और भारत के व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म से जोड़ता है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ अन्य गणमान्य रहे।

# प. बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस

### इंडिया गठबंधन को झटका

▸▸ मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने किया ऐलान

▸▸ टीएमसी से सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी कांग्रेस : अधीर रंजन

कोलकाता, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कहा कि मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गई है। बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी से सीटों की भीख नहीं मांगेगी।

### 'आप' भी पंजाब में अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ भी नहीं है। 'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। देश में पंजाब बनेगा हीरो।

### कार दुर्घटना में ममता के माथे में लगी चोट



**बर्द्धमान।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे में बुधवार को यहां उस समय चोट लग गई जब उनकी कार को एक अन्य वाहन से टकराने से बचाने के लिए अचानक रोकना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी कार में आगे, चालक के बगल में बैठी थीं और उनका माथा सामने के शीशे से टकरा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कोलकाता लाया जा रहा है जहां डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। ममता एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पूर्वी बर्द्धमान गई थीं।

### ईडी ने संजय राउत के भाई को किया तलब

▸▸ खिचड़ी घोटाला मामले में समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान कथित ''खिचड़ी घोटाले'' से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत के छोटे भाई संदीप राउत को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि संदीप को अगले सप्ताह ईडी के मुंबई कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बयान दर्ज किया जाएगा। ईडी ने मामले में शिवसेना (यूबीटी) गुट के सूरज चव्हाण को बीते सप्ताह गिरफ्तार किया था।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

▸▸ मुरादाबाद जिले का रहने वाला था 19 वर्षीय मोहम्मद जैद

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोचिंग के गढ़ में इस साल छात्र की संदिग्ध खुदकुशी का यह पहला मामला है। बीते साल 26 छात्रों के आत्महत्या के मामले प्रकाश में आए थे जो एक साल के भीतर सबसे अधिक मामले हैं। ताजा घटना मंगलवार की है। पुलिस ने कोटा के न्यू राजीव गांधी नगर इलाके के एक छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया।



जवाहर नगर क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के रहने वाले मोहम्मद जैद (19) के रूप में हुई है। वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। सिंह ने बताया कि मंगलवार को शाम तक जैद अपने कमरे से बाहर नहीं आया तब छात्रावास के संरक्षक ने रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना दी। डीएसपी ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि छात्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया। कोटा में देशभर से हर साल लाखों छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

### कमरे में नहीं लगे थे खुदकुशी रोकने के उपकरण

'कोटा हॉस्टल एसोसिएशन' के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने बताया कि जिस कमरे में घटना हुई, वहां के पंखे में खुदकुशी रोकने के लिए उपकरण नहीं लगा था, जो कि जिले के छात्रावासों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। मित्तल ने बताया कि एसोसिएशन छात्रावास को काली सूची में डालेगी और जिला प्रशासन से इसे बंद करने की सिफारिश करेगी। कोटा जिले के अधिकारियों ने छात्रावासों को छत वाले पंखों में एक स्प्रिंग की तरह का उपकरण लगाने का आदेश दिया था जो खुदकुशी के प्रयासों को विफल करने में काफी मददगार है।

# राहुल गांधी को हाईकोर्ट से मिली राहत

### दुष्कर्म पीड़िता की पहचान मामला



▸▸ प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी याचिका का कोर्ट ने किया निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि 2021 में बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है।

राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है, जिसमें उस नाबालिग लड़की की पहचान होती थी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के वकील ने अदालत के समक्ष पुष्टि की कि राहुल गांधी ने ट्वीट खुद ही हटा लिया था। अदालत मकरंद सुरेश म्हाडलेकर की 2021 की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की मांग थी कि 'एक्स' पर लड़की की उसके माता-पिता के साथ तस्वीर पोस्ट कर पहचान उजागर करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

# एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

▸▸ डीजीसीए ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नियामक को एयरलाइन एक पूर्व कर्मचारी से शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया। नियामक ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विस्तृत जांच की। डीजीसीए ने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया एयरलाइन द्वारा गैर-अनुपालन का पता चलता है। इसके बाद एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

### मेडिकल छात्रा का कमरे में लटका मिला शव

## जान पर भारी तनाव

# अब मुझसे नहीं हो पा रहा पापा-मम्मी माफ कर दो

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** मेडिकल की छात्रा ने तनाव में आकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। किराए के कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है, मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना, मैं आपके सपने को पूरा नहीं कर पा रही हूं। मैं डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन मुझसे अब यह नहीं हो पा रहा है। मुझे माफ कर देना। छात्रा की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।



▸▸ कमरे से मिले सुसाइड नोट में लिखा था डॉक्टर बनना चाहती थी प्रिया

जनपद संत कबीर नगर के थाना बखीरा क्षेत्र के मेडरापाल निवासी प्रिया (27) पुत्री कृष्ण कुमार गजरौला में हाईवे स्थित संजीवनी कालेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गजरौला की एमडीए कालोनी में किराए का कमरा लेकर रह रही थी। मंगलवार देर रात छात्रा के भाई ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर छात्रा के भाई ने मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने कमरे की खिड़की से देखा तो प्रिया का शव फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को फंदे से उतारा। बाद में छात्रा के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए।

चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रा के परिवार वालों के अनुसार वह तनाव में थी और उसका उपचार भी चल रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# समाज कल्याण अधिकारी ने किशोरियों से की अश्लील हरकत

## प्रधानाचार्य विद्यालय से बुलाकर ले गई थी अपने आवास पर, विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी और एक आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य के खिलाफ दो बहनों से छेड़छाड़ करने, अपहरण कर षड्यंत्र रचने और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उसावां के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर दोनों पर गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट के आदेश पर दातागंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दो नाबालिग बेटियां विकास क्षेत्र समरेर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं। दोनों विद्यालय के छात्रावास में रहती हैं।

22 जनवरी की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम और विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा गौतम छात्रावास का निरीक्षण करने के बहाने पहुंचे। आरोप है कि प्रधानाचार्य उनकी दोनों बेटियों को बुलाकर अपने आवास पर ले गईं।

वहां जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उनकी दोनों बेटियों से अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर प्रधानाचार्य ने छात्राओं को धमकाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आधा घंटे तक अश्लील हरकतें करते रहे। जिसके बाद दोनों छात्राओं को वापस भेज दिया। इस हरकत की जानकारी बेटियों ने मुझे बताई।

उन्होंने प्रधानाचार्य से शिकायत की तो उन्हें भी धमकाया। पुलिस से शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिसके चलते वह कोर्ट की शरण में गए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली दातागंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम और प्रधानाचार्य सुषमा गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दातागंज कोतवाल हरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है।



▸▸ उसावां निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की पाक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट

▸▸ पीड़ित की दोनों बेटियां आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं, प्रधानाचार्या को भी मामले में बनाया गया है आरोपी

### समाज कल्याण अधिकारी ने मामले को झूठा बताया

जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम का कहना है कि जो मामला है वह पूरी तरह झूठा है। जिस दिन की घटना बताई जा रही है, उस दिन मैं उपस्थित नहीं था। प्रकरण में डीएम स्तर से जांच भी हुई। जिसमें मामला झूठा पाया गया। कोर्ट द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। जांच में सब सच सामने आएगा।

## एक नजर

### शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर जनपद की प्रत्येक इकाई शाखा में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य स्थगित रखा। इस दौरान पुरानी पेंशन की बहाली, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, बोर्ड परीक्षाओं की पारिश्रमिक दरें सीबीएसई के समान करने आदि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया। इस दौरान डॉ. सुनीत गिरी, राजीव पाठक, पुष्पेश मिश्रा, ग्रंथ सिंह, डॉ. फैजान अहमद, अनिल कुमार, राकेश वर्मा, मयंक त्यागी, डॉ. राखी रस्तोगी, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### मतदान करने की शपथ ली

मुरादाबाद, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कहा कि मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, एसडीएम सदर, सहित कलेक्ट्रेट अधिष्ठान के कर्मचारी मौजूद रहे।

# निशी कश्यप का यूपी अंडर 23 में चयन, कृष्णा अंडर 14 में खेलेंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


निशी कश्यप।


कृष्णा।

**अमृत विचार:** महानगर की बेटी निशी कश्यप का चयन यूपी अंडर 23 क्रिकेट टीम में हुआ है। वहीं कृष्णा यादव यूपी अंडर 14 टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। इससे महानगर के क्रिकेट खिलाड़ियों में खुशी है।

सिविल लाइंस निवासी उदयपाल सीएमओ के ड्राइवर पद पर नियुक्त हैं। परिवार में पत्नी मधु और 4 बच्चे हैं। इनमें दो बेटी और दो बेटे हैं। निशी भाई बहनों में तीसरे नंबर पर हैं। विकेट कीपर बल्लेबाज निशी कश्यप ने बताया कि उनका चयन यूपीसीए अंडर 23 टीम में हुआ है। यह टीम आंध्र प्रदेश के विजयबाड़ा में होने वाली अंडर 23 एकदिवसीय कप में प्रतिभाग करेगी। वहीं बिलारी में गांव स्योंडारा निवासी कृष्णा कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी और मोहम्मद हसीन बादशाह की देख रेख में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट की बारीकियां सिख रहे हैं। कृष्णा के चयन से एकेडमी और परिवार में खुशी का माहौल है। कृष्णा के पिता कुंवर मुनेन्द्र सिंह यादव ने बताया बचपन से ही कृष्णा को क्रिकेट का शौक रहा है। यूपी की अंडर-14 टीम में बेटे के चयन होने से खुशी मिली है। कोच ने बताया कृष्णा लेफ्ट आर्म स्पीन गेंदबाज है। नोएडा में लगे अंडर -14 के फाइनल कैंप के मैचों में कृष्णा ने दो मैच में 6 विकेट हासिल किए। जिसके चलते कृष्णा का चयन हुआ है। रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन पूर्व विधायक डॉ. कमल सिंह मलिक व रुक्मणी कॉलेज के प्रबंधक सिद्धार्थ मलिक ने बधाई दी।

### राज्यमंत्री जसवंत सैनी की मौजूदगी में भाजपा जिला कार्यालय पर हुई लोकसभा संचालन समिति की बैठक

# 4 फरवरी से शुरू होगा गांव चलो अभियान, बताएं उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को लोकसभा संचालन समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को मिलकर सफल बनाना है। चार फरवरी से गांव चलो अभियान चलेगा, इसके लिए अभी से जुट जाएं।

बैठक में जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि क्लस्टर प्रभारी जसवंत सिंह सैनी का पटका डालकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। कहा कि 4 फरवरी से राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को मंडल स्तर पर जुटना होगा। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गांव गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करना है। 25 से 27 जनवरी तक सभी मंडलों की बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ना है। 25 जनवरी को सुबह 10:00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव मतदाता अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं से संवाद करेंगे। जिसको लेकर भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा लोकसभा मुरादाबाद के अंतर्गत आने वाली विधानसभा में एलईडी लगाकर सम्मेलन किया जाएगा। गांव चलो अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर कार्यशाला, पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन, बूथ का सम्मेलन, पन्ना प्रमुखों की बैठक नमो एवं सरल एप का शिविर लगाया जाएगा।

बूथ स्तर पर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता मोदी सरकार के कार्य को लेकर गांव-गांव तक जाएंगे। इसके लिए मंडल स्तर पर प्रभारी व प्रवासियों का गठन किया गया है।

संचालन महानगर मंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने किया। बैठक में लोकसभा प्रभारी अशोक पाल, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, हर ज्ञान सिंह, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, चौधरी हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, रचित गुप्ता, राजीव गुप्ता, आदेश चौधरी, चकित चौधरी, सुरेश बिश्नोई, अतुल सोती, नवीन चौधरी, शम्मी भटनागर, सुरेंद्र शर्मा, विधानसभा बढ़ापुर, कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात के विधानसभा प्रभारी एवं जिला एवं महानगर के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जिलेभर में मानव श्रृंखला बनाकर किया मतदान को प्रेरित

## मतदाता जागरूकता अभियान में 5.30 लाख छात्र-छात्राएं हुए शामिल, जिलाधिकारी ने दिलाई शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सदर तहसील में कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में एसएसपी व सीडीओ।


कांठ रोड पर छात्राओं द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद में 530 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में बुधवार को पीलीकोठी चौराहा से सदर तहसील तक विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखे पोस्टर से लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सभी को सभी को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी के निर्देशन में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के सभी ग्रामीण, नगरीय क्षेत्रों में 530 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला चेन बनाने में बेसिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल व डिग्री कालेजों तक के छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इसमें 5,30,000 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने महानगर में पीलीकोठी से सदर तहसील तक बनी मानव श्रृंखला को देखा। यह मानव श्रृंखला 6 किलोमीटर लंबी थी। इसमें 8000 छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। छात्र-छात्राओं ने इस दौरान राहगीरों को रोककर मतदान के लिए प्रेरित किया।

साथ ही हाथों में पोस्टर, तख्ती लेकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। समापन के दौरान तहसील सदर में समस्त उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं आसपास के सभी जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक करके मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना सहयोग करें। जिलाधिकारी ने साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान का आरंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, सीएमओ डा. कुलदीप सिंह, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्र, एसपी सिटी अखिलेख भदौरिया, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, बीएसए अजीत कुमार और प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

# जितेंद्र सिंह वीरवाल ने संभाला एसडीएम सदर का कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शासन की नीतियों को जनता तक पहुंचाना व जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण बताया प्राथमिकता

**अमृत विचार:** जितेंद्र सिंह वीरवाल ने बुधवार को उप जिलाधिकारी सदर के पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि शासन की नीतियों व योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कराना और जन शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी प्राथमिकता है।


जितेंद्र सिंह वीरवाल

उप जिलाधिकारी सदर का कार्यभार संभालने से पहले जितेंद्र सिंह कांठ में उप जिलाधिकारी थे। मूलरूप से मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के साथ ही संपूर्ण समाधान व तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित कराएंगे। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश के अनुसार शिकायतों को आपसी समझौते से निस्तारण कराने पर जोर रहेगा। हर तहसील दिवस के दिन अधिकांश शिकायत निस्तारित कराने का प्रयास रहेगा। इसके अलावा तहसील के अन्तर्गत आने वाले थानों में से यदि पांच-पांच शिकायतें भी निस्तारित हुईं तो 35 शिकायतों का समाधान हो जाएगा। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर रहेगा। जिससे किसी अन्य तरह के अपराध की इसके चलते संभावना ही न रहे। इसके अलावा शासन की योजनाओं जैसे कृषक दुर्घटना योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देंगे। लोगों को कार्यालय से निराश न लौटना पड़े इसका पूरा ख्याल रखेंगे। उनके पहले सदर तहसील में विनय पांडेय उप जिलाधिकारी रहे।

# 20 लाख से होगी बाहरी दीवारों की पुताई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



विकास भवन परिसर की पुताई करता मजदूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास भवन की बाहरी दीवारों की रंगाई पुताई कराई जा रही है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास भवन की इमारत की बाहर से पुताई कराई जा रही है। दीवारों की पुताई के लिए ही करीब 18 से 20 लाख का स्टीमेट बनाया गया है। हालांकि विकास भवन के कमरों में बैठे अधिकारियों के कक्ष की जवाब दे चुकी छतें भी मरम्मत मांग रही है। जिससे होने वाली परेशानी बरसात के मौसम में देखने को मिलती है।

गणतंत्र दिवस को लेकर सभी सरकारी विभागों में साफ-सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। वहीं विकास भवन की इमारत की बाहर की दीवारों की पुताई कराई जा रही है। इसके अलावा अंदर पड़े खाली मैदान को नया लुक दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि इस बार विकास भवन का बाहरी सौंदर्यीकरण कुछ अलग कराया जा रहा है। विकास भवन रात को भी बाहर से जगमगाता दिखाई देगा। विकास भवन की रंगाई से पहले इसका नक्शा तैयार किया गया है। जिसके मुताबिक रंगों के डिजाइन तय किए गए हैं। उन्होंने बताया की विकास भवन में बैठे अधिकारियों के कक्ष की छत की मरम्मत का कार्य अभी बाकी है। इसके बाद कराया जाएगा। भूतल पर बने जिला पंचायत राज अधिकारी के कक्ष की छत बरसात में टपकती है। तो लेखाकार के कक्ष की छत में दरारें पड़ी हैं। वहीं दूसरी मंजिल पर बने कई विभागों को बरसात में पॉलीथिन डालकर कार्य करना पड़ता है। सीडीओ ने बताया कि इस बार बरसात से पहले विकास भवन की मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा।

## विद्यार्थी शिक्षा के साथ अन्य कर्तव्य भी निभाएं

मुरादाबाद, अमृत विचार: ग्राम मोरा मुस्तकम में चल रहे चित्रगुप्त इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्राम में धूम्रपान से होने वाली हानियों के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब इत्यादि से दूर रहने का आग्रह किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना चाहिए। अध्यक्षता डॉ राजीव कुमार ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रजत, अमित, उपकार ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। संचालन विवेक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# बिना भेदभाव विकास कर रही सरकार

संवाददाता, मैनाठेर


उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थी को गैस कनेक्शन का स्वीकृति पत्र देते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव कुरी बरेटा में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम खान ने बताया कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। पूर्व की सरकारों में मुस्लिम समाज को केवल वोट देने तक सीमित रखा। उन्हें शासकीय योजनाओं से वंचित रखा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है। योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है। ठाकुर अरविंद कुमार ने बताया की भाजपा सरकार नें महिलाओ का बड़ा सम्मान है। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन तथा हर घर इज्जत घर देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के राज में भय मुक्त हुआ है। योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचा है। एलईडी के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं को जन जन तक पहुंचना है। जिससे कि जिन किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वह भी लाभ पा सकें। कार्यक्रम में बीडीओ कुंदरकी भवानी प्रसाद, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्शे अली, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मोहम्मद वाजिद पाशा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, मोहम्मद हसन, भूरे अली, अनवार हुसैन, साबिर हुसैन, रूस्तम हुसैन, पीयूष गौतम, अजय ठाकुर, ग्राम सचिव विवेक कुमार, लेखपाल सुमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण लैब का आरंभ

मुरादाबाद, अमृत विचार: परिवर्तन दी चेंज संस्था की ओर से बुधवार को परियोजना पंथिनी के तहत ग्राम फलैदा, छजलैट ब्लॉक में 12वीं कंप्यूटर लैब का आरंभ किया गया। संस्था का उद्देश्य लैब के माध्यम से महिलाओं व युवतियों को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देना है।

परियोजना प्रभारी प्रिंस चौहान ने बताया कि इससे महिलाएं कंप्यूटर व तकनीकी ज्ञान को जान सकेंगी। इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के अलावा ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान आने वाले खतरों से बचाव और इंटरनेट तकनीक का सुचारू इस्तेमाल सिखाया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुनील कुमार व अतिथि के रूप में स्वयं सहायता समूह से ज्योति चौधरी मौजूद रहीं। इस दौरान संस्था की ओर से मानसी मेहरोत्रा, नेहा शर्मा, शुभ मौजूद रहे।

# 10 दिनों से बंद है स्मार्ट सिटी परियोजना कार्य, मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिजली विभाग ने कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी किया

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य अधिकारियों की सख्ती के बाद भी समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। बिजली विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था को कार्य पिछड़ने पर चौथी बार नोटिस दिया गया है। वहीं 10 दिन से स्मार्ट सिटी का कार्य बंद है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से फोन पर हुई बातचीत के बाद कार्य जल्द शुरू करने की बात कही है।

महानगर में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य के दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यदायी संस्था के चार मजदूर बिजली कर्मचारियों की लापरवाही से अचानक करंट लगने से झुलस गए थे। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने कार्य बंद कर दिया था। इसके चलते कई जगहों पर संस्था के उपकरण और भूमिगत केबल के लिए सड़कों पर खोदे गए गड्ढे भी खुले पड़े हैं। वहीं बिजली विभाग के अधिकारी भी कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से संपर्क कर कार्य शुरू करने के बारे में जानकारी कर रहे हैं। अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा ने बताया कि संस्था के मैनेजर सत्येंद्र पांडे से फोन पर बात कर कार्य बंद करने के लिए नोटिस देने की बात कही जिस पर मैनेजर ने तीन-चार दिन बाद कार्य शुरू करने की बात कही है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि प्रोजेक्ट मैनेजर के असंतोषजनक जवाब पर संस्था को नोटिस जारी कर दिया है। कार्यदायी संस्था को अक्टूबर 2023 कार्य पूरा करना था। जोकि नहीं हो पाया।

**लोकसभा चुनाव** | इस बार लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत के पार का जिलाधिकारी का है संकल्प

# 2019 के चुनाव में हुआ था 65 .57 प्रतिशत मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### 1145 मतदान केंद्रों पर डाले जाएंगे वोट

इस बार लोकसभा चुनाव में 1145 मतदान केंद्रों पर बने 2511 मतदेय स्थलों पर वोट पड़ेगा। जिस पर 24,42,843 मतदाता जिसमें पुरुष मतदाता 12,96,829 और महिला मतदाताओं की संख्या 11,46,014 है। थर्ड जेंडर मतदाता 103, दिव्यांग मतदाता 16,696 हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की तकदीर लिखेंगे।

### उपलब्धि

- जिले में बनाई गई 530 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाया जाएगा सभी को संकल्प

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर अधिकारियों ने जोर दिया है। भले ही अभी लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है। लेकिन, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान समाप्त कर 23 जनवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन करने के बाद जिला प्रशासन का पूरा जोर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। पिछले लोकसभा चुनाव में हुए मतदान से दस फीसदी अधिक मतदान का लक्ष्य लेकर अधिकारी चल रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद जिले के 24,42,843 मतदाता अपना भाग्यविधाता चुनेंगे। यह जन प्रतिनिधि लोकसभा में जनता की आवाज बनकर खरा उतर सकें इसके लिए शत प्रतिशत मतदान भी जरूरी है। इसके लिए मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूक किया जा रहा है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का विशेष रूप से दारोमदार रहेगा। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि इस बार शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य है। लेकिन कम से कम पिछले लोकसभा चुनाव से हर हाल में 10 प्रतिशत मतदान अधिक कराना है।

2019 के लोकसभा चुनाव में जिले में 65.57 प्रतिशत मतदान हुआ था, इसे 10 प्रतिशत बढ़ाकर 75 प्रतिशत मतदान कराने पर पूरा जोर रहेगा। इसमें 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस बार जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या पहले की 29,737 से बढ़कर 45,899 हो गई है। महिला मतदाताओं की संख्या भी इस बार 41,710 बढ़ी है। जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर जन प्रतिनिधि चुनेंगी। पहले इनकी संख्या 11,04,303 थी तो मतदाता सूची पुनरीक्षण में बढ़कर 11,46,014 हो गई है। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जिलाधिकारी ने 75 प्रतिशत के ऊपर मतदान कराने का संकल्प व्यक्त किया है।


कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव व अन्य।

# जयंती पर कर्पूरी ठाकुर को याद किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर बुधवार को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पदाधिकारियों ने उन्हें नमन किया। उनके महान योगदान पर चर्चा की।

विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सच्चाई के रास्ते पर रहते हुए वह बिहार के मुख्यमंत्री भी बने। वह हमेशा समाज के सभी लोगों की मदद करते थे। उनके योगदानों को याद करते हुए उनको नमन करते हैं और उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लेते हैं। वहीं संगठन में विस्तार करते भूरा कुरैशी को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव मनोनीत किया गया है। विचार गोष्ठी में संजीव चौधरी, जिगरी मलिक, रमेश सैनी, विरेन्द्र प्रसाद, लुकमान खां, शहजाद सिद्दीकी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट में शपथ ग्रहण कार्यक्रम 10 :30 बजे।
- अटेवा मंच की ओर से आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस से जिलाधिकारी कार्यालय तक मतदाता एवं पेंशन जागरूकता मार्च दोपहर 2 :00 बजे।
- सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रीड़ा प्रतियोगिता सुबह 10 :00 बजे।
- एमपीएस स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10 :00 बजे।

## एक नजर

### अमृतकुंज योजना में भूखंड मिलने पर खिले चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामपुर रोड पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की निर्मित अमृत कुंज योजना के विभिन्न आकार के भूखंडों हेतु प्राप्त आवेदनों में योग्य मिले आवेदकों को बुधवार को प्राधिकरण कार्यालय में भूखंडों का लॉटरी ड्रा निकाल कर आवंटित किया गया। इसका सीधा प्रसारण यू-ट्यूब चैनल पर भी प्रसारित हुआ। प्राधिकरण के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा में 40 वर्ग मीटर के उपलब्ध कुल 68 भूखंडों के सापेक्ष 49 भूखंड आवंटित हुए। शेष भूखंड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य श्रेणी के आवेदन कम प्राप्त होने से कुल 19 भूखंड बच गए। 60 वर्गमीटर के कुल 86 भूखंडों के सापेक्ष कुल 75 भूखंडों का आवंटन हुआ। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदन कम प्राप्त होने से कुल 11 भूखंड आवंटन से अवशेष रहे। 112 .50 वर्गमीटर के कुल 21 भूखंड आवंटन के लिए सृजित थे। जिसके सापेक्ष कुल 21 भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा में संपन्न हुआ। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि शीघ्र ही नियमानुसार सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी किया जाएगा।

### मतदान को प्रेरित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाई गई। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रो .एसएस रावत के नेतृत्व में एनसीसी, एनएसएस और रोवर्स-रेंजर्स के कैडेट्स और विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। मानव श्रृंखला बनाकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रो .आनंद कुमार सिंह, कैप्टन डॉ . मीनू मेहरोत्रा, कैप्टन डॉ . राजीव चौहान, डॉ .मदन मोहन शुक्ला, डॉ . कृति श्रीवास्तव, डॉ . स्वाति त्यागी, प्रो . पूजन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### सदस्यों व जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के सदन में बैठने पर अध्यक्ष ने जताई नाराजगी, कहा-सदन की गरिमा का रखें ध्यान

# जिपं बोर्ड बैठक में नोकझोंक के बीच 38.99 करोड़ रुपये का बजट मंजूर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में हुई। इसमें नोकझोंक के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सदन ने 38.99 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के पशु बाजार में लगने वाले हाट के लाइसेंस शुल्क में 5000 रुपये सालाना की वृद्धि कर दी गई है।

बोर्ड की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन अपर मुख्य अधिकारी डॉ. श्याम बहादुर शर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत में जिला पंचायत अध्यक्ष ने विधायक व जिला पंचायत के कई महिला सदस्यों के प्रतिनिधियों की सदन में मौजूदगी पर आपत्ति की। कहा कि सदन की मर्यादा का जिपं के सदस्य और पदेन सदस्यों को भी ध्यान रखना चाहिए। इसके बाद सदन की बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। इसमें पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिला पंचायत के कई सदस्यों ने बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। कहा कि विभाग के अधिकारी उनकी नहीं सुनते। इसके लिए कड़ा विरोध जताया। वहीं अपने जिला पंचायत के अधिकारियों पर आवाज दबाने का आरोप लगाया। अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों की उचित मांग को कतई दबने नहीं देंगी। बिजली विभाग के अधिकारियों को पहले की बैठकों में भी अपना रवैया सुधारने की चेतावनी दी गई है। यदि फिर भी नहीं सुधरेंगे तो मुख्यमंत्री से सीधी शिकायत करनी पड़ेगी। पशु बाजार का लाइसेंस शुल्क सालाना 5000 रुपये बढ़ाने की सहमति सदन ने दी। हालांकि कुछ सदस्यों ने इसे अधिक बताया। अपर मुख्य अधिकारी ने जिपं की आय बढ़ाने के उपाय के अन्तर्गत ऐसा करने की बात कही। साथ की जिला पंचायत के अन्य विकास कार्यों में तेजी लाने की सहमति बनी। बैठक में आए मुरादाबाद ग्रामीण के सपा विधायक नासिर कुरैशी, कुंदरकी के विधायक जियाउर रहमान बर्क, बिलारी के विधायक मोहम्मद फहीम ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्व में दिए विकास कार्य के प्रस्ताव को पूरा कराने के लिए कहा। कहा कि जन प्रतिनिधियों के कार्यों में देरी उचित नहीं है। कई सड़कों, बिलारी में स्टेडियम निर्माण आदि के मुद्दे पर भी चर्चा सदन में हुई।

अंत में अपर मुख्य अधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मूल बजट 38.99 करोड़ रुपये का प्रस्तुत किया। जिस पर चर्चा और ना नुकुर के बाद आखिर सदन ने पारित कर दिया। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि इसमें 13.10 करोड़ रुपये पांचवें राज्य वित्त से और 30 करोड़ रुपये 15वां केंद्रीय वित्त से हैं। जबकि अन्य धनराशि का प्रबंध जिला पंचायत अपनी आय से करेगी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य महंत सुंदर गिरि सहित अन्य सदस्य और ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


सर्किट हाउस में जिला पंचायत बोर्ड बैठक में शपथ दिलातीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ .शेफाली सिंह। ● अमृत विचार

### शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली

बोर्ड की बैठक में सदस्यों और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। कहा कि मतदान के प्रति हमें जागरूक रहकर दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा अध्यक्ष ने बुधवार को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर व तैयार रहने के लिए भी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अमीषा पटेल मामले में दो फरवरी को होगी बहस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अभिनेत्री अमीषा पटेल मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में दो फरवरी को बहस होनी है। यह बहस उनकी तरफ से बुधवार को दाखिल हुए प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर होगी। अमीषा पर डांस के लिए 11 लाख और परिवहन व अन्य खर्चे के तीन लाख रुपये लेकर भी कार्यक्रम में न आने का आरोप है।

परिवादी पवन कुमार वर्मा का यह भी आरोप है कि अभिनेत्री ने उनके पैसे भी नहीं लौटाए हैं। इस मामले में परिवादी ने अभिनेत्री के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा कर रखा है। उधर, बुधवार को उनके अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। जिस पर न्यायालय ने बहस के लिए दो फरवरी की तारीख तय कर दी है। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री अमीषा पटेल मंगलवार को देरी से कोर्ट में पहुंची थीं। कोर्ट में प्रथम अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर उन्हें प्रमाणित कराने के बाद वह लौट गईं। करीब 20 मिनट तक रुकी थीं।

# मेधावी, खेलों में दक्षता दिखाने वाली छात्राओं का सम्मान

### पंचायत भवन परिसर में शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार को विभागों ने लगाए स्टॉल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस और किसान दिवस का आयोजन बुधवार को पंचायत भवन सभागार में किया गया। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। 24 से 26 जनवरी तक पंचायत भवन परिसर में शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाखों रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए।

बुधवार को पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजक अल्पना गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने शुरुआत की। इसके बाद सरस्वती वंदना व बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की और मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की 20 बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का लोगोयुक्त बैग वितरित किये।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला सूचना विभाग द्वारा लगाई गयी उत्तर प्रदेश की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा से संबंधित संकलित अभिलेख प्रदर्शनी को भी देखा। पंचायत भवन परिसर में उद्योग विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि विभागों द्वारा अपने विभागों से संबंधित योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों के स्टॉल लगाए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शासन के अथक प्रयासों से बेटियों के हित में चलाई गई योजनाओं के संचालन से बेटियों का मान बढ़ा है।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजना एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा सम्मान योजना के अंतर्गत 5-5 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी को प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया। खेल विभाग के अंतर्गत 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 3 लाभार्थियों को तथा अग्रणी जिला प्रबंधक के 2 लाभार्थियों को 30-30 हजार के चेक दिए गए।

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना व राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 2-2 लाभार्थियों को, जिला प्रोबेशन विभाग के 2 लाभार्थी, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के अंतर्गत 5 लाभार्थी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 3 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरुण कुमार दुबे, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एसपी सिटी, एडीएम सिटी तथा किसान बंधु सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


पंचायत भवन सभागार में मतदान की शपथ लेते अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर ठोका 50 लाख का दावा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- वादी ने वाद दाखिल कर डॉक्टर पर लगाया ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप
- न्यायालय ने अस्पताल प्रबंधन से मांगा है जवाब, पांच फरवरी को होगी मामले में सुनवाई

**अमृत विचार:** अवंतिका कॉलोनी के सुनील कुमार ने कांठ रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल के निदेशक के विरुद्ध न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां वाद दाखिल कराया है। अब इस मामले में न्यायालय ने अस्पताल के निदेशक से जवाब दाखिल करने को पांच फरवरी की तारीख तय की है।

वादी सुनील का आरोप है कि उनका 16 जनवरी को पीली कोठी के पास एक्सीडेंट हो गया था। इसमें उनके बाएं हाथ की हड्डी टूट गई थी। इलाज के लिए उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां प्लास्टर चढ़ाने के बाद 19 जनवरी को उनके हाथ का ऑपरेशन किया गया। फिर इलाज के बाद चिकित्सक ने ऑपरेशन गलत हो जाना बताकर 23 फरवरी को दूसरा ऑपरेशन कर दिया। दाखिल वाद में सुनील की तरफ से कहा गया है कि दूसरे ऑपरेशन के बाद भी उनका हाथ ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। हाथ ऊपर उठाने में परेशानी हो रही है। इस मामले में उन्होंने विपक्षी डॉक्टर से संपर्क किया और परेशानी बताई तो उनकी तरफ से भरोसा दिया गया कि कुछ समय बाद अपने आप सही हो जाएगा। डॉक्टर ने उन्हें फिजियोथेरेपी कराने की भी सलाह दी थी। जिस पर उन्होंने लगातार एक महीने तक अपने हाथ की फिजियोथेरेपी भी कराई लेकिन, कहीं कोई लाभ नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि इस तरह आरोपी डॉक्टर उन्हें लगातार झूठे आश्वासन देते रहे और उनका शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनका हाथ आज भी काम नहीं कर रहा है। वादी ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाकर 50 लाख रुपये हर्जाना मांगा हैं। इस दावे को न्यायालय ने स्वीकार कर अस्पताल प्रबंधन से जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले में वादी पक्ष के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने विपक्षी को जवाब दाखिल करने के लिए पांच फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

# ताले तोड़ नकदी समेत 9 लाख की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- ताला लगाकर ननिहाल गया था परिवार, 1.05 लाख की नकदी और 7.70 लाख के जेवर ले गए चोर
- पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, मुहल्ले के कैमरों की फुटेज से हो रही जांच

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की गश्त की पोल खोल दी है। मंगलवार रात चोरों ने नया आरटीओ ऑफिस के पास पॉवर हाउस मार्ग पर विवेकानंद कॉलोनी के एक घर से 1.05 लाख की नकदी समेत 9 लाख रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है। परिवार अपने ननिहाल गया हुआ था।

मामला अंकित विश्नोई के घर का है। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच की और फिर फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। अंकित विश्नोई ने बताया कि वह सेल्स मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि वह और उनका परिवार घर में ताला लगाकर मंगलवार शाम मामा की बेटी की लगन में शामिल होने को फतेहपुर विश्नोई गांव गया था। बुधवार सुबह मुहल्ले के एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर घर का गेट खुला होने और ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना पाकर वह घर आए और पुलिस को कॉल कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर के मुख्य गेट और फिर अंदर के दूसरे प्रवेश गेट पर ताले लगे थे, जिन्हें चोरों ने तोड़ दिया। इसके बाद घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरे का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन, जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो कुर्सी लगाकर रोशनदान से कमरे में घुस गए। कमरे में रखी दो अलमारी के लॉक तोड़कर उसमें रखे 1.05 लाख रुपये और सोने के 12 तोला व चांदी के 55 तोला जेवरात चोरी कर ले गए। अंकित विश्नोई ने बताया कि मामा की बेटी के विवाह की तैयारी के क्रम में जेवर खरीद कर घर में रखे थे और नकदी भी थी। इनमें सोने के जेवरों की कीमत अंकित ने करीब 7 लाख रुपये और चांदी के जेवरों की कीमत 70,000 रुपये बताई है। इस तरह नकदी समेत करीब नौ लाख रुपये की चोरी होना बताया है। अंकित ने बताया कि घर की लॉबी में भी लोहे की अलमारी रखी हैं। इनके भी ताले तोड़कर चोर उसमें रखे आर्टिफिशियल जेवर भी चोरी कर ले गए हैं। अंकित ने बताया कि उनके घर के मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा लगा है, जो खराब है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। प्रारंभिक जांच में फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके पर साक्ष्य भी एकत्र कराए गए हैं। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगी है।

## दिल्ली की युवती से प्रेमी ने होटल में की मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली से रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में मिलने आई युवती से उसके प्रेमी ने रात में मारपीट की। युवती की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र की बुध बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज कुलदीप राना पुलिस बल के साथ होटल में पहुंचे और दोनों को होटल ले आए। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ शांति भंग चालान कर दिया है।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब 1.15 बजे की है। युवती अपने प्रेमी पर मारपीट का आरोप लगा रही थी। युवती खुशबू पुत्री मोहम्मद रफीक दिल्ली अगवानी चौक वजीराबाद की रहने वाली है, जबकि उसका प्रेमी वसीम मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मिलक मारी मोतीपुर सरकड़ा खास का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि फिलहाल युवती दिल्ली लौट गई है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को पुलिसकर्मियों ने फुल ड्रेस रिहर्सल किया। इस दौरान डमी के तौर पर एसआइ-एपी (दरोगा-आर्म्स फोर्स) रमाशंकर शर्मा से बतौर मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण भी कराया। इससे पहले मुख्य अतिथि और एसएसपी ने तिरंगा लहराया। इसके बाद एसएसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को कर्तव्य-निष्ठा की शपथ दिलाई।

सीओ हाईवे/अपर पुलिस अधीक्षक अमरिंदर सिंह व प्रशिक्षु आइपीएस ऋषभ रुनवाल ने मुख्य टीम का नेतृत्व किया। फिर लैपर्ड पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहनों पर सवार होकर मुख्य अतिथि के सामने प्रदर्शन किया। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने जीप पर सवार होकर और पैदल मार्चपास्ट कर सलामी दी। इसमें बज्र व क्यूआरटी वाहन भी शामिल हुए। फिर मुख्य अतिथि ने एसएसपी और सीओ हाईवे के साथ जिप्सी वाहन पर सवार होकर पुलिस टीमों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस टीमों का नेतृत्व करने वाले जांबाजों से हाथ मिलाकर उनका परिचय जाना। इसके बाद परेड के दौरान जहां जो कमी दिखी, उसके अनुसार एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। पुलिस लाइन में सुबह आठ बजे बैंड बाजे की धुन पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। इसमें एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीना के साथ सीओ स्तर के भी अधिकारी शामिल हुए। डमी मुख्य अतिथि ने पुलिसकर्मियों की परेड की सलामी ली।


पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस पर निकलने वाली परेड की रिहर्सल में शामिल पुलिसकर्मी।

## पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट से उठाए कई वाहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कचहरी परिसर में एक महिला पुलिसकर्मी को बेतरतीब वाहन खड़ा करना महंगा पड़ गया। यातायात पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी के वाहन को क्रेन की मदद से उठाकर सिविल लाइंस थाने भिजवा दिया।

एसएसपी हेमराज मीना की नाराजगी के बाद बुधवार को यातायात पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट के सामने खड़े बेतरतीब वाहनों को उठाने का अभियान चलाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कुछ वाहनों को उठाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसी दौरान क्रेन एक स्कूटी को उठा रही थी, तभी महिला पुलिसकर्मी दौड़ती हुई आई और कहा कि स्कूटी उसकी है। वह पुलिस ऑफिस में सरकारी कार्य से आई थी। लेकिन, यातायात पुलिस ने उसकी एक न सुनी और स्कूटी का चालान काटने के साथ ही उसे क्रेन से उठाकर सिविल लाइंस थाने भेज दिया था।

**बोर्ड परीक्षा** | परीक्षा में मिले अतिरिक्त 15 मिनट का उपयोग समझ कर करें, बीते वर्षों के प्रश्नपत्र करें हल

# उत्तर लिखते समय महत्वपूर्ण भाग को करें रेखांकित

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



**अमृत विचार:** विद्यार्थियों के पास बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए समय कम रह गया है। इसलिए उन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताब के मुख्य सवालों पर फोकस करके परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। जो विषय अभी कमजोर हैं, उन्हें सबसे आखिर में पढ़ें। परीक्षा के दौरान जीव विज्ञान के प्रश्न में जहां भी अवसर मिले, वहां पेंसिल से डायग्राम बनाएं। इसके लिए पेन का इस्तेमाल बिलकुल न करें। रसायन विज्ञान के प्रश्न में रिएक्शन मुख्य तौर पर लिखना न भूलें। भौतिक विज्ञान में डेरिवेशन को ध्यान से लिखें।

जिन बच्चों का पेपर समय से पूरा नहीं हो पाता, उनके लिए विशेष तौर पर परीक्षा से पहले मिले अतिरिक्त 15 मिनट का उपयोग करने की सलाह आकांक्षा विद्यापीठ के विज्ञान विशेषज्ञ अध्यापक सागर कुमार प्रजापति ने दी है। उन्होंने कहा कि इसी समय में बच्चे यह तय कर ले कि वे कौन सा भाग पहले करेंगे। हालांकि प्रश्न की संख्या को ध्यान में रखकर उत्तर में भी वही संख्या लिखने का ख्याल रखें ताकि मूल्यांकन के समय परीक्षक को परेशानी न हो। इससे उनका काफी समय बचेगा। आखिरी 15 मिनट रिवीजन के लिए छोड़ दें। इस दौरान विद्यार्थी अपने उत्तरों के महत्वपूर्ण भाग को रेखांकित कर दें। इससे ज्यादा अंक मिलने की संभावना बढ़ जाती है। बताया कि एनसीईआरटी के सवालों को ध्यान में रखकर तैयारी करें।

### भौतिक विज्ञान में न्यूमेरिकल्स दिलाएंगे अंक

भौतिक विज्ञान में वैचारिक और फॉर्मूला-आधारित प्रश्न अधिकतर पूछे जाते हैं। इसके लिए हर सूत्र अच्छे से याद होना चाहिए। जिससे प्रश्नों को आसानी से हल किया जा सके। न्यूटन की गति के नियम और उसके अनुप्रयोग जैसे टॉपिक परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इससे कुछ प्रश्नों की अपेक्षा की जा सकती है। न्यूमेरिकल्स का अभ्यास करना न भूलें। भौतिकी में लेंस और दर्पण पर आधारित न्यूमेरिकल्स आने की संभावना अधिक बनी रहती हैं। सोलनॉइड के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र की रेखाओं और बार चुंबक, इलेक्ट्रिक सर्किट आरेख, एसी और डीसी जनरेटर, लेंस और दर्पणों के छवि निर्माण, मानव आंख, ग्लास प्रिज्म जैसे चित्रों का अभ्यास करें।

### रसायन विज्ञान की ऐसे करें तैयारी

रसायन विज्ञान के लिए पहले सारी रासायनिक समीकरणों के नोट्स बना लें और इन्हें अच्छे से लिखकर याद करें। सॉल्ट और इसके कम्पाउंड के सामान्य नाम, सूत्र और उपयोग का अच्छे से अध्ययन करें। साथ ही टेबल के 1 और अंतिम दो समूहों में रखे गए सभी तत्वों को अच्छे से कंठस्थ कर लें। रसायन विज्ञान में अच्छा स्कोर कर सकते हैं, इसके लिए पाठ पढ़ने के बाद एक बार उसके महत्वपूर्ण सूत्रों को लिखकर देखें।

## कलश स्थापना से होगा श्रीराम कथा का आरंभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्रीराम महोत्सव की श्रृंखला में ब्रेड फैक्ट्री के पास नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आरंभ 31 जनवरी को कलश स्थापना के साथ होगा। इसके लिए बुधवार को भूमि पूजन भी किया गया।

कथा में प्रवचन करने कथावाचक रमेश भाई ओझा आ रहे हैं। रामकथा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में आयोजन को लेकर लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट, श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लाला ओम प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट सहित 21 संस्थाएं भागीदारी कर रही हैं। बताया गया कि कलश यात्रा में 501 महिलाएं शामिल रहेंगी। 4 फरवरी को श्रीराम जन्मोत्सव और 9 फरवरी को कथा को विश्राम दिया जाएगा। अध्यक्षता विभोर गुप्ता एवं संचालन प्रवीण कुमार अग्रवाल ने किया।

# मंडल पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- मंडल कार्यालय कपूर कंपनी पर हुई एसोसिएशन की बैठक

**अमृत विचार:** आल इंडिया ओबीसी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन की मंडल कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को मंडल कार्यालय कपूर कंपनी पर हुई। इसमें मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्र के महासचिव एसके यादव रहे।

पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष उत्तर क्षेत्र कौशलेंद्र सिंह, सहायक महासचिव उत्तर क्षेत्र वीके सिंह का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। कहा कि संगठन को मिलकर मजबूत करें। ओबीसी संगठन रेलवे के बहुतायत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। कर्मचारी एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटें। मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार से मांग की कि संगठन को स्थाई तंत्र वार्ता में भागीदारी दी जाए। नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल की जाए। ग्रुप सी व डी के कर्मचारियों को आयकर से मुक्त किया जाए। नव नियुक्त मंडल सचिव संजय कुमार ने संगठन की नीतियों को पूरी तरह लागू कराने का भरोसा दिलाया। रेलवे कर्मचारियों को सेना की तर्ज पर कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में रामपाल सिंह, राकेश, धनंजय, अशोक पाल, विक्की चंद्रा, सचिन यादव, सुभाष चंद्र, सचिन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन की नवनियुक्त मंडलीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### खेत में तेंदुए के शावक देख किसानों में दहशत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गन्ने के खेत में तेंदुए के शावक को देखकर किसानों में दहशत फैल गई। किसानों ने वन विभाग को सूचना दी, वनकर्मियों ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली है। तहसील के ग्राम पाडला में प्रदीप त्यागी के खेत में बुधवार को किसानों ने तेंदुए के शावक देखकर शोर मचाया तो किसानों की भीड़ जमा हो गई। सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियों ने आसपास के गन्ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली। किसानों का कहना है कि पहले भी खेतों में तेंदुआ दिखाई दिया था। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क किया है। टीम में वन दरोगा पीयूष जोशी, बीट प्रभारी गणेश राम, मदन सिंह, शिव कुमार मौजूद थे।

### ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का फरीद नगर गांव में कार्यक्रम हुआ। जिसमें अनेक विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के बारे में बताया। कुछ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में 7 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख डॉ. वीर सिंह सैनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, पंकज कुमार, धर्मेंद्र सिंह, रामाशीष प्रजापति, प्रेम प्रकाश, मनोज कुमार, ग्राम प्रधान अतीक अहमद आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने फसल सर्वे का किया निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम ने एग्री स्टे के तहत मान नगर कांठ के जंगल में नायब तहसीलदार और लेखपाल द्वारा किए जा रहे फसल के सर्वे का निरीक्षण किया और फसल के लाभ हानि के बारे में जानकारी ली। राजस्व विभाग द्वारा एग्री स्टे के तहत फसलों का सर्वे कराया जा रहा है कि किस फसल में अच्छी पैदावार है और किस में पैदावार कम है। नगर के लेखपाल मोहम्मद रफी, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार ने जंगल में पहुंचकर फसल का सर्वे किया। इसके बाद एसडीएम सचिन राजपूत मौके पर पहुंचे, वहां जाकर उन्होंने फसल के बारे में जानकारी ली।

### कंबल वितरित किए

**डिलारी, अमृत विचार :** प्राचीन शिव शक्ति ट्रस्ट की ओर से बुधवार को गरीबों को कंबल वितरित किए गए। गांव मासूमपुर में भाजपा नेता अजय कुमार ठाकुर व विशाल चौधरी के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पंकज, हरपाल सिंह सैनी, राजपाल सिंह, हरी सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कलाकारों के साथ मौजूद रामलीला के निर्देशक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल।

# मुरादाबाद की रामलीला को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित पंडित के निर्देशन में मंजरी नाट्य संस्था मुरादाबाद की रामलीला को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ रामलीला के पुरस्कार से अलंकृत किया।

'हमारी संस्कृति- हमारी धरोहर' संस्कृति उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों से होते हुए बीते दिन लखनऊ के भातखण्डे संस्कृति विश्व विद्यालय कला मण्डपम में प्रदेश स्तर पर विभिन्न कला प्रतियोगिताएं हुई। इसमें मंजरी नाट्य मंच मुरादाबाद की रामलीला को सर्वश्रेष्ठ घोषित करते हुए निर्देशक विकसित पंडित को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर सम्मानित किया। सांस्कृतिक दल का नेतृत्व कर रहे रामलीला के निर्देशक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने बताया कि मुरादाबाद की अनन्या अग्रवाल को प्रदेश में तृतीय व लकी वर्मा को वादन में द्वितीय पुरस्कार मिला।

## फाइनल मैच में सोनकपुर स्टेडियम को हराया, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्टेडियम की टीम ने जीता खिताब

# जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जेजेबी क्लब चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उप्र दिवस के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से बुधवार को जिला स्तरीय वॉलीबॉल, जूनियर बालक वर्ग और जिला स्तरीय खो-खो जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं कराई गई। इसका आयोजन सोनकपुर स्टेडियम में हुआ। इसमें वॉलीबॉल में स्टेडियम टीम चैम्पियन बनी तो खो-खो में जेजेबी क्लब ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता की शुरुआत जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। वॉलीबॉल में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच स्टेडियम ट्रेनीज और आरएसडी के बीच खेला गया। इसमें स्टेडियम टीम विजेता रही। मैच के निर्णायक निशा आर्य, रचिता, अमित, शिवांगी त्यागी, प्रियंका रश्मि, ललिता चौहान आदि रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच सोनकपुर स्टेडियम व जेजेबी क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें जेजेबी क्लब विजयी रही। निर्णायक में धीरज कुमार, रजत, विपिन झकमोला, पवन, सचिन विश्नोई, अमन सहयोगी और सीएल वर्मा आदि मौजूद रहे। साथ ही इस अवसर पर खोखो बालिका वर्ग की प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच स्टेडियम और एमबीडी के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम टीम विजयी रही। जबकि फाइनल मैच सोनकपुर स्टेडियम और सेंट मीरा स्कूल के बीच खेला गया। इसमें सेंट मीरा स्कूल विजयी रहा। निर्णायक मंडल में धीरज कुमार, पवन, सचिन विश्नोई, रजत, अमन, विपिन रहे। विजेताओं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को सोनकपुर स्टेडियम में किए जाएंगे।



वॉलीबॉल की विजेता स्टेडियम टीम के साथ कोच निशा, फुटबॉल कोच सचिन विश्नोई व अन्य। ● अमृत विचार

### जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी ने एमपीएस को हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल और जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी लखनऊ के बीच मैच खेला गया। इसमें जिज्ञासा टीम ने कम स्कोर वाले मैच को 2 विकेट से अपने नाम किया। टीम के लिए यश ने सर्वाधिक 26 रन का योगदान दिया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। एमपीएस की पूरी टीम 24 .5 ओवर में 167 रन पर आलआउट हो गई। टीम के लिए अंकुर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। वहीं विशाल ने 28 और सात्विक ने 21 रनों का योगदान दिया। वहीं जिज्ञासा टीम के लिए देव आर्या ने 3, विकास पाल और अश्विनी ने दो–दो विकेट अपने नाम किए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिज्ञासा टीम एक छोटे स्कोर को आसानी से पार नहीं कर पाई। टीम बड़ी मुश्किल से आखिरी गेंद पर 168 रन बनाकर 2 विकेट से जीती।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

## जागरुकता रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश को लेकर एक रैली निकाली गई। जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो दुनिया भर में बालिकाओं के अधिकारों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। यह दिन हमें बालिकाओं के जीवन में सुधार के लिए काम करने और उन्हें एक बेहतर भविष्य देने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य बेटियों को जागरूक करना है। अपने अधिकारों के लिए, अपनी सुरक्षा और बराबरी के लिए, जिससे वो आने वाली सभी चुनौतियों और परेशानियों का हिम्मत के साथ डटकर मुकाबला कर पाएं। बालिका दिवस का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लिंग-आधारित चुनौतियों को समाप्त करता है। बता दें कि दुनिया भर में लड़कियां लिंग से जुड़ी परेशानियों का सामना करती हैं, जिसमें बाल विवाह, उनके प्रति भेदभाव और हिंसा शामिल है।

नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. भारत भूषणने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मकसद लड़कियों के जीवन में आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने और लड़कियों के अधिकारों से रूबरू कराना है। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी प्रकार की असमानताओं को दूर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के महत्व को समझना है। इस अवसर पर आशाओं द्वारा रैली निकालकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। रैली में डॉ. सुनील दोहरे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजीव बेलवाल उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हरीश चंद्र उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमोद कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह। ● अमृत विचार

### जानलेवा हमले का मुख्य अभियुक्त गया जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) में 14-15 सितंबर 2023 की रात में हॉस्टल के बाहर और फिर अंदर मारपीट करने वाले छात्रों में से पुलिस ने बुधवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजा गया आरोपी आदित्य चौधरी पुत्र कर्मवीर सिंह है, जो टीएमयू में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) का छात्र है।

पाकबड़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य चौधरी ही जानलेवा हमले (आइपीसी धारा-307) का मुख्य आरोपी है, जबकि अन्य नामजद छात्र इस तरह के आरोप से घिरे नहीं हैं। हालांकि चार्जशीट में उन संबंधित आरोपी छात्रों के विरुद्ध भी रिपोर्ट शामिल जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त आदित्य को दरोगा कुलदीप सिंह तोमर ने पुलिस बल की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपी छात्र हापुड़ जिले के थाना सिम्भावली क्षेत्र के गांव गंदूनगंला का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त आदित्य चौधरी ने ही मारपीट कर जान से मारने की नीयत से छात्र प्रज्जवल जैन के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया था। इस पूरे मामले की विवेचना दरोगा कुलदीप सिंह ही कर रहे हैं।



प्रधानाचार्य डॉ वंदना सक्सेना को पंचांग भेंट करते जोगेंद्र पाल सिंह साथ में अन्य।

# बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से बुधवार को बालिका विद्यालयों की प्रधानाचार्यों व शिक्षिकाओं को पंचांग भेंट किया गया। साथ ही बालिकाओं के हित संरक्षण का संकल्प लिया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जिला महामंत्री डॉ. मधु बाला त्यागी के नेतृत्व में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य रेणुका जोयल, बलदेव आर्य कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. नीति भारद्वाज, जेआर अग्रवाल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य आरती गोयल, आर्य समाज कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. वंदना सक्सेना सहित दर्जनों शिक्षिकाओं को पंचांग भेंटकर राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं को सशक्त बनाने के महत्व को उजागर करने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महासंघ की जिला महामंत्री डॉ. मधुबाला त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस आशा की किरण के रूप में कार्य करता है, लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालता है और उनके अधिकारों, शिक्षा और समग्र कल्याण की वकालत करता है।

# बच्चे की मौत पर निजी अस्पताल में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक वर्षीय बच्चे की मौत होने के मामले में परिजनों ने निजी क्लीनिक पर जमकर बवाल किया है। यही नहीं, गुस्साए परिजन अस्पताल में खूब तोड़फोड़ भी की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा देकर मामले को शांत कराया है।

परिजन जब शांत हुए तो मृतक बच्चे के चाचा ने क्लीनिक के मालिक के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करने के लिए मूंढापांडे थाना पुलिस को तहरीर दी है। अहमदपुर के अब्दुल हसन ने बताया कि उन्होंने अपने भतीजे मोहम्मद रियाज को दलपतपुर में झंडे वाली मिलक में डॉक्टर के यहां 3 दिन पहले भर्ती कराया था। उसे उल्टी-दस्त की शिकायत थी। इलाज में कोई लाभ नहीं हो रहा था तो वह दूसरे क्लीनिक पर ले जाना चाह रहे थे लेकिन, डॉक्टर के भरोसे पर वह अपने भतीजे को उसी के अस्पताल में इलाज कर रहे थे। बुधवार शाम 5 बजे के समय बच्चे की मौत हो गई। अब्दुल हसन का कहना है कि डॉक्टर ने पैसे के लालच में बच्चे के इलाज में पूरी तरह से लापरवाही बढ़ती और उनके परिजन को गुमराह कर केवल भरोसा देता रहा। इस मामले में मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवारजन को समझाया गया है। मामला शांत हो गया है। मृतक बच्चे के चाचा की तरफ से तहरीर मिल गई है, एफआईआर दर्ज की जा रही है।



पीड़ित पक्ष से बातचीत करते मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार। ● अमृत विचार

### रामलला के दर्शन कर लौटे युवकों का स्वागत

**अगवानपुर, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम सेरुआ धर्मपुर से अयोध्या के लिए स्केटिंग करते हुए पांच युवक रामलला के दर्शन को गए थे। युवकों के वापस लौटने पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

ग्राम सेरुआ धर्मपुर से 14 जनवरी को पांच युवक रामलला के दर्शन को अयोध्या के लिए स्केटिंग करते हुए गए थे। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष टेक चंद कश्यप के पुत्र विकास कश्यप व आकाश कश्यप, संजीव कश्यप, योगेश कश्यप व रितिक प्रजापति शामिल थे। बुधवार को अयोध्या से वापस लौटने पर युवकों का सेरुवा धर्मपुर के सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता अभिनव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह, टेक चंद कश्यप, संजय बिश्नोई, समर पाल सिंह, अजय कश्यप, ग्राम प्रधान बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। साथ ही राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर करुणा आनंद, डॉ. सविता अग्रवाल, डॉ. प्रीति पांडे रही।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस भी मनाया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि आज का दिन हर वर्ष बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों के बारे में लोगों की जागरुकता बढ़ाना है। उप प्राचार्य प्रोफेसर अंजना दास ने गोकुल परिवार को मतदाता दिवस में अपने मतदान के प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रेनू शर्मा और डॉ. शेफाली अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान प्रो. कविता भटनागर, प्रो. अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण साहू, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरण त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं। इस दौरान छात्राओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



गोकुलदास कॉलेज में शपथ लेती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### प्रभु श्रीराम के आगमन पर झूमे भक्त, मनाई खुशियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राजाराम धर्मशाला के पास हरपाल नगर में महिलाओं की ओर से अयोध्या नगरी में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में श्रीराम-सीता किटी का आयोजन किया। इसमें रामभक्तों ने राम गीतों पर नृत्य किया।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं ने राम सिया राम, सिया राम जय-जय राम समेत अन्य भजनों पर नृत्य किया। साथ ही रामलला के आने की खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा की। महिलाओं ने राम-सीता की पूजा अर्चना की। इस दौरान प्रीति गुप्ता, प्रिया, राधा, दीपीका, दिया, रिचा, प्रगति, प्रीति सिंह, रितू, शशि, शिखा, रितू गुप्ता, सुचिता, वर्षा, कंचन, रीमा रस्तोगी आदि मौजूद रही।

**सुरक्षा** | पुलिसकर्मियों ने कहा– व्यापार प्रतिष्ठान पर जरूर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

# सर्द रातों में पैदल गश्त कर सुरक्षा दे रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हाड़कंपाऊ ठंड में शाम होते ही अधिकांश लोग घरों में कैद हो जाते हैं लेकिन, पुलिस की गतिविधि रात के 10 बजे से तेज हो जाती है और सुबह पांच बजे तक वह गांव-गलियारों और मुहल्लों एवं तमाम सड़कों पर पैदल गश्त करते दिखाई दे रहे हैं। गश्त में पुलिस अधिकारी भी निकल रहे हैं।

मंगलवार रात एसपी देहात छजलैट क्षेत्र में गश्त पर थे। इस तरह पुलिसकर्मी ठंड को झेलकर आमजन को सुरक्षा दे रहे हैं। हम भी सुरक्षा को बनाए रखने में उनका सहयोग करें। कानून का अनुपालन करें, चाहे वह यातायात नियम हों या फिर भारतीय दंड संहिता से जुड़े अन्य कानून। अपराध में कमी लाने को हमें भी अपने घर-व्यापारिक प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरे लगवाकर जागरूकता का परिचय देने की जरूरत है। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना मंगलवार आधी रात का छजलैट में गश्त के दौरान ग्रामीणों को कुछ यही समझा रहे थे। उन्होंने पुलिस बल के साथ किसान तिराहा से पेट्रोल पंप तक करीब 500 मीटर तक गश्त की। चूंकि, इसी मार्ग पर कस्बे का मुख्य बाजार है। इस दौरान जो व्यापारी मिले, उनसे एसपी देहात ने कहा कि आप अपने प्रतिष्ठान के सामने की लाइटों को जरूर जलाएं और सीसीटीवी कैमरे हर हाल में लगवा लें। उन्होंने व्यापारियों व अन्य लोगों को सीसीटीवी कैमरों की महत्ता भी समझाई। छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि सर्द हवा के बीच पुलिस की गश्त काफी मुश्किल वाली रहती है लेकिन, फिर भी पुलिस अपने कर्तव्य पथ पर अडिग होकर आमजन को सुरक्षा दे रही है। उन्होंने बताया कि रात में पुलिस की गश्त दो समय की रहती है। पहले तो शाम सात से आठ बजे तक चलती है। इसके बाद फिर रात के 10 से सुबह 5 बजे तक पुलिसकर्मी गश्त पर रहते हैं।



छजलैट में पुलिस कर्मियों के साथ रात मे गश्त करते एसपी देहात संदीप कुमार मीना।

### बालक को उठा ले गए बाइक सवार, हरथला में छोड़कर भागे

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत में मंगलवार को बाइक सवार युवक 10 वर्षीय बालक को उठाकर ले गए। बाद में हरथला में पकड़े जाने के डर से बालक को छोड़कर भाग गए। परिजनों ने अगवानपुर पुलिस चौकी में शिकायत करके आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

अगवानपुर के मोहल्ला ततारपुर निवासी दस वर्षीय हंजला कक्षा 3 का छात्र है। पिता इसरार पीतल की ढलाई का कार्य करते हैं। इसरार के मुताबिक मोहल्ले में मंगलवार को एक मजार पर उर्स का कार्यक्रम चल रहा था। बेटा हंजला भी कब्रिस्तान के मैदान में खेल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उसको जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया। विरोध पर बालक का मुंह दबाकर ले गए। बाद में हरथला की हड्डी मिल के पास जंगल में पहुंच गए। वहां किसानों को आता देख युवक बालक को छोड़कर भाग गए। बाद में फोन पर सूचना मिलने पर पहुंचे बालक के पिता ने पुलिस चौकी में कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह के अनुसार प्रार्थना पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm /1000 with GST
साइज --------10cmX8cm /1500 with GST
साइज --------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295

## एक नजर

### नगर पालिका में मतदाता दिवस पर ली शपथ

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के साथ-साथ मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका स्टाफ ने शपथ ग्रहण की और मतदान के प्रति सहयोग देने का संकल्प लिया। प्रधान लिपिक संजय कुमार सक्सेना के साथ कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में शाहिद हुसैन, अरविन्द प्रताप सिंह, रजनीश प्रताप सिंह, आशू चौहान, दीपक शर्मा, मौ. शमी, जयदेव सिंह, शिमला सक्सेना, करीम फात्मा, ओमप्रकाश, सरताज आलम, विनय, सरफराज, संजय, जीतू आदि मौजूद रहे।

### कटान को ले जा रहे थे 32 पशु, चार को पकड़ा

**छजलैट, अमृत विचार :** पुलिस ने 32 पशुओं को कटान को ले जा रहे चार लोगों को पकड़ा है। थाना पुलिस को चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक मुजफ्फरनगर से कहीं जा रहा है जिसमें कटान के पशु भरे हुए हैं। थाना प्रभारी सतेंद्र शर्मा ने तत्काल टीम को मौके पर भेजा। टीम ने कैंच की पुलिया के पास ट्रक संख्या एचपी 38 जी 3 88 2 को रोक कर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ में ट्रक में सवार व्यक्तियों ने बताया कि ट्रक में 32 पशु जिसमें भैंस और भैंसें भरे हुए थे। जिन्हें कटान के लिए मुजफ्फरनगर से लखनऊ ले जाया जा रहा था। पकड़े गए लोगों में सलीम पुत्र कल्लू निवासी शामली, फिरोज पुत्र गुलशन, जाकिर पुत्र अमीर, कय्यूब पुत्र हामिद मुजफ्फरनगर का रहने वाला बताये गये हैं।

### जागरुकता रैली निकाली

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव के नेतृत्व में जागरुकता रैली निकाली गई। बुधवार को निकली रैली में प्रधानाचार्य ने सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अनिल चौहान, आबिद हुसैन, प्रदीप कुमार, मनोज सागर, आदित्य राघव, वीरेश कुमार, शिवम, समीर, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने जताया विरोध

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 18 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। वहीं शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इन मांगों में पुरानी पेंशन बहाल करने, विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, राजकीय शिक्षकों की भांति सहायक माध्यमिक विद्यालयों में कारक शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना आदि शामिल हैं।

# शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई

## 18 स्कूलों के 2080 बच्चों ने जागरुकता रैली में लिया हिस्सा, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के रामरतन इंटर कॉलेज से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का आरंभ एसडीएम मणी अरोड़ा, तहसीलदार सारा अशरफ, संकुल प्रभारी फरहत अली ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस बीच 18 स्कूलों के 2080 स्कूली बच्चों ने रैली में प्रतिभाग किया।

रविवार को निकली गई रैली में स्कूली बच्चों के हाथ में बैनर, पोस्टर, तख्तियां आदि थी। जिसमें मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली शिक्षकों के नेतृत्व में निकाली गई जो बिलारी के गांधी मूर्ति, नई सड़क, गांधी आश्रम, सराफा बाजार से होती हुई आइडिया ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई। जहां एसडीएम मणी अरोड़ा ने सभी को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के रहने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना होगा। 18 वर्ष की आयु के बाद मतदान किया जा सकता है। आपका एक वोट अच्छी सरकार बन सकता है ।


मतदान के प्रति शपथ दिलातीं उपजिलाधिकारी मणी अरोड़ा। ● अमृत विचार

रैली में डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माइंड्स आई स्कूल, रानी प्रीतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हाथीपुर स्थित एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज, एनडीकेआर इंटर कॉलेज, डी पॉल स्कूल, सिल्वर ऑक अकादमी, राम रतन इंटर कॉलेज आदि के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस बीच व्यवस्था बनाने में शिक्षक नाजिम हुसैन, राजीव कुमार, अब्दुल अहद, नीरज शर्मा, यतीश चंद्रा, सुधीर कुमार, रोहित मिश्रा, रविकांत गहलोत, संतोष कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार आदि ने सहयोग दिया। इसके अलावा पुलिस स्टाफ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक किया

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्रों एवं अध्यापकों को मतदान से संबंधित शपथ ग्रहण कराई गई। इसी श्रृंखला में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के लगभग 100 छात्रों ने मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात विद्यालय में मतदान पर आधारित निबंध, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा 12 की छात्रा नसरीन, द्वितीय स्थान पर ईरम एवं तृतीय स्थान पर जोनस रही।

### रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत ठाकुरद्वारा के समस्त परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। बुधवार को ग्राम पंचायत कालाझांड़ा में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकली गई। इसके बाद मानव श्रृंखला तथा मतदाता शपथ ली गई। विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की पेंटिंग और निबंध लेखन का कार्य किया गया। कार्यक्रम में एआरपी पीयूष कुमार प्रशांत, राजेश हितैषी, कंचन, सोमवती शर्मा, सपना, रूपा, आशीष, लोकेंद्र, राजबाला, राखी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## सार-संक्षेप


मॉडल व कलाकृति दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को सेण्ट पॉल्स इण्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कलाकृति, मॉडल बनाए। स्कूल के प्रधानाचार्य सतेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन 24 जनवरी 1966 को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। जिसे राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर, वरिष्ठ अध्यापिका ममता विश्नोई, विकास यादव, अनवार हुसैन, शुभम कुमार, सौरभ चौहान, संजय सिंह, फरहान हबीब, अनुजा सहगल, चंचल, अनिका इर्तजा, गजाला हबीब, अफीफा इर्तजा, सुनीता, अप्शा, आमिल सैफी, विवेक चौहान, निर्भय, इराम, माही खान एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### युवक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**कुंदरकी, अमृत विचार :** एक युवक को पीटते हुए 5-6 लड़कों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो कुंदरकी का बताया जा रहा है। वही पीड़ित युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां पेश होकर कार्रवाई की मांग की है जिस पर पुलिस जांच कर रही है। नगर निवासी सुहेल का आरोप है कि वह 22 जनवरी की रात्रि को नगर में अपनी मां की दवा लेने के लिए जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते हुए पांच-छह लड़कों ने उसको घेर लिया और गाली गलौच करने लगे। आरोप लगाया कि इसी दौरान फैसल ने उसके सिर में हॉकी मार दी जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसके साथ मौजूद अनीस, जुबेर अल्वी, समीर, जहीर और कैफ ने मिलकर उसे लात घूंसों और बेल्टों से मारना शुरू कर दिया। बाद में लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। बाद में कुछ लोग युवक को लेकर थाने पहुंचे जहां से पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। वहीं युवक ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह का कहना है कि युवक का मेडिकल कराया गया था, लेकिन युवक द्वारा प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया था। इसी के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


मारपीट में घायल हुआ सुहेल।

### बेटी है तो कल है का दिया संदेश

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल कांठ में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेटी है तो कल है का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सनी बिश्नोई ने समाज में बेटियों के महत्व और उनके कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा की बेटी से ही समाज आगे बढ़ रहा है। इसलिए बेटी को कभी बोझ नहीं समझना चाहिए। क्योंकि बेटी है तो कल है। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र विश्नोई ने कहा कि बेटी जब तक शिक्षित नहीं होगी गांव, शहर, प्रदेश, और देश विकसित नहीं हो सकता। दूसरी ओर महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों ने ग्राम गुल्हड़िया एवं मौढ़ी हजरतपुर में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, डॉ. स्तुति सिंह एवं प्रधानाचार्य मदन सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एक वोट बना सकता है अच्छी सरकार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डीएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में रैली निकालकर, मतदाता शपथ एवं मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम एसडीएम कांठ ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मतदाता शपथ दिलाई गई तथा मतदान के महत्व को समझाया। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने छात्रों को अपने माता-पिता तथा पड़ोस में रहने वाले लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी ने इस दिवस को पर्व के रूप में मनाने को कहा।

रैली में डीएसएम इंटर कॉलेज के अलावा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, रहबर ए आम मुस्लिम इंटर कॉलेज, रिजवान गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर के राठौर, प्रदीप कुमार, रामसागर, धन सिंह, वीर सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, पुनीत कुमार, मसूद हुसैन, अब्दुल्ला खान, विजेंद्र सिंह नरेश कुमार, रामस्वरूप, चारु, संजीव कुमार एवं पीटीआई कुलदीप कुमार का सहयोग रहा। वहीं प्राथमिक विद्यालय माननगर में भी मतदाता जागरूक दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का प्रधानाचार्या भुवनेश कुमारी आयोजन किया गया। ब्लॉक छजलैट में भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत, वीडिओ पंचायत पवन कुमार, सचिव सुशील यादव एवं समष्ट स्टाफ मौजूद रहा।



रैली में उपस्थित अधिकारी, छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

# प्राण प्रतिष्ठा की आलोचना व्यर्थ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भागीदारी कर लौटे हिंदू रक्षा सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर उंगली उठाना उचित नहीं है।

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भागीदारी कर लौट रहे हिंदू रक्षा सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज का मुरादाबाद-कांठ हाईवे के किनारे स्थित धन्वंतरी चिकित्सालय पर चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महिमा शंकर पांडे, नितिन कुमार गुर्जर, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भावेश शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, पंकज शर्मा, रवनीश ठाकुर आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि बिना राम की अनुमति के पत्ता भी नहीं हिल सकता है।


स्वागत के दौरान मौजूद महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि। ● अमृत विचार


मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की अपील करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# मानव श्रृंखला बनाकर किया जागरूक

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** बुधवार को नगर स्थित किसान पब्लिक इंटर कॉलेज कुंदरकी में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

इस दौरान छात्रों ने पोस्टर बनाकर व निबंध लिखकर भी मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को शपथ भी दिलाई गयी। कॉलेज के प्रधानाचार्य अमर सिंह ने लोगों से चुनाव में मतदान करने की अपील की। इस दौरान इंतेखाब आलम, रियासत उल्लाह, अम्बर रज़ा, सरफ़राज अली, मशाहिद खान, जगदीश, राजन, अरविंद कुमार, जमशेद अली, हुस्ने आलम, क़मर अली, तनवीर अली, नदीम अहमद, राकेश आदि मौजूद रहे।

## ताड़का वध की कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील स्थित शिव हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथावाचक नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का वध और सीता स्वयंवर का वर्णन किया।

बुधवार को कथा वाचक ने कहा कि भगवान राम गुरुकुल में वशिष्ठ मुनि से शिक्षा दीक्षा ग्रहण करके जब अयोध्या वापस आए। तब विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा करने हेतु राजा दशरथ के पास गए और उन्होंने राम और लक्ष्मण को मांगा। यज्ञ में बाधा डालने पर राम-लक्ष्मण ने ताड़का नामक राक्षसी का वध कर दिया। वहीं स्वयंवर में भगवान राम ने शिव धनुष तोड़कर सीता जी का वरण किया। कार्यक्रम में पं. नंदकिशोर शर्मा, अशोक गहलोत एडवोकेट, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बिलारी में पहली बार महिला एसडीएम की तैनाती

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** तहसील में पहली बार महिला उप जिलाधिकारी की तैनाती हुई है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बिलारी में तैनात एसडीएम राज बहादुर सिंह का कांठ में एसडीएम न्यायिक के पद पर स्थानांतरण किया है। उनके स्थान पर मुरादाबाद में अपर नगर मजिस्ट्रेट रही मणी अरोड़ा को बिलारी में एसडीएम पद का कार्य भार दिया है।

बुधवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक भी की। एसडीएम मणी अरोड़ा पीसीएस है। उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाना है। राजस्व से संबंधित मामलों को गुणवत्ता के आधार पर निपटाने के साथ ही जमीनी विवादों से संबंधित मामलों को निपटने के लिए समझौता नीति के तहत भी कार्य करना है।


नवनियुक्त एसडीएम मणी अरोड़ा।

- कार्यभार ग्रहण के बाद राजस्व अधिकारियों के साथ की बैठक
- नागरिकों के कार्यों को प्रमुखता से निपटाना प्राथमिकता

**सचिन राजपूत बने तहसील कांठ के नए एसडीएम:** स्थानांतरित होकर आए उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत ने कांठ तहसील पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया है।

मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए एसडीएम सचिन राजपूत ने कांठ में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कांठ एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल का स्थानांतरण मुरादाबाद सदर तहसील के लिए हो गया है। नये एसडीएम ने बताया कि चुनाव संबंधी कार्यलंबित मुकदमों का निस्तारण कराना एवं तहसील पहुंचने वाले नागरिकों के कार्यों को प्रमुखता के आधार पर कराना प्राथमिकता होगी।

### एसडीएम से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल बुके देकर किया स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** नवागत महिला एसडीम मणी अरोड़ा से अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मिला। उन्होंने बिलारी तहसील में वादों से संबंधित समस्याएं रखी। शिष्टाचार भेंटवार्ता के बीच अधिवक्ताओं ने बुके देकर एसडीएम बिलारी का स्वागत किया। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम मणी अरोड़ा से मिला। इसके साथ ही नवागत तहसीलदार कमलेश कुमार से भी वार्ता की। इस बीच वार्ता के दौरान फाइलों के निस्तारण को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर अध्यक्ष आफाक हुसैन, सचिव विनय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, भगवान शरण माथुर, जबर सिंह, मोहित सिंह, नवाब हुसैन, एसपी सिंह राघव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**नगर पालिका बोर्ड बैठक** | बोर्ड ने 11 में से 9 प्रस्ताव सर्वसम्मति से परित किए, सहमति न बनने पर दो प्रस्तावों को आगामी बैठक के लिए टाला

# सभासदों के हंगामे के बीच 31 करोड़ रुपये का बजट पारित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने हंगामे के बीच नगर के विकास के लिए 31 करोड़ 1 लाख 70 हजार रुपये का भारी भरकम बजट पारित किया गया है। बोर्ड ने विकास से जुड़े 11 में नौ प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया, जबकि दो प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनने पर आगामी बैठक के लिए टाल दिया गया। बैठक में सभासदों ने जहां पालिका में सम्मान नहीं मिलने पर नाराजगी जताई, वहीं विकास की गति धीमी होने पर गुस्सा भी जाहिर किया।

नगर पालिका सभागार में बुधवार को पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। इसमें अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने विगत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाने के साथ वर्ष 2024 के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस बीच सभासदों ने बैठक की कार्यवाही को रोककर हंगामा किया। उनका कहना है कि नगर पालिका बोर्ड में सभासदों को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। नगर में विकास कार्यों की गति भी धीमी है, जिसकी वजह से वार्डों में नागरिकों का आक्रोश बर्दाश्त करना पड़ रहा है। पालिकाध्यक्ष ने सभी को सम्मान और विकास कार्यों से अवगत कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद बोर्ड की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। इसमें ग्यारह में नौ प्रस्तावों को सभासदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसमें वर्ष 2024-2025 का 31 करोड़, 1 लाख 70 हजार रुपये का बजट पेश किया गया, जिसको सभासदों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके बाद वार्ड-6 में कब्रिस्तान के लिए ग्राम समाज भूमि का आवंटन करने, विकसित भारत संकल्प यात्रा पर व्यय का अनुमोदन, कमालपुरी रोड से स्टेट बैंक तक सड़क के दोनों तरफ सीसी इंटर लाकिंग निर्माण कार्य, कमालपुरी चौराहा पर स्थित आवंटित दुकान संख्या-73 का आवंटन निरस्त करने, तिकोनिया पार्क के निकट जनहित में प्याउ लगाने, नगर पालिका पार्क में ओपन जिम, वार्ड-17 में ग्राम समाज भूमि पर बाजार स्थानांतरित करने, राज्य वित्त आयोग 2023-24 में प्राप्त धनराशि से वेतन वितरण से अवशेष धनराशि से निर्माण कार्य कराने आदि प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जबकि, दो प्रस्ताव अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई और कमालपुरी चौराहा पर अतिक्रमण के चलते दुकान का आवंटन निरस्त करने के प्रस्ताव को आगामी बैठक में रखने पर सहमति बनी।

इसमें सभासद नदीम सिद्दीकी, लिपिक कलीमुद्दीन अंसारी, सभासद नफीस अंसारी, अंकित शर्मा, राकेश कुमार , राकेश दानव, उमेश गुप्ता, सलीम अहमद, समीउल्ला खा, सुहेल खां, राकेश कुमार, कपिल कुमार, मौ0 इरफान, जसमीन जहां, रूमाली बिंदल, शमीमा बेगम, यासमीन नाज, शन्नो बेगम, शकीला, खातून बैगम आदि शामिल रहे।


बैठक की कार्यवाही के दौरान हंगामा करते सभासद। ● अमृत विचार

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पिछड़ों और दलितों के अग्रणी नेता व बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। इस दौरान जयपाल सिंह, अनिल, हसीन, प्रमोद, पंकज, अभय, निर्वेश, सलोनी, सलौनी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### 50 लीटर शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्राम शाहपुर कलां से गांव करनखाल जाने वाले मार्ग पर स्थित खेतों में छापेमारी के दौरान शराब बनाते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी ने नाम दिनेश पुत्र गंगादास निवासी शाहपुर खुर्द बताया। पुलिस ने मौके से 50 लीटर कच्ची शराब एवं उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मौके पर 500 लीटर लहन को भी नष्ट कराया। आरोपी दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि एक आरोपी को अवैध कच्ची शराब व उपकरण के साथ पकड़ा गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस ने युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की। बुधवार को पुलिस ने एक युवक को आत्माराम कुंड के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवक ने नाम राहुल पुत्र सुरेंद्र निवासी मोहल्ला अतरपुरा थाना गजरौला बताया। पुलिस को तलाशी में आरोपी से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की।

### ओपी गोला बने गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर ओपी गोला का तीसरी बार मनोनयन हुआ है। विश्व हिंदू महासंघ के प्रकोष्ठ प्रभारी दिग्विजय सिंह राणा, गो रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पांडे की संस्तुति पर ओपी गोला को विश्व हिंदू महासंघ गो रक्षा प्रकोष्ठ का तीसरी बार जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ओपी गोला के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वह पूरी ईमानदारी में निष्ठा के साथ निभाएंगे।



# घने कोहरे में डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस चालक की मौत, बदायूं के छह लोग घायल

## देर रात हाईवे पर हुआ हादसा, सभी दिल्ली से दवा लेकर लौट रहे थे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के तहत नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात घने कोहरे में बेकाबू हुई एंबुलेंस डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कानपुर निवासी एंबुलेंस चालक की मौत हो गई। जबकि बदायूं निवासी छह लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। हादसे में घायल सभी लोग दिल्ली से दवा लेकर बदायूं जा रहे थे। पुलिस ने चालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

जनपद बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी राजकुमार काफी समय से बीमार हैं। परिवार के लोग उनका इलाज दिल्ली के अस्पताल में करा रहे हैं। बताया गया कि सोमवार को राजकुमार को लेकर उनका बेटा मोहित, पत्नी सुमन, परिवार के ही चेतन सिंह, उनकी पत्नी गीता व सतेंद्र सिंह दिल्ली गए थे। गीता को भी वहां से दवा लेनी थी। वहां से सभी लोग दवा लेकर घर लौट रहे थे। जिसके लिए परिवार के लोगों ने एंबुलेंस किराए पर ले ली थी।

मंगलवार को हाईवे पर काफी कोहरा था और रात में कोहरा और बढ़ गया। जिससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार भी कम हो गई थी। दीपक कुमार मूल निवासी गांव वनपारा महाराज थाना रूरा जिला कानपुर हाल निवासी दिल्ली एंबुलेंस चला रहा था।

मंगलवार रात एंबुलेंस डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव अमहेड़ा के पास नहर की पुलिया पर पहुंची तो कोहरे के चलते डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में चालक दीपक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसमें सवार अन्य सभी लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी होने पर मृतक व घायलों के परिजन भी बुधवार सुबह अस्पताल पहुंच गए।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि हादसे में चालक की मौत हुई है। जबकि छह लोग घायल हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दुखद**

- अमहेड़ा के पास नहर की पुलिया के निकट टकराई कार
- पुलिस ने एंबुलेंस चालक के शव का परिजनों को सौंपा

### कार की टक्कर से बाइक सवार इलेक्ट्रिशियन की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के एक इलेक्ट्रिशियन की अंबाला में सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन रवाना हो गए हैं। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोंसाई निवासी रजनीश शर्मा अंबाला की निजी कंपनी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के मुताबिक मंगलवार शाम वह अंबाला में अपने साथी के साथ कमरे से बाइक पर खाना खाने होटल जा रहा था। इसी बीच रास्ते में पीछे से आई तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रजनीश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। रजनीश की मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। रात में ही परिजन अंबाला की ओर रवाना हो गए।



### किसान की बेटी को प्रथम प्रयास में मिली 39वीं रैंक

**हसनपुर/बुरावली, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव निवासी किसान की पुत्री ने प्रथम प्रयास में ही पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उसे 9वीं रैंक मिली है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौली का मंजरा नयागांव निवासी वीरपाल की पुत्री निधि ने प्रथम प्रयास में ही पीसीएस 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण में 39वीं रैंक हालिस की है। वीरपाल ने बताया कि उसकी पुत्री निधि ने प्राथमिक शिक्षा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की, रहरा स्थित शिक्षा भारती स्कूल से 2016 में हाई स्कूल एवं 2018 में बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज से इंटर पास किया। मुरादाबाद के हिंदू डिग्री कॉलेज में 2021 में बीएससी की शिक्षा प्राप्त की थी। उसके बाद निधि कोचिंग करने के लिए दिल्ली चली गई। प्रथम प्रयास में ही निधि ने पीसीएस की परीक्षा पास कर 39 वीं रैंक हासिल की हैं। निधि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया।



निधि।



पंचायत में शामिल किसानों को संबोधित करते स्वामी हरमनोज दास। ● अमृत विचार

### छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर की पंचायत में किसान नेताओं ने गोशालाओं की व्यवस्था पर सवाल उठाते और सरकार से व्यवस्थाएं ठीक कराने की मांग की। पंचायत के बाद किसानों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन शंकर की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत हुई। मासिक पंचायत में प्रदेश संरक्षक एवं महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोज दास ने कहा कि राज्य सरकार ने गन्ने के दाम में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है उससे किसान संतुष्ट नहीं है, सरकार को गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल करना चाहिए। किसान छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग कर रहा है लेकिन अधिकारी महज आश्वासन दे रहे हैं। किसान नेताओं ने अवैध खनन पर भी रोक लगाने की मांग की। पंचायत के बाद सभी किसान एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पांच सूत्रीय ज्ञापन सौपा गया। पंचायत की अध्यक्षता अतर सिंह ने की तथा संचालन उदयवीर सिंह ने किया। पंचायत में धीरज सिंह, देवेंद्र सैनी, सीताराम, अमित, अमीर चंद, नेतराम, चिरंजी, अमरपाल, राधेश्याम, गोपाल, शेर सिंह राणा, दीपक गुर्जर शामिल रहे।

### धनौरा महोत्सव का उद्घाटन 28 को

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान में 28 जनवरी को धनौरा महोत्सव का उद्घाटन होगा। धनौरा महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी, सीडीओ, पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारियों को धनौरा महोत्सव का निमंत्रण तथा राम उत्सव सम्मान दिया।

गौरतलब है कि संस्कृति सद्भावना खेल व साहित्यिक गतिविधियों के लिए दो सप्ताह तक चलने वाला धनौरा महोत्सव 28 जनवरी से प्रारंभ होगा। महोत्सव समिति के महासचिव डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने बताया कि उद्घाटन पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा नगर व क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान होगा एवं रंगारंग कार्यक्रम के पश्चात शहर के मुख्य मार्ग से भारत माता तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस बाबत जनपद भर में धनौरा महोत्सव के लिए जनसंपर्क व तैयारी चल रही हैं। जिसके लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों को बुधवार को महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, महासचिव डॉ. यतीन्द्र कटारिया, कोषाध्यक्ष प्रशांक त्यागी ने निमंत्रण पत्र व अभिनंदन पत्र दिए गए। वहीं धनौरा के उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को भी निमंत्रण पत्र व सम्मान पत्र तथा राम उत्सव सम्मान दिया गया।



जिलाधिकारी को निमंत्रण देते समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रज्जाक पुलिस चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**अमरोहा, अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा के दिन ड्यूटी में लापरवाही पर रज्जाक पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप बालियान को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है।

अयोध्या के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह था। जिसको लेकर जिला स्तर पर भी पुलिस-प्रशासन सतर्क था। शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने रज्जाक पुलिस चौकी प्रभारी संदीप बालियान को भी क्षेत्र में गश्त करते हुए सतर्क रहने का निर्देश दिया था। लेकिन ड्यूटी में लापरवाही बरती गई। जिसके बाद मंगलवार रात शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने रज्जाक चौकी इंचार्ज संदीप बालियान को लाइन हाजिर कर दिया।

### बेहतर बस संचालन के लिए चालक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** चालक दिवस पर परिवहन निगम ने बेहतर बस संचालन व डीजल औसत देने वाले संविदा चालकों को माला पहनाकर सम्म्मानित किया। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

बुधवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में चालक दिवस मनाया गया। जिसके तहत अमरोहा डिपो में कार्यक्रम हुआ। जिसमें क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने रोडवेज के संविदा चालकों को बेहतर बस संचालन और अच्छा डीजल का औसत देने पर चालकों की प्रशंसा की और माला पहनकर उन्हें सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में अनवर हुसैन, टेकचंद, इरफान खान, खुर्शीद आलम, नरदेव सिंह, मोहम्मद इरफान समेत अन्य चालकों का माल्यार्पण व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ लेखाकार नवीन कुमार, स्टेशन प्रभारी पदम सिंह, लकी चौहान, सूर्यनाथ, करतार सिंह, राहुल यादव, दुष्यंत कुमार, नजीर हुसैन ललिता, ममता व मेघा शर्मा शामिल रहे।





बस चालक को सम्मानित करते एआरएम। ● अमृत विचार

- बस संचालन और अच्छे डीजल औसत पर सम्मान
- चालकों को दिया प्रमाणपत्र और पहनाई माला

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें : सचिन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गजरौला में एक पैलेस में कांग्रेस का जिला संवाद व कार्यशाला कार्यक्रम हुआ। जिला संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासचिव सचिन चौधरी रहे।

कार्यक्रम में महासचिव सचिन चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलकर लोकसभा चुनाव में पूरी तरह जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्य में सनातन धर्म में पूजा जाने वाला गोवंश सबसे ज्यादा दुखी है। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मतभेद भुलाकर चुनाव की तैयारी में लग जाएं। भगवान श्रीराम हमारे कण-कण में है। हम भगवान श्रीराम को आदर्श मानते हैं। भाजपा ने भगवान राम को बांटने का काम किया है जो भी राजनीतिक दल भाजपा को हराना चाहते हैं। सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। वह इंडिया गठबंधन में आएं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला कर और उनको पूजा दर्शन से रोककर भाजपाइयों ने अधर्म किया है। इस अधर्म की सजा इनको भुगतनी पड़ेगी। भाजपा की गलत नीतियों से देश में महंगाई बढ़ी है। बेरोजगारी बढ़ी है। जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकारों की नीतियां जन विरोधी हैं और किसान विरोधी हैं। प्रदेश सचिव जिला प्रभारी अनीस विशाल अंसारी ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ कर उसे हराने का काम करेंगे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, सुखराज सिंह, तारिक खां, शकील अहमद वाहिद अली सैफी, नोशव खां, सचिन चौहान, अब्दुल सत्तार सैफी, नरेंद्र चौधरी, हरिओम पुष्कर, जयपाल जाटव, शाहिद खेड़ी, मनोज कटारिया, छूनन्न भारती, अफसर अली खां, अरुण राजकुमार, मानव त्यागी, ज़ाकिर अली शामिल रहे।





बैठक में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बच्चों के विवाद में बड़ों में मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले में खेलते समय बच्चों में विवाद और मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान तीन घायल हो गए। सभी घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को सीएचसी भेज दिया।

नगर के संभल बस स्टैंड के निकट मोहल्ले के बच्चे खेल रहे थे खेलते समय रिहान पुत्र नदीम एवं रिहान पुत्र तवारक अली के बीच विवाद हो गया और देखते-देखते दोनों में मारपीट होने लगी। बच्चों की मारपीट देखकर बड़ों में भी कहासुनी हो गई। जिसमें रिहान पुत्र नदीम, रिहान पुत्र तवारक अली एवं अनम पुत्री तवारक घायल हो गए। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर मिली है। इसकी जांच कर कार्रवाई होगी। वहीं, दूसरी ओर गांव भीमा ठीकरी में उपले पाथने गई दो युवतियों से गांव निवासी युवक ने गाली गलौच की। दोनों युवतियों ने घर आकर परिजनों को बताया तो शिकायत करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें गांव निवासी जयशंकर पुत्र रामपाल घायल हो गया। मारपीट का वीडियो बनकर किसी ग्रामीण ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से छोटेलाल के परिजन भी कोतवाली पहुंचे पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से तहरी लेकर घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है। हल्का इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया की दोनों ओर से तहरीर मिली है, घायलों का मेडिकल कराया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### प्रदेश सचिव बने फारूक अंसारी

**नौगांवा सादाता, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर नौगांवा सादात की नई बस्ती के रहने वाले फारूक अंसारी को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। वह पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व फारूक अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ निभाऊंगा।



Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
~~₹200/-~~ ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
हेल्पलाइन नं० 6398018900





उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

**आयोजन** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं

# दौड़ में प्रतिभा और आरव, लंबी कूद में वर्णित प्रथम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अमरोहा रोड स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर 12 एवं 14 वर्षीय बालक और बालिकाओं की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने दीप प्रज्ज्वलित कर और 100 मीटर दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर किया।

कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी, स्कूल प्रबंधक रोहित सांगवान व प्रधानाचार्या शीतांशी चौधरी ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को बैज लगाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 12 वर्षीय 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रतिभा सिंह ने प्रथम, अवनी ने द्वितीय व विधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आरव ने प्रथम, धैर्य ने द्वितीय व रुद्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रतिभा सिंह ने प्रथम, अवनी ने द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में धैर्य गिल ने प्रथम, आरव ने द्वितीय व मोहसिन अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अंशु पाल ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय व अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्षीय 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में साहिल खान ने प्रथम, जयंत चौधरी ने द्वितीय व अनिक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में जयंत चौधरी ने प्रथम, अनिक शर्मा ने द्वितीय व साहिल खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालक वर्ग में रुद्रा प्रथम, अंश द्वितीय तथा धैर्य गिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद बालक वर्ग में वर्णित ने प्रथम, अनिक शर्मा ने द्वितीय व अरजान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद बालिका वर्ग में अंशु पाल ने प्रथम, प्रतिभा सिंह ने द्वितीय व अवनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में रुद्रा प्रथम, आरव धारीवाल द्वितीय व भव्य तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में धनौरा ब्लॉक के संविलियन विद्यालय रमपुरा सुल्तानपुर की टीम विजेता व एस एस निकेतन जीरखी की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में सिख इण्टर कॉलेज नारंगपुर की टीम विजेता व सर्वोदय सरस्वती निकेतन, जिरखी की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को विधायक राजीव ताराराा, जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी व स्कूल प्रबंधक रोहित सांगवान ने मेडल पहनकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर डॉ. संजीव चौहान, मनीष कुमार त्यागी, देवेन्द्र सिंह, रनदीप सिंह, मुनेन्द्र सिंह, चन्द्रमणि शर्मा, हरवेन्द्र सिंह उर्फ विक्की भाई, अनिल चौधरी, राघवेन्द्र सिंह राजकुमार सिंह, सुनील भाटी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।





विजेता बच्चों को सम्मानित करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

# लोकतंत्र की मजबूती को मतदान अवश्य करें

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम, मतदाताओं को दिलाई शपथ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र सबसे अच्छी व्यवस्था है। प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करके अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलता है। उन्होंने पालिका स्टाफ को चुनाव के दिन निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई।

मंगलवार को पालिका कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने पालिका स्टाफ को शपथ दिलाई। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नगरवासी देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। मतदान करने से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। चुनाव के समय हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर जेई संगीता कश्यप, करन सिंह, दिनेश कुमार, कौशल कुमार, मनी कुमार, विनय कुमार शर्मा, नितेश कुमार, अजय पाल, शारिक शामिल रहे।

**वहीं गजरौला** में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शिव इंटर कालेज के छात्रा-छात्राओं ने नगर में एक मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली को मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी राजीव राज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम राजीव राज ने कालेज के समस्त स्टाफ व युवा मतदाता को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव या फिर अन्य चुनावों सभी में मतदाता बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर कालेज प्रबंधक सुभाष भूषण शर्मा, प्रधनाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज, पूर्व सभासद डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, गगन अग्रवाल, शरद शर्मा, हरिओम शर्मा, जसपाल, नरेंद्र, जीतपाल, नवनीत व पुष्पेंद्र शामिल रहे।



हसनपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेते पालिकाकर्मी।


हसनपुर में शपथ लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



गजरौला में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोतवाली में ली शपथ

**हसनपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है लेकिन अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को सभी जगह शपथ ग्रहण कराई। बुधवार को कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में शपथ ली। प्रभारी निरीक्षक में शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतंत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज विकास कुमार, दरोगा मोइन खान, राजकुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### दीप शिखा को दूसरे प्रयास में मिलीं 40वीं रैंक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2023 के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। जिसमें शहर धनौरा के मोहल्ला सुभाषनगर आंबेडकर पार्क निवासी मुनेश कुमार की बेटी दीपशिखा उर्फ काजल को 40वीं रैंक मिली है। दीपशिखा ने राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। बीएससी की परीक्षा गजरौला के रमाबाई डिग्री कॉलेज से तथा एमएससी की परीक्षा अमरोहा के जेएस डिग्री कॉलेज से हासिल की है। बताया कि परीक्षा उन्होंने दूसरे प्रयास में पास की है।



### गणतंत्र दिवस में शामिल होंगे राज्यमंत्री संजय सिंह

**अमरोहा, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार शामिल होंगे। बुधवार को चीनी उद्योग के राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार का कार्यक्रम जिला प्रशासन को मिल गया। बताया कि 26 जनवरी को राज्य मंत्री गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे और खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देंगे। राज्य मंत्री के आगमन की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है।

### जयंती पर कर्पूरी ठाकुर को बताया जननायक

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार को पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल के आवास पर ह्यूमन राइट्स के संयोजन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एलसी गहलौत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सुरेंद्र सिंह ने कर्पूरी ठाकुर को पिछड़ों, दलितों मजदूरों संग किसानों का मसीहा बताया। आल इंडिया सैन महासंघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव मनमोहन सिंह सैन ने भी विचार रखे। इस दौरान सुनील गुप्ता, उमेश सैन, गौरव कुमार, होशियार सिंह, नवीन गर्ग, चौधरी कुलवंत सिंह, दिनेश कुमार, सुनील कुमार सैन, शौकीन, धर्मेंद्र चौधरी, देवेंद्र कुमार सैन, रमेश कुमार सेन रहे। वहीं मोहल्ला अतरपुरा में रामपाल व्यास के निवास पर जयंती मनाई। यहां पूर्व विधायक हरपाल सिंह, सभासद अरविंद कुमार यादव, आंचल रघुवंशी रहे।

## सार-संक्षेप


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते ब्लाक प्रमुख व अन्य। ● अमृत विचार

### योजनाओं के लाभार्थियों को दिए प्रमाणपत्र

**रहरा, अमृत विचार :** विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत गंगवार में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए। इस मौके पर साथ में ग्राम प्रधान मोमिन अहमद, सप्लाई इंस्पेक्टर वेद प्रकाश अग्रवाल, डालचंद, समाज कल्याण अधिकारी प्रमोद कुमार, बूथ अध्यक्ष अनिल कुमार, लेखपाल रूकसार, मास्टर सुलेमान, इशरत, मुसीर शामिल रहे।


पोस्टर दिखाकर मतदात के प्रति जागरूक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में स्वीप योजना कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के 15वें दिन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 70 वर्ष से अधिक के मतदाताओं को चिन्हित कर जागरूक किया व मतदाताओं को तख्ती लगवाकर जागरूक किया। बीएड विभाग के अजय पाल सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना ने समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीएड विभाग से कुमुद त्यागी, डॉ. शालिनी सिंह, मिस भावना सक्सेना शामिल रहे।

### धूप ने दिलाई ठंड से राहत

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार का दिन तेज ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरा रहा। दोपहर में धूप खिली तो रौनक नजर आई। लोगों ने घर की छतों और पार्कों में धूप का आनंद लिया। बुधवार को जिले में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। रोजाना शाम ढलते ही घना कोहरा आसमान में छा रहा है। दिनभर धूप के नहीं निकलने से परेशानी और बढ़ रही है। मंगलवार को भी दिनभर लोग ठंड से जूझते दिखे। वहीं, बुधवार तड़के में भी आसमान में घना कोहरा छाया रहा। तेज ठंड के बीच जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। हालांकि, दोपहर करीब 12 बजे खिली धूप ने ठंड से कुछ राहत दिलाई। शाम चार बजे तक आसमान साफ रहा और धूप खिली रही।

### 400 रुपये प्रति क्विंटल हो गन्ना खरीद मूल्य

**अमरोहा, अमृत विहार :** मंडी समिति में बुधवार को भाकियू शंकर की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों ने सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य को नाकाफी बताया। गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की जरूरत बताई। पशुओं के आतंक से निजात दिलाने, क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खनन करने वाले माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई। बिजली कनेक्शन के बकाया बिल जमा करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा आरसी जारी करने पर रोष जताया।

# न्यूनतम तापमान सात डिग्री घने कोहरे से थमा यातायात

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बुधवार को मौसम के तेवर बेहद तल्ख रहे। घने कोहरे से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। दोपहर को कोहरा छंटा तो सूर्यदेव ने दर्शन दिए। जिससे बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से राहत मिली। दृश्यता कम होने से हाईवे पर यातायात सुचारु हुआ।

बुधवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को गलन बढ़ती देख लोग घरों में जा दुबके। सुबह के समय कोहरे से आसपास की चीजों को भी देख पाना मुश्किल था। हेडलाइट जलाने के बावजूद नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे पर वाहन रेंग-रेंगकर आगे बढ़ रहे थे। घरों से बाहर निकले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रखे। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम सैर करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो गए।


ठंड में गर्म कपड़ों से खुद को बचाकर जाते बाइक सवार। ● अमृत विचार

# जयंती पर कर्पूरी ठाकुर को याद किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कांठ विधायक कमाल अख्तर ने सपा के हसनपुर शिविर कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके मार्ग पर चलने की बात कही है।

कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर 1952 से विधानसभा सदस्य बनने के बाद अंतिम समय तक सदन के सदस्य व दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने गरीब वंचित एवं सभी समाज के कमजोर वर्गों के लिए लड़ाई लड़ने का काम किया। कर्पूरी ठाकुर चाहते थे कि गरीब वंचित वर्गों के कमजोर लोग एक साथ रहें। जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत घोषित भारत रत्न सामाजिक न्याय के आंदोलन की जीत है। यह सम्मान इस देश के गरीबों, आदिवासियों, दलितों व महिलाओं को सम्मान दिलाने, गैर बराबरी खत्म कर समता मूलक समाज बनाने, जाति-पाति, छुआछूत, ऊंच-नीच खत्म करने हेतु किये गए। इस मौके पर जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी, आरिफ अख्तर, नदीम चौधरी, गुड्डू प्रधान, फैसल अल्वी, वसीम मलिक, आमिर मंसूरी, विक्की अब्बास, शुएब चौधरी, नौशाद, हम्माद खान, आसरान खान, रिंकु पंडित, नईम, साजिद प्रधान गलसुआ, आजमान, जमाल बंजारा, मिट्ठू पहलवान, जरीफ सलमानी, चमन अब्बासी व बब्बू सैफी रहे।


कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक कमाल अख्तर व अन्य। ● अमृत विचार

# कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र समेत तीन पर दुष्कर्म की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** खेत पर काम करते समय महिला से दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी पिता-पुत्र समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव में छह दिसंबर 2023 की सुबह यहां रहने वाले एक किसान की पत्नी खेत पर काम कर रही थी। आरोप है कि निर्माणाधीन मध्य गंगनहर के पास घात लगाकर बैठे गांव निवासी समरपाल, ऋषिपाल और उसके बेटे समय सिंह ने महिला को बुरी नीयत से पकड़ लिया। महिला की गर्दन पर दंराती रखकर जबरन नहर में ले गए और तीनों ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपियों पर 400 रुपये और सोने के कुंडल छीनने का आरोप भी लगाया है। महिला के शोर मचाने पर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे तो मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। बताया गया कि साल 2014 में भी आरोपियों पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, जो कोर्ट में विचाराधीन है। छह दिसंबर की घटना की शिकायत पीड़िता ने पुलिस से की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली थी। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी ऋषिपाल, समरपाल व समय सिंह के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, लूट, मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# जैविक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने पर दें जोर:जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश दिवस स्थापना पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम 26 जनवरी तक होंगे। इस दौरान कई विभागों ने अपनी जानकारी देने को स्टाल लगाए। जिसमें श्री अन्न (मोटा अनाज) रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम प्रमुख रहा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हम सब अपने प्रयास से 2027 से पहले उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी की एक ट्रिलियन बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद आम के लिए भी प्रसिद्ध है, जैविक सब्जियों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए हमें अधिक से अधिक जैविक सब्जियां उत्पाद करनी चाहिए। जिसे हम निर्यात अच्छे से कर सकें। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस है। इस पर हम सब संकल्प लें कि हम अपने मत का प्रयोग निर्भीक और निष्पक्ष होकर करें। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि 26 जनवरी तक होने वाले इस अवसर पर श्री अन्न को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। विधायक राजीव तरारा ने उत्तर प्रदेश दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। ओम प्रकाश गोला ने उत्तर प्रदेश दिवस पर स्टॉल और प्रदर्शनी में भागीदारी करने वाले सहित अन्य विभागों को साधुवाद दिया। शशि त्यागी ने कविताओं से जनजागरुकता और प्रदेश की बारे में बताया। बच्चों ने भजन, देशभक्ति गीत और हनुमान चालीसा का प्रस्तुति भी दी।


ईवीएम गोदाम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### ईवीएम के गोदाम का निरीक्षण किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए ईवीएम के गोदाम का निरीक्षण किया और इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही न होने के निर्देश दिए। बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम के गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गोदाम में कोई भी अंदर नहीं जा सके, इसको लेकर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फोन रिचार्ज कराने जा रही युवती से छेड़छाड़ व मारपीट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**घटना**

▸▸ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो सगे भाइयों पर दर्ज की रिपोर्ट

▸▸ गांव में रास्ते पर आरोपियों ने की थी छेड़खानी

**अमृत विचार :** छोटे भाई के साथ फोन रिचार्ज कराने के लिए जा रही युवती से छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाली विवाहिता का आरोप है कि गांव कालाखेड़ा निवासी मोहम्मद सैफ व याकूब उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। 25 दिसंबर 2023 की सुबह विवाहिता का बेटा और बेटी मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए गांव में ही एक दुकान पर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में खड़े दोनों आरोपी उन्हें देखकर गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने बेटे की बाइक में तोड़फोड़ करते हुए बेटी के साथ बीच बाजार छेड़छाड़ की। शोर सुनकर लोगों को जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। आरोप है कि उस वक्त शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली थी।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी सैफ व याकूब के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**आयोजन** — हजरत अली के जन्मदिवस पर जश्ने मौलूदे काबा शीर्षक से हुआ मुशायरा

# उल्फते मौला अली को दिल में बसाकर देख ले...

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हजरत अली के जन्मदिवस पर जश्ने मौलूदे काबा शीर्षक से मुशायरा हुआ। जिसमें शायरों ने कलाम से हजरत अली की शान और उनका मरतबा बयान किया।

शहर के मोहल्ला चाह मुल्ला आमान स्थित हैदर मंजिल में मुशायरे की शुरुआत हाफिज शमीम अमरोहवी ने तिलावते कलाम-ए-पाक और मिर्जा मोहम्मद अनस ने नाते नबी से की। मनकबती शायरी के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए नौशा अमरोहवी ने पढ़ा कि हुब्बे हैदर की सनद उनको अता होती है, जिन के सीनों में बसी करब-ओ-बला होती है। डॉ. लाडले रहबर ने पढ़ा कि उल्फते मौला अली को दिल में बसाकर देख ले, आईने की तरह तू भी आईना हो जाएगा। सैय्यद शीबान कादरी ने पढ़ा कि अहले विला का कौल भी क्या खूब कौल है, वो जन्नती है जिस को मोहब्बत अली से है। शहाब अनवर ने पढ़ा कि फैजान-ए-कुबरिया ये फजीलत अली की है, घर में खुदा के आज विलादत अली की है। ताजदार मुज्तबा ने पढ़ा कि बोला खुदा रसूल से मैराजे अर्श पर, लिख दी है हमने आप की बेटी अली के नाम। अशरफ फराज ने पढ़ा कि अजायबात बराबर दिखा रहे हैं अली, खुदा के हुक्म से मुर्दे जिला रहे हैं अली। इनके अलावा वाहिद अमरोहवी, डॉ. नासिर अमरोहवी, जैद बिन अली, शानदार अमरोहवी, नाजिम हुसैन, कायम अमरोहवी, मेहरबान अमरोहवी, सरफराज अमरोहवी, हुमायूं हैदर, शहजाद रजा शाह समेत अन्य शायरों ने भी कलाम पेश किए। इस दौरान महताब जैदी, शुजाउल हसन, मुअजिज जैदी, अदनान नकवी, वसीम हैदर, इकराम जैदी, तंजीम हैदर, मुराद अली खान शामिल रहे। मुशायरे की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. अफसर परवेज व संचालन सैय्यद शीबान कादरी ने किया। शुरुआत में डॉ. अहसन अख्तर सरोश ने हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने की सीख दी। आखिर में संयोजक मास्टर शाने हैदर नकवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।


मुशायरे में कलाम पेश करते शायर व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## चुनाव जीतने को बूथ पर ध्यान दें कार्यकर्ता: हुकुम

**बुरावली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बूथ मजबूत करने के लिए कवायत तेज कर दी है। बुधवार को कस्बे के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में बूथ समिति सत्यापन कार्यक्रम के तहत बैठक हुई।

बैठक में रुखालू मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी अहम है। सभी को बूथ स्तर पर कार्य करना होगा। बैठक में बूथ समितियों में नए सदस्यों को जोड़ने एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की। इस मौके पर सेक्टर संयोजक फरौटा सरोज गुर्जर, मंडल महामंत्री रूप किशोर प्रजापति, पूर्व रुखालू मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद, सेक्टर संयोजक जेबड़ा शशि भड़ाना, मंडल उपाध्यक्ष मोनू अग्रवाल, टिंकूत्यागी, अनिल सैनी, भीष्म खड़गवंशी, सुशील भगत शामिल रहे।

# गोल्डन हॉक क्लब ने 18 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बुधवार को मिनी स्टेडियम में मास्टर भूरे खान एंड आरिफ फारुक मेमोरियल फोर्थ सद्भावना कप क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा मैच गोल्डन हॉक क्रिकेट क्लब दिल्ली और महाराणा स्पोर्ट क्रिकेट क्लब देहरादून के बीच खेला गया।

महाराणा क्लब देहरादून ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला किया। गोल्डन हॉक क्लब ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 185 रन बनाए, जिसमे अंकित कुमार ने 71 और कुलदीप रावत ने 30 रनों का योगदान दिया। देहरादून क्रिकेट क्लब के अभय ने दो और विनय ने एक विकेट लिया। बाद में महाराणा स्पोर्ट क्रिकेट क्लब देहरादून निर्धारित 30 ओवर में 167 रनों पर ऑल आउट हो गई। यह मैच गोल्डन हॉक क्लब ने 18 रनों से जीत लिया। देहरादून क्लब की तरफ से सचिन ने 34 और रविंद्र ने 22 रनों का योगदान दिया। जबकि गोल्डन हॉक क्लब कि तरफ से ध्रुव ने चार और भव्य ने तीन विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए ध्रुव को दबुआ के प्रधान और मुजाहिद ने मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग सतेंद्र सिंह, मोहसिन सैफी शमशाद अल्वी ने की। स्कॉरिंग सेंटी गुप्ता और लवी ने की। कमेंट्री रजन अली और राशिद अब्बासी ने की। गुरुवार का मैच मेरठ क्लब और ऐमिल क्रिकेट क्लब दिल्ली के बीच होगा। इस मौके पर रिजवान पाशा, हाजी नासिर फारूक, इमरान पाशा, परवेज पाशा, नजम अली, रोहित चंदेल, शहजाद परवेज, मोहम्मद नदीम, रजन अली, सेंटी गुप्ता, राहुल गुप्ता, दीपांकूर, सिकंदर अली, वाजिद अली, मेहशर अली, जाहिद अली, शेरू परवेज, तनवीर हसन, अलाउद्दीन अली, शाने आलम व फजले चौधरी शामिल रहे।


विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

## एक नजर

### मंदिर के पास चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में दतावली मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास चाकू के साथ खड़े युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हयातनगर के मुहल्ला खिचड़ी निवासी अनिकेत बुधवार को दतावली मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चाकू बरामद कर पुलिस ने अनिकेत को गिरफ्तार कर लिया।

### मतदान की दिलाई शपथ

**संभल अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा की मौजूदगी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ.राष्ट्रवर्धन ने शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं को मतदान करने को लेकर शपथ दिलाई। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों का पालन की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ.तनुज, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, सचिन कुमार, सबा, चमन, आदि मौजूद रहे।

# डीएम कोर्ट स्थानांतरित करने पर भड़के वकील

## कहा, बहजोई नहीं जाने देंगे, जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन, न्यायिक कार्य से विरत रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल



सड़क पर बैठकर धरना देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्णय के खिलाफ अधिवक्ता सड़कों पर उतरे। संभल स्थित न्यायालय को एक फरवरी से बहजोई स्थानांतरित करने के आदेश के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर जुलूस निकाला और धरना प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम ने अधिवक्ताओं के समक्ष वार्ता का प्रस्ताव रखा। जिससे अधिवक्ता सहमत हो गए।

संभल बार एसोसिएशन की बैठक ई लाइब्रेरी कक्ष में हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद संभल का गठन 28 सितंबर 2011 को हुआ था। जिलाधिकारी का न्यायालय संभल में वर्ष 1978 से अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में संचालित है। जिलाधिकारी ने 19 जनवरी को जिलाधिकारी न्यायालय एक फरवरी से बहजोई से संचालित करने का आदेश जारी कर दिया जो संभल और असमोली विधानसभा क्षेत्र के लोगों और किसानों के साथ नाइंसाफी है। इससे चुनाव प्रक्रिया पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की जनता के हितों के संरक्षण के लिए अधिवक्ता चैंबर बंद करके जिलाधिकारी के आदेश के विरोध में आवाज उठाएं। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर जुलूस निकाला। अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पहुंचे और प्रदर्शन किया। यहां से यशोदा चौराहा होते हुए चंदौसी चौराहा पहुंचकर सड़क पर धरना देते हुए डीएम न्यायालय बहजोई स्थानांतरित किए जाने के आदेश के विरोध में नारेबाजी की। अधिवक्ता एसडीएम कार्यालय होते हुए एडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां कई अधिवक्ताओं ने विचार रखते हुए विरोध दर्ज कराया। कहा कि डीएम न्यायालय यहां से स्थानांतरित नहीं होना चाहिए। जिसके बाद नई तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर प्रशासन में खलबली मच गई। डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी अधिवक्ताओं के समक्ष पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि जिलाधिकारी ने वार्ता का प्रस्ताव रखा है। प्रशासन द्वारा वार्ता का प्रस्ताव रखने पर अधिवक्ता शांत हुए। अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

**▸▸ नारेबाजी कर नई तहसील परिसर में दिया धरना, एसडीएम ने वार्ता का रखा प्रस्ताव, वकील सहमत**

### अधिवक्ताओं ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**संभल अमृत विचार :** डीएम न्यायालय बहजोई स्थानांतरित किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने तेवर दिखाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि तानाशाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पूर्व की भांति संभल से डीएम न्यायालय का संचालन नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान अधिवक्ता चौधरी प्रमेंद्र सिंह, राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, अली सादिक, सरदार अहमद, शरद चंद्र भारद्वाज, डॉ.अमित उठवाल, अरविंद सिंह, सचिन चौहान, राजीव भटनागर, सत्यवीर शर्मा, चौधरी रमेश सिंह, रवि कुमार आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### लिंटर डालते समय करंट लगन से तीन मजदूर झुलसे

**बहजोई, अमृत विचार :** मकान पर लिंटर डालते समय हाईटेंशन लाइन से सरिया छू जाने से तीन मजदूर करंट लगने से बुरी तरह झुलस गए। मजदूरों को आनन-फानन में उपचार के लिए ग्रामीणों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से मजदूरों की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहजोई के गांव विशारु निवासी ग्रामीण ज्ञान सिंह का मकान का निर्माणाधीन था। जिस पर लिंटर डाला जाना था। लिंटर डालने के लिए दूल्हापुर गांव के जगवीर की मिक्स करने वाली मशीन के साथ मजदूरों को भी बुलाया गया था। जब मजदूर मशीन से लिंटर डाल रहे थे तभी एक सरिया उधर से गुजर रही हाईटेंशन तार से छू गया। जिससे लिंटर डालने का काम कर रहे गांव के मजदूर भोजराज पुत्र बृजलाल, शंकर पुत्र मटरू व लोकपाल निवासी दूल्हापुर चपेट में आ गए। जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने मजदूरों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने मतदान के लिए किया प्रेरित

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली निकाली गयी रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है' जैसे नारे लगाये। रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंची। इसके बाद महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में वोट की कीमत बताते हुए प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि आपका एक वोट अच्छी सरकार बनाने में सहायक होता है। जबकि एक वोट न देने से अच्छी सरकार का बनना मुश्किल हो सकता है। इस दौरान श्रीनिवास यादव, मनोज यादव, रामतीर्थ, गीता रानी, पूजा, प्रीति आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

### चौधरी सराय में पार्क का डीएम ने किया उद्घाटन

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद संभल की ओर से चौधरी सराय चौराहा पर लाखों रुपए की लागत से तैयार कराए गए पार्क का जिलाधिकारी ने फीता काटकर उदघाटन किया। नगर पालिका परिषद की ओर से चौधरी सराय चौराहा के सौंदर्यीकरण को लेकर पार्क निर्माण के लिए करीब 32 लाख रुपये का टेंडर हुआ था। जिसके बाद कई महीनों से पार्क का निर्माण कार्य चल रहा था, जो अब आकर पूर्ण हो गया। बुधवार को उद्घाटन के अवसर पर चेयरमैन आसिया मुशीर भी मौजूद रहीं। कहा कि पार्क के बन जाने से चौराहा का सौंदर्यीकरण हो गया है और चौराहा का स्वरूप बदला है। संभल में आगे भी और विकास कार्य कराकर तस्वीर को बेहतर बनाने का काम होगा। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर, सभासद और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर लगने से पलटी बोलेरो, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई



पलटी पड़ी बोलेरो व जुटी भीड़।

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ मार्ग पर रोडवेज बस की चपेट में आकर बोलेरो बीच सड़क पर पलट गई। बोलेरो सड़क पर पलटी तो लोग राहत व बचाव के काम में जुट गये। आनन फानन में बोलेरो को सीधा कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में बोलेरो सवार दो लोग घायल हुए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

राजस्थान के जिला भरतपुर थाना रुदावन के गांव नगला खोकटा निवासी योगेश, मुकेश और भगवान सिंह बदायूं में सूरज कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते हैं। तीनों बोलेरो में सवार होकर बुधवार को बदायूं जा रहे थे। जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस की चपेट में आकर बोलेरो बीच सड़क पर पलट गई। पुलिस व राहगीरों ने बोलेरो को सीधा कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

हादसे में बोलेरो चालक योगेश व भगवान सिंह घायल हो गए। हादसे के बाद बुलंदशहर डिपो की रोडवेज बस के चालक और परिचालक फरार हो गए।

## नवजात की मौत मामले में सीओ ने शुरू कराई जांच

**बबराला, अमृत विचार :** मारपीट में घायल गर्भवती के नवजात शिशु की मौत के मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर सीओ ने जांच शुरू करा दी है।

मोहल्ला टंकी निवासी प्रकाश की गर्भवती पत्नी कुसुम पांच नवंबर 2023 को बकरियां लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में पड़ोसी राजवीर की पत्नी ममता, पुत्री रूबी और पुत्र विशाल ने कुसुम के साथ मारपीट की थी। हालत बिगड़ने पर कुसुम का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। 22 दिसंबर को सीएचसी गुन्नौर में कुसुम ने नवजात शिशु को जन्म दिया तो उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की रजिस्ट्रार गोमती मनोचा से शिकायत की तो उनके निर्देश पर पुलिस ने मृत नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया था। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने पुलिस अधीक्षक को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

# भाकियू असली का बेमियादी धरना शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल



अंडरपास की मांग को लेकर धरने को संबोधित करते राजपाल सिंह यादव।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गंगा एक्सप्रेस वे पर गांव भटौला में अंडरपास निर्माण की मांग उठाते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। कहा गया कि मांग पूरी नहीं हुई तो धरने को उग्र किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले गांव भटौला में अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर महापंचायत हुई। संभल प्रशासन द्वारा किसानों की मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया तो जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू का करने ऐलान कर दिया। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक रिठाली से अनूपशहर को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर गांव भटौला में अंडरपास नहीं बनता, तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान जयवीर सिंह यादव, मोहम्मद दिलशाद, हाजी महबूब, चौधरी अर्जुन सिंह, चौधरी दिनेश सिरोही, मोहम्मद राहिद, मुख्तार अहमद, सुरेश चंद्र, रामकिशन, नन्हें प्रजापति, मुश्ताक अली, भूरे सिंह, नरेंद्र सिंह, राजू सैनी, नरेश सैनी, कुंवरपाल सिंह, नासिर अली, हरद्वारी जाटव आदि मौजूद रहे।

**▸▸ गंगा एक्सप्रेस वे पर गांव भटौला में अंडरपास निर्माण कराए जाने की उठाई मांग**

# विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, संभल



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ जिलाधिकारी मनीष बंसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एमजीएम कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल ने छात्र छात्राओं को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमारा एक निष्पक्ष वोट लोकतंत्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए मतदान जरूर करना चाहिए। कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

एमजीएम कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर आधारित निबंध, भाषण, क्विज, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता में शंकर भूषण शंकर जनता इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, जेडयू इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, बृजरतन सुन्दर आर्य कन्या इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए मतदान का महत्व बताया। कहा कि मतदान जरूर करना चाहिए। एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, एसडीएम न्यायिक विनय कुमार मिश्रा, डीआईओएस वेदराम भी रहे।

डीएम ने प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर युवा मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की।

**▸▸ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया**

# जागरूकता रैलियां निकाल ग्रामीणों को दिया मतदान करने का संदेश

संवाददाता, संभल/असमोली




असमोली के गांव में रैली निकालते स्कूल के बच्चे।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में असमोली ब्लॉक के गांव गुमसानी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। उच्च प्राथमिक विद्यालय से रैली का शुभारंभ हुआ। रैली अंबेडकर पार्क से होते हुए गांव की गलियों में घूमी। ग्रामीणों को वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ठाकुर रितिक राजपूत, जगदीश बाबू प्रधानाध्यापक, अशोक कुमार, चंद्रकांता, साक्षी शर्मा, अखिलेश देवी, मंजूषा सिंह, सचिन शर्मा, कुंवरसैन आदि रहे।

वहीं ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित सिराज किसान इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली। गांव अहरार नगर तक रैली गई। छात्र छात्राओं ने नारे लगाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक मौलाना सुलेमान, प्रधानाचार्य निदा परवीन और स्टाफ मौजूद रहा।

### मतदान के प्रति किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में संभल में चार इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। छात्र छात्राओं ने नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बुधवार को शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, हिन्द इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं हिंद इंटर कॉलेज पर इकट्ठा हुए। यहां मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

**कार्यक्रम** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

संवाददाता,बहजोई



प्रतिभागियों को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जहां एक ओर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई तो वहीं दूसरी ओर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपना सहयोग करने का आह्वान किया।

उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में कलक्ट्रेट पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मां सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वहीं स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर माहौल को देशभक्त मय बनाया। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है।

इसमें हम सभी लोग मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपना सहयोग करें। डीएम ने कहा कि आज प्रदेश की अलग पहचान है। हमें हमेशा ही प्रदेश को आगे लाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, एडीएम प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा, डीआईओ बृजेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी, सहित आदि मौजूद रहे।

**▸▸ अंतिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कही बात**

### विभागों ने योजनाओं की दी जानकारी

**बहजोई,अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में जिला सूचना विभाग के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने फीता काटकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उत्कर्ष कार्य करने वाले विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम पंचायत लखनेटा के युवक मंगल दल व विकासखंड संभल की ग्राम पंचायत शहजादी सराय के महिला मंगल दल को विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि उप्र महारानी लक्ष्मी बाई तथा अटल बिहारी वाजपेई जैसी महान विभूतियों की जन्म भूमि है।

## पुलिस ने बरामद किए चांदी के 81 सिक्के, ठेकेदार गिरफ्तार

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** संभल जिले की गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव में सड़क निर्माण के लिए डाली गई मिट्टी में फावड़े से फूटे मिट्टी के बर्तन में मिले सिक्के लेकर भागने वाले ठेकेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ठेकेदार की निशानदेही पर जनपद बदायूं में सर्राफ की दुकान से चांदी के 81 सिक्के बरामद किए हैं। ठेकेदार से पूछताछ की जा रही है। एसडीएम को पूरे मामले की जानकारी दी गई है।

क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर में सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान कमलेश द्वारा मिट्टी डलवाई जा रही थी। सोमवार को शाम ठेकेदार सोमवीर ने मजदूरों से मिट्टी को समतल कराने का काम शुरू कराया तो फावड़ा लगने पर फूटे मिट्टी के बर्तन से सिक्के बिखर गए थे। ठेकेदार सिक्के लेकर भाग गया था। वहीं मिट्टी में खजाना निकलने पर ग्रामीण भी मिट्टी में ही सिक्के खोजने में जुट गए थे। इस मामले में प्रधान कमलेश ने बदायूं जिले के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव कुंडाई निवासी ठेकेदार सोमवीर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने भी ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने ठेकेदार सोमवीर को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए सिक्कों के बारे में कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने ठेकेदार की निशानदेही पर बदायूं के कस्बा दहगवां के सर्राफ की दुकान से 886 ग्राम चांदी के 81 सिक्के बरामद कर लिए। यह सिक्के 64824 रुपये में बेचे गए थे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
### ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद।
### पताः-विकास भवन, कॉठ रोड, मुरादाबाद।

पत्रांक-1078/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0.../अनु0स0/2023-24/दिनांक 16.01.2024

**मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी, डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

**1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0 टी0 सहित (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय | डी0एम0 का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मुरादाबाद | ग्राम पल्लूपुरा में शमशीर के मकान से मौमीन के मकान की ओर सी0सी0टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.32 | 0.15 | 766.00 | 03 माह | टी0ए0-1, आशियाना फेज-1, एम0डी0ए0 कालोनी, कॉठ रोड, मुरादाबाद। | कलेक्ट्रेट मुरादाबाद |
| 2 | मुरादाबाद | ग्राम समाथल में ओमप्रकाश के मकान से मौ0 रफी के मकान तक सी0सी0टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.30 | 0.17 | 766.00 | 03 माह | | तदैव |
| 3 | मुरादाबाद | ग्राम समाथल में मुन्नवर के मकान से शराफत के मकान तक सी0सी0टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.00 | 0.08 | 677.00 | 03 माह | तदैव | तदैव |
| 4 | मुरादाबाद | ग्राम गुडलिया माफी में पुल से लेकर रहीस भाई के मकान तक सी0सी0टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.97 | 0.20 | 766.00 | 03 माह | तदैव | तदैव |
| 5 | मुरादाबाद | ग्राम गुडलिया माफी में मुस्तकीम के मकान से अलीसैन के मकान तक सी0सी0टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.39 | 0.19 | 766.00 | 03 माह | तदैव | तदैव |
| 6 | मुरादाबाद | ग्राम वाकरपुर अटायन में मरहूम नबलू हाजी जी के घर से खालिद के घर तक सी0सी0 टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.44 | 0.07 | 677.00 | 03 माह | तदैव | तदैव |
| 7 | मुरादाबाद | विकास भवन के बाहरी भाग के सामने एवं पीछे तथा विकास भवन के बीच भाग के बाहरी भाग के चारो तरफ पुताई कार्य। | 9.98 | 0.20 | 766.00 | 03 माह | तदैव | तदैव |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 27.01.2024
3. निविदा बिक्री प्रारम्भ की तिथि, समय व स्थानः- 27.01.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल- मुरादाबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद पूर्वान्ह 10:00 बजे से।
4. निविदा बिक्री के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थानः- 14.02.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल- मुरादबाद एवं जिलाधिकारी जनपद-मुरादाबाद अपरान्ह 04:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थानः- 15.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रम सं0 03 पर अंकित स्थानों पर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थानः- 15.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथपत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुरादाबाद में सम्पर्क करें।

**सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।**

UP - 201362 दिनांक 23.01.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-मुरादाबाद
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

## एक नजर

### आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**बहजोई, अमृत विचार :** किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद आरोपियों पर लिखे गए आत्महत्या को उकसाने के मुकदमे में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अखिल भारतीय पाल महासभा से जुड़े पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। डिप्टी कलेक्टर राजपाल सिंह को ज्ञापन सौंप कर कहा कि गांव मनौटा निवासी किशोरीलाल पाल की दो बीघा जमीन 40 लाख रुपए में हड़प ली। जिससे आहत होकर किशोरी लाल पाल ने 12 जनवरी को जहरीला पदार्थ दिखाकर आत्महत्या कर ली। जिसका मुकदमा थाना असमोली पर पंजीकृत कराया गया। लेकिन अभी तक असमोली पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई हैं।

### पड़ोसी दुकानदार के साथ की मारपीट

**संभल ,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी मयूर सिद्दीकी व मुहल्ला का ही एक युवक मनोकामना मंदिर के निकट अलग अलग कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। बुधवार की शाम युवक अपने पिता व भाई और आठ दस साथियों को लेकर मयूर सिद्दीकी की दुकान पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगा। पास में ही स्थित मस्जिद से नमाज पढ़कर आ रहे मयूर सिद्दीकी के पिता परवेज को देखकर युवक अपने पिता, भाई व साथियों के साथ धमकी देते हुए भाग गया। परिजन घायल मयूर सिद्दीकी को लेकर कोतवाली पहुंचे।

### छात्राओं ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास

**संभल अमृत विचार :** नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली और रैली का अभ्यास किया। प्रधानाचार्या रफत जहां ने कहा कि देश का मान सम्मान और सामाजिक कार्यों को करना हमारी जिम्मेदारी है। विद्यालय संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। कहा कि सभी को देश के विकास के लिए कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 11 पर भी

# आनर किलिंग में तीन दोषियों को उम्र कैद

## पिता - पुत्रों ने बेटी से प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना हयातनगर के गांव मूसापुर में 2021 में हुई थी घटना
- कोर्ट ने एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार:** अदालत ने प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट कर हत्या के मामले में तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा और एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना 27 जुलाई 2021 में थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव मूसापुर में हुई। मुकदमा न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। मृतक नदीम के पिता का कहना है कि लड़की पक्ष ने परिवार का सम्मान बचाने के लिए मेरे बेटे की पीट-पीट कर हत्या की थी।



वादी मो. मोनिस निवासी गांव मूसापुर थाना हयातनगर जनपद संभल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि कुछ समय पूर्व दूसरे पक्ष के व्यक्ति को पुलिस ने गो हत्या में पकड़ कर जेल भेजा था। इसी कारण सुलेमान आदि उसके पुत्र मोहम्मद नदीम (18 वर्ष) से रंजिश मानने लगे। 27 जुलाई 2021 को अपराह्न करीब तीन बजे उसका पुत्र मोहम्मद नदीम मूसापुर अड्डा मोड़ पर तरबूज बेच रहा था। उसी समय सुलेमान पुत्र नजर हुसैन, नजर हुसैन पुत्र हिमायत, माजिद पुत्र सद्दीक, जाहिद पुत्र हाजी मजहर, आबिद पुत्र भोलू, हाजी इरफान पुत्र हिमायत उल्लाह, मौनिस पुत्र यूनुस, आबुल पुत्र जहीर, निवासी गांव मूसापुर एक राय होकर आए और हत्या के इरादे से उसके बेटे का अपहरण कर मक्का के खेत में ले गए और जान से मारने की नीयत से बुरी तरह पीट कर बेदम व जख्मी कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी उसके बेटे को घायलावस्था में गाड़ी में डाल कर ले गए। पुलिस ने 28 जुलाई 2021 को सुलेमान व अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचक उप निरीक्षक धनवान सिंह ने अभियुक्त कासिम को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर मृतक मो. नदीम का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने मुकदमा धारा 302/34 व 201/34 आईपीसी में तरमीम कर लिया। साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। विवेचना में नया तथ्य सामने आया कि प्रेम प्रसंग के चलते मो. नदीम की पीट कर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी व मशहूद अली फारुकी ने साक्ष्य के आधार पर दलीलें पेश कीं। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अशोक कुमार द्वितीय ने बुधवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त साजिद हुसैन उर्फ शाहिद, कासिम हुसैन तथा आसिम हुसैन को हत्या का दोषी मानते हुए धारा 302/34 आईपीसी के आरोप में आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 30-30 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई । अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन-तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 201/34 आईपीसी के आरोप में 5-5 वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है।

### युवक के पिता की जुबानी

**चन्दौसी,अमृत विचार :** पीड़ित पिता मो . मोनिस ने बताया कि उसके पुत्र मो . नदीम का गांव की एक लड़की से प्रेम प्रसंग था। गांव के बाहर दोनों को मिलते हुए देख लिया था। युवती पक्ष ने परिवार के सम्मान के लिए मेरे बेटे की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी । शव को गाड़ी में डाल कर ले गए थे। पांच दिन बाद पुलिस को शव बरामद हुआ था। अदालत के फैसले से वह संतुष्ट नहीं हैं। सातों आरोपियों को सजा होनी चाहिए थी। मामले में अपील की जाएगी।

### पत्नी के प्रेमी ने पति को ईंट मारकर घायल किया

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी से फोन पर बात करने के लिए मना किया तो उसके प्रेमी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पति को ईंट मारकर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने बुधवार को बताया कि पड़ोसी युवक ने पत्नी से अवैध संबंध बना रखे हैं। वीडियो कॉल के माध्यम से बात करने के साथ ही युवक व उसकी पत्नी मौका पाकर एक दूसरे से मिलते जुलते भी हैं। बुधवार की शाम पांच बजे अचानक से घर पहुंचे पति ने पत्नी व युवक को वीडियो कॉल पर बात करते हुए देख लिया और बात करने का विरोध किया।

आरोप है कि अपनी छत पर आकर प्रेमी युवक महिला के साथ बात करने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज होती देखकर युवक के दो भाई भी छत पर पहुंच गए। तीनों भाइयों मिलकर व्यक्ति के घर में ईंटें बरसाने लगे। जिससे व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, महिला सहित तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/ बनियाठेर

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर थाने के पास महेंद्र पिकअप व कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें कार चालक व महिला को मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक पिता-पुत्र जनपद फर्रुखाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। कार सवार थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद जा रहे थे। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।



जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जरारी निवासी जुल्फकार 55 वर्ष पुत्र दुखतजल हुसैन, अपनी पत्नी राबिया व पुत्र वासिद 32 वर्ष के साथ अरटिका कार में सवार होकर कुंदरकी जनपद मुरादाबाद आ रहे थे। जबकि कार खुश्नूर पुत्र शहानूर चला रहा था। बुधवार की शाम 4.15 बजे कार सवार जब मुरादाबाद रोड स्थित थाना बनियाठेर के पास पहुंचे तो कार सामने से आ रही महेंद्रा पिकअप से टकरा गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने वासिद को मृत घोषित कर दिया। जबकि जुल्फकार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला राबिया व कार चालक खुश्नूर तथा पिकअप चालक प्रेमपाल पुत्र रामौतार निवासी गांव बेरनी थाना कुढ़फतेहगढ़ का उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद राबिया व खुश्नूर की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की तहरीर नहीं दी गई है। थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला ने बताया कि कार सवार कुंदरकी जा रहे थे।



मुरादाबाद हाइवे पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

### कार को काटकर निकाला बाहर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड पर थाना बनियाठेर के पास कार व महेंद्रा पिकअप की टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चालक के पास बैठा वासिद घटना के बाद फंस गया। जिसे पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से कार को काटकर बाहर निकाला। जिसे सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर बालक की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के रहोली मार्ग पर कच्ची ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से साइकिल सवार दस वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गया।



बनियाठेर थाना क्षेत्र के रहोली मार्ग स्थित इस्माइल नगर निवासी नसीम हुसैन मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। बुधवार की शाम पांच बजे उसका सबसे छोटा दस वर्षीय पुत्र नोसिम साइकिल पर सवार होकर सब्जी लेने जा रहा था। जब बालक रहोली मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रही कच्ची ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बालक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए और चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पिता व दो बड़े भाई आसिम व कासिम मौके पर पहुंच गए और विलाप करने लगे। पिता ने बताया कि उनका सबसे छोटा पुत्र साइकिल से सब्जी लेने जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई । ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी। सूचना मिलने के एक घंटे बाद बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना बुधवार की शाम पांच बजे हुई। तभी लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी।

# 323 युवाओं का नौकरी के लिए चयन

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** बाबूराम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में लगे वृहद रोजगार मेले में 323 युवाओं का चयन नौकरी के लिए हुआ। नियुक्ति पत्र मिलने पर युवाओं के चेहरे खिल उठे।

मेले में 25 कंपनियों ने रिक्त 1660 पदों पर युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी। जिसमें से कंपनियों को 700 आवेदन प्राप्त हुए। बाबूराम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगे रोजगार मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि बनिया खेड़ा ब्लॉक प्रमुख डा.सुगंधा सिंह ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि शिखर गोयल, एसडीएम रमेश बाबू, राजकुमार यादव, शुभम राघव रहे।




अधिकारियों के साथ रोजगार के लिए चयनित अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- बबराला के महाविद्यालय में लगा वृहद रोजगार मेला

मेले में सिद्धि इंफोनेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से टेक महिंद्रा, कार्ड एक्सपर्टीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, न्यू एलेनबेरी, माई मनी मन्त्रा, अर्बन मनी, लेंसकार्ट, कुटुंब केयर, सत्य माइक्रो कैपिटल, सिद्धि इन्फोटेक इंडिया, स्वतंत्र फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड,पुखराज हेल्थ केयर, एलआईसी ऑफ इंडिया, शिवा शक्ति एग्रीटेक, एसआईएस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड आदि कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर 323 युवाओं का चयन सोलर मार्केटिंग एंड सर्विस, अप्रेंटिसशिप, अकाउंटेंट, प्रोडक्शन एसोसिएट, सिक्योरिटी गार्ड, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाइजर, सुपरवाइजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टेक्नीशियन, टेलीकालर के पद पर किया। युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर, आईटीआई चंदौसी प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय, नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा, मेला प्रभारी रियाजुल हसन आदि रहे। संचालन गौरव पूठिया एवं भोजराज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### सफाई कर्मचारियों से मारपीट, दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मुरादाबाद रोड स्थित वीर सावरकर नगर में सफाई कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

सीता रोड स्थित खेड़ा गेट निवासी राजकुमार नगर पालिका कार्यवाहक सफाई नायक के पद पर तैनात है। कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह बुधवार की सुबह 11.15 बजे वह सफाई निरीक्षक के बताने पर जेसीबी के साथ मुरादाबाद रोड स्थित वीर सावरनगर सफाई कर्मचारियों के साथ गए थे। जब वह सफाई का कार्य कर रहे थे। तभी मोहल्ले के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उनके व सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट की व जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। जेसीबी चालक के साथ भी अभद्रता की व मशीन पर पत्थर बरसाए।



बड़ा बाजार में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भंडारे में पहुंच श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बड़ा बाजार में बुधवार को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में व्यापारियों ने भंडारे का आयोजन किया। दोपहर दो बजे शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक जारी बना रहा। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। व्यापारी अजय अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इससे व्यापारी वर्ग प्रसन्न है। बुधवार की सुबह व्यापारियों ने श्रीराम के चित्र समक्ष पूजा-अर्चना की। इसी उपलक्ष्य में व्यापारियों ने आपस में मिलजुलकर भंडारे का आयोजन किया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विनय सर्राफ, हृदेश गोयल, रघुवीर सरन रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, योगेश कुमार, रामबाबू सर्राफ, साकेत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राघव आदि मौजूद रहे।

# बरेली ने रामपुर को 6 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर से सटे गांव कैथल के मैदान में आयोजित स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को बरेली और रामपुर की टीमों के बीच मैच खेला गया।

बरेली की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लेते हुए रामपुर की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाज़ी करते हुए रामपुर ने 185 रन बनाए। रामपुर की ओर से जैन ने सर्वाधिक 85 रन व हरिओम ने 35 रन का योगदान दिया। बरेली के गेंदबाज कृष्णा मोहन ने 3 और कैलाश ने 2 विकेट झटके। जबाव में बरेली की टीम ने 4 विकेट खोकर 186 रन बना कर मैच जीत लिया। बरेली की ओर से जुनैद शिवली ने 14 छक्कों की मदद से 120 रन और शादाब ने 40 रन की शानदार पारी खेली। रामपुर के गेंदबाज विजय पंछी ने 3 विकेट व विशेष ने 1 विकेट लिया। इस प्रकार बरेली की टीम ने 6 विकेट से मैच जीता। विजेता टीम के खिलाड़ी जुनैद शिवली को प्रिया टनाटन ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार से सम्मानित किया। अंपायरिंग आकर्ष व राम ने की। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार को ब्लैक पैंथर्स चन्दौसी और संभल की टीम के बीच मैच खेला जाएगा। इस दौरान अंशुल टनाटन, राहुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मापणिका टनाटन, सूर्या टनाटन, माधव टनाटन, विराट, उदित, दिव्यांशु, राम, आकर्ष, सुजल आदि मौजूद रहे।



जुनैद शिवली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देतीं अतिथि। ● अमृत विचार

- विजेता टीम के खिलाड़ी जुनैद शिवली रहे मैन ऑफ द मैच

श्रद्धांजलि — उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज को एकजुट करने का आह्वान किया

# सपा कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी आंदोलन के जनक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी और उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज को एकजुट करने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वहीं जयंती जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार व अन्य कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पादित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला महासचिव ने कहा कि कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाजवादी पार्टी के चिंतक व समाज को एकजुट करने वाले जननायक नेता थे। वह बहुत बार जनता की लड़ाई को जेल गए। उन्होंने पीड़ित, वंचित, दलित व अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने का काम किया। भारत सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न घोषित किया गया। जबकि यह काफी समय पहले घोषित कर देना चाहिए था। इस दौरान उमेश यादव, निसार अहमद, शोभित कुमार काका, राजवीर सिंह यादव, चेतन गुप्ता, सौराज सिंह यादव, डा. होराम सिंह,कल्लू खड़क बंशी, संजीव शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।



चन्दौसी के आवास विकास कालोनी में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

### समारोह पूर्वक मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आवास विकास चौराहा स्थित कर्पूरी ठाकुर पार्क पर कर्पूरी ठाकुर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का आरंभ उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। सरकार की ओर से कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा से उपस्थित लोगों ने खुशी जाहिर की। लोगों ने कर्पूरी ठाकुर द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की बात कही। विस्तार उसे उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी, कवि माधव मिश्र सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### बिजली की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने ज्ञापन दिया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता विनोद कुमार से मुरादाबाद रोड स्थित उनके कार्यालय पर मिला। शहर की बिजली संबन्धित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंप कर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नगर व आसपास के क्षेत्र में जहां विद्युत तार जर्जर हालत में है उनको बदलवाया जाए। बाकरपुर बेहटरी रोड पर स्थित एच 11 हजार की लाइन का टुकड़ा जो की विद्युत विभाग की लापरवाही से सड़क क्रॉस कर रहा है। इस लाइन का टुकड़ा सीधे भी जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा नई आबादियों में बिजली के खंभे लगाकर विद्युत कनेक्शन दिया जाए। अधीक्षण अभियंता ने व्यापारियों को शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने हेतु आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, युवा नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू, समेत मो. इरफान मंसूरी, शरीक, मो. मुजीब, उमेर शमसी, मो. आमिर आदि व्यापारी मौजूद रहे।



भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह।

### हर वर्ग के लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में स्थित खेल मैदान में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वार्ड आठ मुहल्ला चौधरियान में स्थित खेल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उदघाटन चेयरमैन प्रतिनिधि समर अब्बास, पंकज गुप्ता, चौधरी विनय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। लोगों को एलईडी स्क्रीन वैन से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। शाखा प्रबंधक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, पूर्ति निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, डूडा विभाग, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सकों ने लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, आदित्यवीर रस्तोगी, भूकन सैनी, गौतम सिंह, वंदना चौधरी, शुभम छोटू रस्तोगी, विमल सैनी आदि रहे। संचालन सभासद गगन वार्ष्णेय, मनोज कुमार रस्तोगी ने संयुक्त रूप से किया।

### चौराहे पर पलटा ई रिक्शा,चालक चोटिल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में लोहे का गार्डर लेकर जा रहा था ई रिक्शा अनियंत्रित होकर चंदौसी चौराहे पर गोल चक्कर के पास पलट गया। आसपास के लोगों व पुलिस ने ई रिक्शा सीधा कर चालक को बाहर निकाला। जिसमें चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय की ओर से चालक बुधवार को ई रिक्शा में लोहे का गार्डर लादकर मुरादाबाद मार्ग पर सीओ कार्यालय की ओर लेकर जा रहा था। चालक ई रिक्शा लेकर जैसे ही चंदौसी चौराहे पर पहुंचा। अनियंत्रित होकर ई रिक्शा गोल चक्कर के पास पलट गया। ई रिक्शा पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग व पुलिस मौके पर पहुंची और सीधा कर ई रिक्शा में के अंदर फंसे चालक को बाहर निकाला। जिससे चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। आसपास के लोगों ने चालक का पास के ही निजी डॉक्टर से उपचार कराया।

### अपने वोट से लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करें

**बहजोई, अमृत विचार :** मतदाता दिवस पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं,अधिकारी व कर्मचारियों को को जिलाधिकारी ने मतदान करने को लेकर शपथ दिलाई। हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज से सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय व बहजोई इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। डीएम ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है वह अपना वोट बनवा लें।

### इजराइल जाने के लिए 36 श्रमिक लखनऊ रवाना

**संभल, अमृत विचार :** इजराइल जाने को लेकर लखनऊ में साक्षात्कार देने के लिए जनपद संभल से 36 श्रमिक रवाना हो गए हैं। लखनऊ में गुरुवार को श्रमिकों को साक्षात्कार लिया जाना है। इजराइल में युद्ध के बाद वहां की सरकार ने कुशल निर्माण श्रमिकों की मांग की थी। केंद्र सरकार द्वारा कवायद शुरू कराने पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत एजेंसी इंटरनेशनल के माध्यम से संभल जिले से 200 श्रमिकों की मांग की गई। प्रत्येक श्रमिक को 1.37 लाख रुपये मासिक वेतन दिए जाने की बात कही गई। श्रमिकों ने मेडिकल परीक्षण भी करा लिया और फिट पाए गए। बुधवार को देररात श्रमिक ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि संभल और चंदौसी से 36 श्रमिक लखनऊ जा रहे हैं।

### मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई

**बनियाठेर, अमृत विचार :** विकासखंड बनियाखेड़ा के अंतर्गत गांव मानकपुर नरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अध्यापकों व स्थानीय ग्रामीणों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार गौतम ने मतदाताओं को मतदान करने व पास पड़ोस के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने पर जोर दिया।

### किसान को मृत दर्शाकर जमीन नाम कराने की शिकायत

**गुन्नौर अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी जुगेंद्र ने तहसीलदार रवि सोनकर से मिलकर शिकायत की। आरोप लगाया कि उसके पिता सोरन को मृत दर्शाकर गांव के ही दो लोगों ने जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। राजस्व विभाग के कर्मचारियों से भी साठगांठ के चलते जमीन नाम कराई गई। तहसीलदार ने पीड़ित जुगेंद्र को समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। वहीं जुगेंद्र का कहना रहा कि थाना समाधान दिवस के अलावा कई बार तहसील आकर शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।

### पुलिस ने जुआ खेलते दस लोग पकड़े

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने गांव रहोली में शराब की दुकान में जुआ खेलते दस लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 26,840 रुपये समेत दो ताश की गड्डी, पांच मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार ओमकार, कमल सिंह, मनवीर, पप्पू, सुगरपाल, रतनपाल, राजकपूर, राजपाल निवासी गांव रहोली थाना कुढ़फतेहगढ़ तथा सरताज व आजम निवासी मोहल्ला नखासा थाना चन्दौसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली निवासी अमित पुत्र बुद्धि मौर्य जनपद बदायूं के थाना बिसौली के गांव शाह सागर में बेकरी में कार्य करता है। बुधवार की शाम साढ़े छह बजे युवक बाइक से बेकरी में कार्य करने जा रहा था। जब बाइक सवार युवक मुरादाबाद रोड स्थित बंद दाल मिल के पास पहुंचा तो चन्दौसी की ओर से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क किनारे खाई में जा गिरा। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रथ: शरीरं पुरुषस्य राजत्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्वा: ।
तैरप्रमत्त: कुशली सदश्वैर्दान्ते: सुखं याति रथीव धीर: ।।

यह मानव शरीर रथ है, आत्मा (बुद्धि) इसका सारथी है, इंद्रियां इसके घोड़े हैं, जो व्यक्ति सावधानी, चतुराई और बुद्धिमानी से इनको वश में रखता है वह श्रेष्ठ रथवान की भांति संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है।

## संपादकीय

# भारत का विश्वास

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध शीघ्र समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ तीन महीने पहले शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मिस्र की सीमा से लगे रफाह शहर और इसके आसपास करीब 15 लाख लोग आश्रयगृहों तथा तंबुओं के शिविरों में रह रहे हैं। यह संख्या गाजा की आबादी की करीब दो-तिहाई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इजराइल को आगाह किया कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का द्वि-राष्ट्र समाधान से इनकार यकीनन संघर्ष को बढ़ाएगा जो पहले ही वैश्विक शांति के लिए खतरा है। उधर भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर भारत के ऊर्जा एवं आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। भारत के साथ ही विभिन्न असफलताओं से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह खबर चिंताजनक है। ध्यान रहे युद्ध की शुरुआत में ही आशंका जताई गई थी कि यह संघर्ष मध्य पूर्व में व्यापार और कच्चे तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकता है जिससे इस क्षेत्र के कई देश एवं उनके व्यापारिक भागीदार प्रभावित होंगे।

विश्व की 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है, इस क्षेत्र में संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें 150 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति लगभग 6.7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसके अलावा भारत और अमेरिका जैसे देशों के लिए गंभीर प्रभाव के परिणामस्वरूप संभावित वैश्विक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है जिसमें भारत से जुड़े जहाजों पर हुए कुछ हमले भी शामिल हैं और इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष को लाभ नहीं पहुंचाएगी। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय है। अनेक देश चाहते हैं कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध मानवीय आधार पर रुकना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को भोजन, पानी और दवाएं आदि पहुंचाई जा सकें। भारत का दृढ़ विश्वास है कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान ही अंतिम विकल्प है और यही स्थायी शांति प्रदान करेगा जिसकी इजराइल और फलस्तीन के लोग इच्छा रखते हैं और इसके हकदार हैं।

# अर्थव्यवस्था, आत्मविश्वास, आवश्यकता, असलियत और आंकड़े


प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है।

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ सब कुछ अर्थव्यवस्था के आसपास है। आम आदमी से जुड़े बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों की व्याख्या अपनी-अपनी आस्था के अनुसार हो रही है। इस बीच दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर 15 से 19 जनवरी तक हुई चर्चाओं के दौरान आर्थिक असमानता पर भारत के संदर्भ में आक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी कुल संपत्ति के 40 फीसदी से अधिक हिस्से पर काबिज है। रिपोर्ट में 2012 से 2021 तक इससे नीचे की आधी आबादी की कुल संपत्ति में हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत बताई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 के बाद दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हो गए हैं।

अगले दिन आनन-फानन जारी नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2013-14 से 2022-23 तक 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला गया है। इसी अवधि में गरीबी 29.17 फीसदी से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका महत्वपूर्ण कारक 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बताया गया। नीति आयोग के सीईओ बीवी सुब्रमण्यम ने आत्मविश्वास से कहा कि 2030 से पहले गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। देश में 2004-05 में 37 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे,जो 2011-12 में अनुमानित 21.9 फीसदी रह गए थे। बाकी 15 करोड़ लोगों को भी गरीबी से निकालने के लिए अर्थव्यवस्था का गतिशील रहना आवश्यक है। इसमें आत्मनिर्भरता नहीं है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों की खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में 74.1 प्रतिशत भारतीय या 104.3 करोड़ लोग स्वस्थ आहार लेने में असमर्थ थे। रिपोर्ट भारत सरकार के 81.35 करोड़ लोगों को ही खाद्य सहायता देने पर सवाल उठाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24 .82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती रहीं हैं कि 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ की हो जाएगी। उधर,केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांवों और शहरों के मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा से दो महीने में 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र के 9541 स्थानों तक पहुंच चुकी है और इससे 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। आयुष्मान कार्ड के मानकों से पता चलता है कि ये कौन सी श्रेणी के लाभार्थी हैं।

विंग्स इंडिया 2024 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत ने बोइंग और एयरबस को एक साल में 1120 जहाजों के लिए ऑर्डर दिए हैं। 2030 तक हवाई अड्डे 149 से बढ़ाकर 200 करने का लक्ष्य है। तब तक देश 30 करोड़ एयर ट्रैफिक वाला और विमानों की संख्या डेढ़ से दो हजार हो जाएगी। 2042 तक 2500 नए विमानों और 20 वर्षों में 41 हजार पायलटों की जरूरत होगी। स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो के मिशन डायरेक्टर कुणाल कुमार ने भी बता दिया कि देश में 100 स्मार्ट शहरों में 40 हजार करोड़ की 383 परियोजनाएं चल रही हैं। 1300 पूरी हो चुकी हैं जिनमें 76 हजार सीसीटीवी कैमरे, 50 लाख से अधिक सौर और एलईडी लाइट लगाना और 89 हजार किमी से अधिक भूमिगत बिजली केबल का निर्माण प्रमुख है। 6855 स्मार्ट क्लास रूम और 40 डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई हैं। दूसरी ओर 140 करोड़ के देश में 12 करोड़ युवक-युवतियां बेरोजगार के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटबंदी और जीएसटी के कारणों के अलावा कोरोना काल में संगठित-असंगठित क्षेत्र में 17 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। फिर भी दावा है कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत रह गई। 2020 में बेरोजगारी दर 8, 2021 में 5.98 और 2022 में 7.33 फीसदी रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्तूबर 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 के आंकड़े बताते हैं कि 20-24 आयुवर्ग में भयावह बेरोजगारी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की श्रमबल एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने आशंका जताई कि 2024 में बेरोजगारी वैश्विक स्तर पर विकराल होगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। 2024 में दुनिया में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी,जो 2023 में 5.1 प्रतिशत थी। 2022 में यह 5.3 फीसदी रही थी। मान्यता है कि बेरोजगारी एक प्रतिशत बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी की कमी आ जाती है।

गूगल ने साल के शुरू में एक हजार से अधिक कर्मचारी निकाल दिए। सीईओ सुदंर पिंचाई ने और कर्मचारियों को भी छंटनी के लिए तैयार रहने को कहा है। 2022 में भी गूगल ने सबसे अधिक 12 हजार कर्मचारी बाहर कर दिए थे। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोग निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआई के कारण भारत जैसे विकासशील देश में औसतन 40 प्रतिशत नौकरियां खत्म होने की आशंका जताई है। बीते साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग निकाल दिए। बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां भारत के 36 हजार कर्मचारी निकाल चुकी हैं। नौकरी डॉट काम की मानें तो आईटी, बीपीओ, शिक्षा, खुदरा कारोबार, स्वास्थ्य देखभाल और सतर्कता के क्षेत्र में दिसंबर 2023 में पेशेवरों की नियुक्ति में 16 फीसदी की कमी आई है।

यही नहीं, जोर-शोर से कहा जा रहा है कि 2014-15 से 2023-24 के दौरान महंगाई दर 5.5 प्रतिशत रही। 2009-14 के बीच यह 10.04 प्रतिशत थी। आईएलओ की रिपोर्ट का महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेरोजगारी बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ेगी। देश में महंगाई दर दिसंबर 2023 में 5.69 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2023 में थोक महंगाई नौ महीने में सबसे ज्यादा बढ़ी। दिसंबर 2002 में यह 5.02 प्रतिशत थी। महंगाई के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन ने दावोस में ही चेतावनी दी है। कहा, 2024 में दुनिया इसमें राहत की उम्मीद न करे।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24.82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

## व्यंग्य

# अपने लिए यही तो चाहते हैं

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं ,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

जो लोग खासकर हिंदुस्तानी लोग, सास को लेकर रोने रोते हैं मुझे उनसे कतई इत्तेफाक नहीं है। सास को समस्या,सिरदर्द बताने को लेकर बने सारे ही चुटकुले झूठे हैं। सच तो ये है कि जब पूरी दुनिया आपको नकारा समझकर लतियाने में जुटी हो ऐसे दुर्दिनों में भी आपकी मां के अलावा दुनिया में सास ही आपकी वो इकलौती रिश्तेदार होती है जिसके हिसाब से आप दुनिया के सबसे होनहार,लायक और नजर उतारने के काबिल खूबसूरत इंसान होते हैं।

सास ही है,जो आपके आने का इंतजार करती है। आपको देखते ही खुश हो उठती है। आपको देखकर गदगद होकर अपनी बहुओं को छप्पन भोग बनाने के लिए रसोई की तरफ रवाना कर देती है। वह दुनिया की इकलौती औरत होती है,जो अपनी गैरशादीशुदा बेटियों को देर रात तक आपसे गपियाते देख नाराज नहीं होती,जो आपकी खातिरदारी में अपने पति और लड़कों सहित पूरे घर को जुटा दे,आपके आने की खबर भर से पुराने सोफे पर नए कवर चढ़वाने लगे,शैल्फ में बहुत दिनों से बंद नई क्राकरी खनकाने लगे,आपकी जेब को अपनी बचत के नोटों से भर दे,जो आपको अपने बेटों से ज्यादा तवज्जो दे,आपकी हां में हां मिलाए,आपकी सारी घिसी पिटी बातों को ध्यान से सुनें,वह आपकी सास के अलावा और कौन हो सकता है?

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है। इसी भरोसे के चलते वो बहुत बार आपकी जब भी अपनी बीबी से तनातनी होती है,वो आप की तरफदारी करती है। अपनी बेटी से ज्यादा आपको सराहती है। आपको और क्या चाहिए? सास का होना ही ससुराल के आतिथ्य की गारंटी है,उसका होना भर आपके मन में अपने वीआईपी होने की गलतफहमी पैदा कर देता है, जो आप वाकई होते नहीं है। यदि आपके दामाद होने के पहले ही आपकी सास दुनिया छोड़ चुकी हो तो मेरे ख्याल से आप एक बदनसीब इंसान हैं, आप कभी जान ही नही पाएंगें कि सास का सुख क्या होता है,आप खुद को कभी खास महसूस ही नहीं कर सकेंगे। हमारे देश का पिलपिला से पिलपिला आम आदमी जब अपनी सास के सानिध्य में होता है तो खास बना रहता है। जहां तक खास होने की बात है तो यकीन मानिये आपका ये रुतबा सास के होने भर तक का है,उसके जाते ही आपकी ससुराली दुनिया उजड़ जाएगी और आप वहां अचानक अलफांसो से दशहरी आम हो सकते हैं। उसका जाना आपका डॉलर से रुपया हो जाना है। आपका शेयर मार्केट धड़ाम से मुंह के बल आ गिरता है और आप मुद्रास्फीति का मतलब समझने लगते हैं। हां यदि आप बहुत सी बहनों की सबसे छोटी बहन के पति हैं तो आपका यह सौभाग्य अक्षुण्ण रह सकता है। यह दुर्लभ संयोग है, जो आपको अतिरिक्त ममतामयी सासें दिलवा सकता है,वे भी बलिहारियां जाएंगी आप पर। आप अपनी पत्नी की बड़ी बहनों के घर में भी दामादों सी ठसक से तर माल उड़ा सकते हैं,पर ऐसा हो ही यह जरूरी नहीं,ससुराल की दुनिया में बस सास की ही शुद्धता की गारंटी है।

यदि आप कुंवारे हैं,आप की शादी की बात चल रही हो तो होने वाली सास से जरूर मिल लें। आपका ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि आपकी होने वाली बीबी पच्चीस -तीस साल बाद कैसी दिखेगी? कैसे बोलेगी बतियाएगी? कैसा व्यवहार करेगी,यह भावी सास से मिलकर आसानी से जाना जा सकता है।

मां के अलावा वो ही है,जो आपकी किसी छोटी सी उपलब्धि को भी वो समुद्र पर बना पुल मान लेती है। जब भी आपका थोड़ा बहुत नाम हो जाए तो आप पर गर्व होता है उसे। हर आने जाने वाले से वो आपकी चर्चा करती है और सच्चे मन से खुश हो जाती है। लिहाजा अपनी सास की इज्जत कीजिए। उसकी इज्जत करेगें तो उनकी बेटी आपकी इज्जत करेगी। वो आपकी इज्जत करेगी तो दुनिया आपकी इज्जत करेगी। सास का होना ही आपका इज्जतदार बने रहने के लिए काफी है। मेरा ख्याल है आप अपने लिए यही चाहते हैं।

# भारत-मालदीव संबंध: वर्तमान और भविष्य

भारत द्वारा कोरोना के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए 250 मिलियन यूएस डॉलर की दी गई,मदद हेतु संयुक्त राष्ट्र में धन्यवाद देते मालदीव के विदेश मंत्री के वक्तव्य को अभी तीन वर्ष भी नहीं हुए थे कि मालदीव के जनप्रतिनिधियों, विपक्ष और सरकार की मंशा में चीनी मिलावट होते दिखने लगी है।

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया। चीन के वन बेल्ट वन रोड योजना का भी खुलकर समर्थन करने वाले मालदीव में चीन की यह उपस्थिति सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है। न केवल हिंद महासागर,बल्कि भारत के निकटवर्ती राष्ट्रों में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिंता का कारण है। इसी बात को समझते हुए हमारे नीतिगत निर्णयों में शानदार प्रयास विगत वर्षों में होते दिखाई दिए हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही भारत और मालदीव के बीच वाणिज्यिक,सांस्कृतिक आर्थिक, संबंधों का दूसरा दौर शुरू होता है। भारत उन आरंभिक देशों में से एक है जिसने मालदीव के मुक्ति संघर्ष और स्वतंत्र मालदीव को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की। औपनिवेशिक शासन के अधीन रहे भारत और मालदीव दोनों के ही बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान संबंधों में प्रगाढ़ता आई। वर्ष 1974 में मालदीव के तत्कालीन प्रधानमंत्री अहमद जैकी की भारत यात्रा इस संदर्भ में प्रासंगिक है। इसी बैठक के बाद भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र को शांति क्षेत्र के रूप में स्वीकृत करते हुए इस क्षेत्र को बड़ी महा


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया।

शक्तियों और सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखने का संकल्प लिया था। शिक्षा, मत्स्य पालन, वायु और समुद्री संचार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय सहयोग को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर दोनों पक्ष सहमत हुए। इसी क्रम में भारत द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु मालदीव के 19 एटोल में 19 विद्यालयों की स्थापना और मत्स्य के डिब्बाबंद उद्योग को बढ़ावा देने की समुचित व्यवस्था भारत द्वारा की गई।

80 के दशक के दौरान मालदीव की सत्ता पर आसीन मोमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिशों को निरस्त करने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' चलाया गया। इसके बाद के वर्षों में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। भारत की मालदीव के प्रति विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में आया। लगभग एक दशक के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी का मालदीव दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुआ। वर्ष 1995 के बाद इतने वर्षों के अंतराल के बाद अटल जी की यात्रा कई मायनों में वर्ष 2023 में महत्वपूर्ण रही। हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मालदीव में, "इंडिया फर्स्ट" की नीति अपनाने वाले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराकर,निर्वाचित नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और जेल से छूटकर आए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने उन सभी सकारात्मक पहलों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है,जो इतने वर्षों तक मालदीव के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक,पर्यावरणीय विकास के लिए भारत द्वारा की गई हैं। हालांकि भारत के लिए यह ऐसा पहला अनुभव नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2008 के चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और वर्ष 2013 चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भी चीन के प्रति झुकाव को प्राथमिकता देते थे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न विकास प्रोजेक्ट से लेकर कैंसर हॉस्पिटल निर्माण तक भारत ने एक अच्छे पड़ोसी और समावेशी विकास की नीति के चलते मालदीव को हर संभव मदद की है। बंदरगाहों के निर्माण से लेकर, मजबूत कनेक्टिविटी तक, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्र के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान हालातों में केवल मालदीव का विरोध नहीं,बल्कि सार्थक चर्चाओं और कूटनीति के आधार पर इसका समाधान होना चाहिए। लक्षद्वीप के विकास में पर्यटन,इस मॉडल को मालदीव के मॉडल से भलीभांति अध्ययन कर, वहां से काफी कुछ सीखा जा सकता है। भावावेश में विरोध की राजनीति के इतर हमें बातचीत द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से मालदीव से खराब रिश्ते किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किए जा सकते।

## सोशल फोरम

# आसान है अच्छा इंसान बनना


हफीज किदवई
लेखक

जिंदगी में सब कुछ हुआ मेरी, मगर मैं कभी कुंठित नहीं हुआ। कुंठा और मेरा, वैसा ही साथ रहा जैसे ओस और धूप। मुझे लगता है कि अगर मुझमें कुंठा जन्मी,तो हम खत्म हो गए। नाराजगी में तो बात की गुंजाइश रहती है, कुंठा में बात की गुंजाइश को ही तो घुन लग जाता है।

सैकड़ों बातें मेरे मन की नहीं होती। मेरे बहुत करीबी लोग,बहुत बार मेरे ठीक उल्टा सोचते हैं। तो क्या करें,उन्हें उलट-पुलट करके अपने जैसा ही बना दें या कहिए उनसे मन में गंदगी पाल लें। हमसे यह दोनों नहीं होता,सबसे बड़ी बात न मक्कारी होती है और न ही हम कुंठित होते हैं।

एक बात जान लें,दुनिया की बड़ी से बड़ी लड़ाई, कुंठा से नहीं लड़ी जा सकती है। कुंठित व्यक्ति हमेशा अपने पक्ष की दीमक ही बनता है। हमें न लोगों से चिढ़ है और न ही उनके बदलते रवैय्ये से कोई कुंठा। एक बात और मेरा अगर कोई दुश्मन भी है तो हम यह कतई नहीं चाहेंगे कि सब उससे लड़ने लगे। मेरा दुश्मन मेरा दुश्मन है। हमें उससे लड़ना है, न कि उसे अकेला करने का कुंठित प्रयास करना है।

हमसे बहुत गलतियां होती हैं। लोगों को समझने में गलती करते हैं,मगर कभी इस बात पर कुंठित नहीं होते। सब मेरे ख्याल के नहीं हो सकते और न ही हम सबके ख्याल के हो सकते हैं। एक अंतिम बात, हमने जिंदगी में इतना एहतियात हमेशा बरता है कि दुश्मन से लड़ते लड़ते,दुश्मन जैसे न बन जाए।

बाकी आपका जो जी चाहे, वह समझें। हमें जो पसंद है,वह किसी का भी दुश्मन हो,मेरा नहीं होगा। मैं उसके खिलाफ हो सकता हूं,मगर उसके प्रति कुंठित नहीं होऊंगा। हमें यह व्यवहार ही सबसे बुरा लगता है कि जो हमारा सगा नहीं,वह दुनिया का सगा नहीं। दुनिया बहुत बड़ी है, लोग बहुत खूबसूरत हैं। जमाना अच्छे लोगों से खाली नहीं है। हो सकता है अच्छा दोस्त,अच्छा इंसान मिलना बहुत मुश्किल हो,मगर अच्छा दोस्त या अच्छा इंसान बनना तो बहुत आसान है। इसकी पहली शर्त है कुंठा छोड़ दो...

-फेसबुक वॉल से

# राम का विवेक


वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

अयोध्या कांड को पूरी कथा का मर्म कहा गया है। उसका एक कारण यह है कि पूरी कथा संरचना में यहां पर एक बहुत ही रोचक मोड़ आता है और दूसरा यह है कि समाज में संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से संप्रेषित होता है,पर यहां पर अधिकांश संदेश राम और भरत ही देते हैं। चित्रकूट प्रसंग जो उदात्तता की चरम सीमा को दर्शाता है उसमें किसी महिला पात्र का कोई विशेष योगदान नहीं दिखता है। पूरे संवाद रचना में प्रमुख रूप से राम, भरत, लक्ष्मण,निषादराज,वशिष्ठ ही दिखते हैं। कैकेयी का पश्चाताप तो है,पर वह मुखर नहीं होता। कई बार लगता है,यह सायास है। कैकेयी का पश्चाताप इतना घोर है कि वह अभिव्यंजित नहीं हो सकता शब्दों से। कैकेयी का मौन संभवतः भरत की तीव्र प्रतिक्रिया के कारण आया। वरदान देने के बाद पति विमुख पहले ही चुके थे,राम के शोक में प्राण त्याग दिए,पुत्र ने त्याग दिया- पश्चाताप मात्र मौन से ही हो सकता था जितनी आक्रामक कैकेयी दशरथ के साथ वचन लेते समय होती हैं,उसकी तुलना में पश्चाताप पर उनकी मौन अभिव्यक्ति है। किसी भी महिला पात्र की भूमिका पूरे प्रसंग में कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय नहीं है।

राम के चरित्र निर्माण पर गोस्वामी जी ने विशेष ध्यान दिया है। इंद्र पुत्र जयंत के दुस्साहस पर राम ने सीता के सम्मान को ध्यान में रखते हुए उस पर प्रत्यंचा का प्रयोग किया। उसने सीता के चरणों में एक कौए का वेश धरकर आक्रमण किया। सीता के पैर से हुए रक्तस्त्राव पर राम इतने कुपित हुए कि राम के बाण ने उसका पीछा तीनों लोक में किया और अंत में उसके द्वारा क्षमा मांगने पर भी उसको एक नेत्र से हीन कर दिया,पर जब सूपनखा ने सीता पर आक्रमण का प्रयास किया तब राम का रोष लक्ष्मण के माध्यम से निकला।

राम के चरित्र में स्त्री पर हमले का अंश नहीं था। वह स्त्री का बहुत सम्मान करते थे। चाहे वह राक्षसी ही क्यों न हो?

वह परशुराम के क्रोध पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण के रोष को नियंत्रित करते हैं। राम महिलाओं , ज्ञानियों एवं मुनियों पर न तो वचन से और न ही पौरुष से कोई आक्रमण करने में विश्वास रखते हैं। लक्ष्मण प्रायः अपने आप पर से नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनके संवादों से उनके अहम का भी अहसास होता है। वह अकसर यह कहते हुए दिखते हैं कि अगर प्रभु की आज्ञा हो तो वह कुछ भी कर सकते हैं,पर राम ऐसा कहते हुए कभी नहीं दिखते। राम में नम्रता का अपार सागर है। वह सिंधु राज पर भी क्रोध करने के पूर्व उससे विनती करते हैं।

'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।।' यह पंक्ति राम की नम्रता के बारे बहुत सुंदर अभिव्यक्ति देती है। वह कोप करने के पहले भी तीन दिन तक विनय करते हैं। उनका रोष अकारण हो ही नहीं सकत,पर जब सिंधुराज प्रकट होकर क्षमा याचना करते हैं तो राम उसे स्वीकार करते हैं। राम का विवेक अयोध्याकांड से लेकर लंका कांड तक पूरी घटनाक्रम को संचालित करता है। वह किसी भी अवसर पर अधीर नहीं होते। राम के पराक्रम का ही नहीं उनके वंदनीय विवेक का युग भी सघन जंगलों में गतिशील है।

# समृद्धि की वाहक शिक्षित नारी


शालिनी मिश्रा
बरेली

नारी शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है,क्योंकि एक समर्पित, ज्ञानवान और आत्मनिर्भर महिला समाज की स्थिति को सुदृढ़ करती है। नारी शिक्षा का महत्व इसलिए भी बहुत है,क्योंकि यह महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वतंत्रता का एहसास दिलाती है। संस्कृत में कहा गया है "नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समो गुरुः" अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है।

बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पहली अध्यापक होती है। बालक का प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थाई आधार बन जाता है। समाज में बाल अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। यदि मां शिक्षित नहीं होगी तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा। पुरुष और स्त्री इस समाज के एक सिक्के के दो पहलु हैं तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरुष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देश के हित के लिए आवश्यक है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच इस समाज के विकास का रोड़ा बन सकती है। आज के इस युग में स्त्री पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर एक क्षेत्र में नारी आज कुशल है,वह घर की देखभाल के साथ-साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग है। भारत में महिला साक्षरता की अहम जरूरत है।

महिलाओं के शिक्षित हुए बिना हम देश के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। परिवार, समाज और देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के लोकतंत्र को सफल बनाने का एकमात्र रास्ता यही है कि महिलाओं तथा पुरुषों को शिक्षा हासिल करने के लिए बराबरी का हक दिया जाए। शिक्षित महिलाएं ही देश,समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

## एक नजर

### घर पर मिला बुजुर्ग का शव

**स्योहारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम हम्मा नगली में बुजुर्ग का शव घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों ने बताया कि संतराम सिंह (65) मंगलवार रात बिल्कुल ठीक थे। लेकिन सुबह उनको मृत पाया गया। जिसके बाद परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की छानबीन शुरू की। बताया जा रहा है संतराम के एक पुत्र की मौत हो चुकी है। जबकि तीन पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। यहां संतराम के अलावा उसकी पुत्र वधु भी रहती हैं।

### रुपयों के लेनदेन में दोस्त को गोली मारी

**हल्दौर, अमृत विचार :** ग्राम फाजलपुर ढाकी निवासी छोटे उर्फ आकिल के पुत्र अनस ने ताहिर के पुत्र परवेज को लेनदेन में हुए विवाद के दौरान गोली मार दी। गोली परवेज के पैर में लगी है। सूचना पर हल्दौर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच की। पुलिस ने परवेज को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि दोनों युवक आपस में दोस्त हैं। आरोपी अनस को तमंचे सहित गिरफ्तार किया है तथा रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का प्रयास करें

## उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का आरंभ जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अब सरकार द्वारा हर सरकारी योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है और उप्र विकास के पथ पर बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ कर विकसित राज्यों में नाम दर्ज करा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि उप्र राज्य का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हर गांव में बिजली, पानी व अच्छी सड़कों के साथ साथ अच्छी शिक्षा भी बच्चों को दी जा रही है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि हम सभी को यह सोचना है कि हम कैसे अर्थव्यवस्था के माध्यम से अपने जिले को आगे बढ़ाएं। जिससे हमारा जिला राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक जिला-एक उत्पाद को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करें।

- एक जिला-एक उत्पाद योजना को आगे बढ़ाने का काम करें
- कार्यक्रम में जादू से भी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने महात्मा विदुर की धरती जिला बिजनौर के 200 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना महोत्सव बिजनौर का लोगो भी जारी किया। इस अवसर पर जादूगर पाशा ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### साहुवाला रेंज में मिला नर हाथी का शव

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** वन विभाग की साहुवाला रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में नर हाथी का शव मिला है। हाथी के दोनों दांत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

नजीबाबाद डिवीजन की साहुवाला रेंज में मंगलवार की रात कक्ष संख्या 11 शाहनगर कुराली में नर हाथी का शव मिलने की रेंजर आरपी ध्यानी को सूचना मिली। हाथी का शव गड्ढे में पड़ा था। ऊपर से शव के पिछले दोनों पैर ही दिखाई दे रहे थे। हाथी का शव मिलने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर बुधवार को मौके पर पहुंचे वन विभाग नजीबाबाद के एसडीओ राजीव सिंह ने बताया कि रेंज की बीट शाहनगर कुराली में गड्ढे के भीतर मुंह के बल गिरे नर हाथी का शव मिला है। हाथी को गड्ढे से बाहर निकालने के प्रयास चल रहे हैं। हाथी के दोनों दांत सुरक्षित होने का दावा करते हुए एसडीओ राजीव सिंह बताते हैं कि शायद पैर फिसलने के कारण हाथी के मुंह के बाल गड्ढे में गिर जाने और फिर बाहर न निकल पाने के कारण दम घुटने से उसकी मौत हुई है।

# कब्रिस्तान में चारों युवकों के शवों को किया सुपुर्द ए खाक

संवाददाता, शेरकोट

**अमृत विचार :** चार युवकों के शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे तो वहां कोहराम मच गया। बुधवार को चारों युवकों को एक ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

ज्ञात हो कि मंगलवार रात लगभग आठ बजे ग्राम नूरपुर छिपरी निवासी सिकंदर, मारूफ, फैसल, राशिद व खुर्शीद अफजलगढ़ में चल रही नुमाइश देखकर घर वापस आ रहे थे। बताया जाता है कि कार खुर्शीद चला रहा था। जब वह अफजलगढ़ से हरेवली बैराज होते हुए गांव जा रहे थे, तब उनकी कार हरेवली बैराज के गेट नंबर 20 के पास अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी थी। इस दौरान सिकंदर ने कूदकर जान बचा ली थी। इसके बाद सिकंदर ने दोस्तों की जान बचाने के लिए शोर करना शुरू कर दिया। सिकंदर की आवाज सुनकर बैराज पर मौजूद कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। कार को पानी में डूबा देख बैराज के कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी होने पर तहसील के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हरेवली बैराज में डूबे चार युवकों की तलाश कराई। स्थानीय गोताखोर भी मौके पर पहुंच गए थे। युवकों को बचाने की तलाश में देर रात तक हरेवली बैराज में सर्च अभियान चलाया। लगभग चार घण्टे की मशक्कत के बाद कार को नदी से बाहर निकाला जा सका। लेकिन तब तक चारों युवकों की मौत हो चुकी थी। बुधवार शाम चार बजे गांव में चार युवकों के शवों को देख कोहराम मच गया। चारों शवों को देर शाम सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। सांत्वना देने पहुंचे बसपा सांसद ग्रीशचंद्र, पूर्व विधायक मूलचन्द्र चौहान, सपा नेता कपिल गुर्जर सहित आदि मौजूद रहे।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का स्वागत

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** कर्पूरी ठाकुर वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई। भारत सरकार के कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

बुधवार को ग्राम पंचायत शेखपुर गढ़ में ग्राम प्रधान धूम सिंह के प्रतिष्ठान पर अशोक कुमार की अध्यक्षता एवं पंकज कुमार उर्फ बंटी के संचालन में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रदीप ठाकुर ने कहा कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न पुरस्कार दिया जाना उनकी जन सेवा के प्रति त्याग और तपस्या का परिणाम है। डॉ. रितेश सैन ने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने, संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, संजीव ठाकुर, बाबूराम, अंकित कुमार, विश्वेंद्र सिंह, राजेश ठाकुर, सुशील कुमार, नरेंद्र, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 30 बीघा जमीन कब्जा मुक्त कराई

संवाददाता, स्योहारा


कार्रवाई के दौरान मौजूद राजस्व विभाग की टीम व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम बुढ़नपुर के मौजा काजीपुरा में चारागाह की 30 बीघा जमीन को राजस्व विभाग की टीम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। चारागाह की जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर खेती कर रहे थे।

राजस्व विभाग टीम में कानूनगो धर्मपाल सिंह व हल्का लेखपाल विनित कुमार ने पुलिस बल के साथ स्योहारा के ग्राम काजीपुरा में चारागाह की करीब 30 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। उक्त जमीन पर गांव के चमन सिंह, वीरसिंह, जागेश कुमार, शिव अवतार सिंह, ओमप्रकाश सिंह आदि 10 लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। जमीन पर खेती की जा रही थी। आरोपियों ने चेतावनी के बाद भी चारागाह की भूमि खाली नहीं की थी। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची और भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई कराकर कब्जा मुक्त एवं खाली करा कराया। कानूनगो धर्मपाल सिंह व हल्का लेखपाल विनित कुमार ने बताया कि किसी भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं होगा। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जहां भी अवैध कब्जा मिला उसे तुरंत हटवाया जाएगा। टीम में राजस्व विभाग के कानूनगो धर्मपाल सिंह, लेखपाल विनित कुमार, लेखपाल सुखवीर सिंह, तारा सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी रेखा देवी, दरोगा यशपाल सिंह व नरेन्द्र सिंह कांस्टेबल अंशुल, महिला कांस्टेबल कर्मचारी व ग्राम प्रधान के पति अब्दुल वाजिद संजीव कुमार मौजूद रहे।

- चारागाह की जमीन पर दस लोग कर रहे थे खेती

## सार-संक्षेप


राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की शपथ दिलाई

**बिजनौर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे संविधान में हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हैं, इसमें न कोई छोटा है और न कोई बड़ा है। हमें इस आजादी की रक्षा, देश व समाज का निर्माण, प्रेम तथा सद्भावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मों का आदर करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दीपाली भार्गव, उप जिलाधिकारी हर्ष चावला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार सहित कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी थे।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे सपा नेता। ● अमृत विचार

### समाजवादी पार्टी ने मतपत्र से चुनाव की मांग की

**बिजनौर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रयोग बंद करने और बैलट पेपर से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पार्टी पदाधिकारियों ने चुनाव आयोग से चुनावी प्रक्रिया में कई सुधार करने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सपा विधायक स्वामी ओमवेश, पूर्व मंत्री व सपा विधायक मनोज पारस, डाक्टर महमूद अहमद, अखलाक पप्पू आदि बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सिंचाई विभाग के ठेकेदार की शिकायत

**स्योहारा, अमृत विचार :** स्योहारा के फैजुल्लापुर में सिंचाई विभाग की जमीन पर चारदीवारी का काम चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार नियम और मानक ताक पर रखकर काम करा रहा है। जिससे यहां के कई मकानों को नुकसान की आशंका है। यहां के निवासी डॉ. संजीव वर्मा, टीकाराम, वीर सिंह, प्रताप सिंह, राजेश शर्मा ने बताया कि सिंचाई विभाग का ठेकेदार नियमों का ताक पर रखकर चार दीवारी को उनके मकानों की पीछे से न मिलाकर कहीं दो फुट तो कहीं तीन फुट जगह छोड़कर बनवा रहा है। जिससे बरसात में उनके मकानों को नुकसान और चारदीवारी भी गिर जाएगी। बुधवार को शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचे जूनियर जेई देवेंद्र कुमार ने निरीक्षण कर और जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। जबकि शिकायत करने वालों ने अपने मकानों की सुरक्षा के मद्देनजर काम को पूरा करने की मांग की है।

### युवती ने महिला हेल्पलाइन पर लगाई शादी की गुहार

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी युवती ने महिला हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर दूसरे मोहल्ला निवासी युवक से शादी की गुहार लगाई। जिस पर बढ़ापुर पुलिस युवक के घर पहुंची। जहां पुलिस को पता चला कि युवक काफी समय से कश्मीर में रह रहा है। जिस कारण पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। नगर के मोहल्ले की युवती का प्रेम प्रसंग मोहल्ला भजड़ावाला निवासी फैजान से है। जिसके चलते युवती शादी की जिद लेकर प्रेमी के घर जा धमकी थी। युवक के परिजनों के समझाने व जल्द ही युवक की शादी के आश्वासन पर युवती घर वापस लौट गई थी। जिसके बाद युवक बिना किसी को कुछ बताए कश्मीर चला गया। बुधवार को युवती को पता चला कि वह कश्मीर से आया है तो उसने महिला हेल्पलाइन 1090 पर कॉल कर युवक से शादी कराने की गुहार लगाई। बढ़ापुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस चौकी की टीम युवक के घर पहुंच गई। वहां पता चला कि युवक अभी भी कश्मीर में ही है। जिसके बाद बढ़ापुर पुलिस युवक के कश्मीर में होने की पुष्टि कर लौट गई। पुलिस ने युवती को थाना बढ़ापुर बुलाया और युवक के आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## संभल-चन्दौसी-आसपास-उत्तराखंड

# निबंध में निशा, भाषण में दीया प्रथम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसएम कॉलेज में उप प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि न केवल वह अपना मतदान करें। अपितु शत प्रतिशत मतदान की दिशा में भी अपने आसपास लोगों को प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

निबंध प्रतियोगिता में निशा प्रथम, काजल त्यागी द्वितीय तथा महक गोयल व अंजुलिका तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में दीया, आस्था व तृप्ति क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली में स्नेहा, शशिवाला, आलिमा व ताजिम की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति, साधना व अनम की टीम ने द्वितीय तथा सलोनी, प्राची एवं मनोज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- मतदाता जागरुकता प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

चित्रकला प्रतियोगिता में तृप्ति ने प्रथम, आस्था ने द्वितीय तथा हिमानी व गायत्री ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार संयोजक सरकारी कार्यक्रम समिति, डॉ. राकेश कुमार संयोजक सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. पीवी तिवारी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विशेष कुमार पांडेय, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. स्तुति वशिष्ठ आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### घर के सामने पड़ा मिला जयनगर के मजदूर का शव

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** बुधवार की सुबह जयनगर निवासी मजदूर का घर के सामने मृत अवस्था में शव पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आशंका है कि युवक की छत से गिरकर मौत हो गई होगी।

जयनगर वार्ड-नौ निवासी 45 वर्षीय जय प्रकाश सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। मंगलवार की शाम को वह ड्यूटी से वापस घर पहुंचा और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह परिवार के लोग उठे तो युवक कमरे में नहीं था। जब मुख्य गेट खोला तो युवक दरवाजे के बाहर पड़ा हुआ था। सूचना मिलने थानाध्यक्ष दिनेशपुर अनिल जोशी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि आशंका है कि घर की छत से नीचे गिर गया होगा और सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई होगी।

# परीक्षा में इयरबड मिलने पर बीटेक छात्र का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परीक्षा से रोका गया, विद्यार्थी परिषद ने शिक्षक पर अभद्रता का लगाया आरोप
- पांच बैक होने और फीस जमा न होने के बावजूद देने पहुंच गया था परीक्षा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान बीटेक छात्र के पास इयरबड पकड़े गए थे। छात्र की प्रथम सेमेस्टर में पांच बैक थीं और उसने फीस भी जमा नहीं की थी। इस पर उसे परीक्षा देने से रोक दिया गया तो उसने हंगामा किया। उसने शिक्षक को भी धमकी दी। इसके बाद विद्यार्थी परिषद ने जमकर हंगामा किया। इस पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह मौके पर पहुंचे और सुरक्षा प्रभारी सुधांशु को बुलाया गया।

कुलपति प्रो केपी सिंह ने विभागाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह से जानकारी कर छात्र का रिकॉर्ड चेक कराया तो पता चला कि छात्र की पांच बैक हैं, जबकि चार बैक होने पर ही अगले सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने का नियम है। छात्र बिना फीस जमा किए गलत तरीके से परीक्षा देने पहुंच गया था। वहीं विद्यार्थी परिषद ने शिक्षक पर अभद्रता कर जूता उठाने का आरोप लगाया है।

विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय इकाई से जुड़ा छात्र रजत शर्मा बुधवार को बीटेक परीक्षा देने पहुंच गया। इसी दौरान गेस्ट शिक्षक ने उसके पास इयरबड पकड़े। इसके अलावा उसे बैक होने और फीस जमा न होने के बारे में कहा तो छात्र ने विरोध किया। इसके बाद छात्र को बाहर कर दिया गया। इसके बाद छात्र के बुलाने पर विद्यार्थी परिषद के श्रेयांश बाजपेई, विश्वविद्यालय से निष्कासित छात्र और इकाई अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता विश्वविद्यालय पहुंचे और शिक्षक का घेराव किया।

### स्थापना दिवस पर जागरुकता शिविर लगा

**हापुड़, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छाया शर्मा की अध्यक्षता, अपर जिला जज/सचिव की देखरेख एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से मनोहर रिजेन्सी गढ़ रोड में राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस पर विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी इला प्रकाश ने आमजन को राज्य में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और राष्ट्रीय मतदान दिवस के बारे में जानकारी दी। कहा कि प्रत्येक नागरिक को 18 वर्ष की उम्र के बाद मतदान का पूर्ण अधिकार है। प्रत्येक नागरिक को मतदान आवश्यक रुप से करना चाहिए। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देने के साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया। शिविर में उपस्थित आमजन की समस्याओं का निवारण किया गया। गौरव सहगल द्वारा बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देने के साथ योजनाओं के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय स्टाफ एवं पराविधिक स्वयं सेवक सोनू कुमार, ओमकार, मनमीत हांडा सोनम, गुंजन आदि आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारियों से प्रधानमंत्री की सभा में पहुंचने की अपील

**हापुड़, अमृत विचार :** बुलंदशहर में 25 जनवरी को (आज) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने बुधवार को मेरठ रोड स्थित व्यापारी विजय शर्मा के निवास पर व्यापारियों से प्रधानमंत्री को सुनने के लिए बुलंदशहर पहुंचे की अपील की। उन्होंने कई स्थानों पर बैठक कर जनसभा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जो उद्यमियों के लिए इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया था उसके तहत 1500 सौ करोड रुपए के उद्यम हापुड़ में लगने जा रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत जो ऐतिहासिक फैसला केंद्र सरकार ने लिया है उसमें एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा प्रदान की जाएगी। कहा कि पहले उत्तर प्रदेश से व्यापारी पलायन करते थे, लेकिन 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी में निवेश की बाहर आ गई है। आज पूरे भारत ही नहीं, विश्व का उद्यमी उत्तर प्रदेश में व्यापार करने के लिए लालायित है। इस अवसर पर सुभाष प्रधान, वीरेन्द्र प्रधान, सत्यपाल, विक्रम पाल, राजेश जैन, संदीप कुमार, सुमित कुमार, संजय शर्मा, विनय भार्गव, महेश चंद्र, विनोद शर्मा, नवीन गोयल आदि शामिल रहे।

### एसपी ने मतदान करने की दिलाई शपथ

**हापुड़, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गणतंत्र दिवस से पूर्व रिजर्व पुलिस लाइन में होने वाली भव्य परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल कराया और तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही परेड रिहर्सल उपरांत पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के परिप्रेक्ष्य में समस्त अधिकारी व कर्मचारी को निर्भीक, प्रलोभन रहित एवं निष्पक्ष होकर शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान कराने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

### यूओयू के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी (यूओयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर जहर का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। मौके पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने जहर खाया या उन्हें दिया गया, इस पर संशय बना है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से द्वाराहाट निवासी यूओयू में असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत कांडपाल (45) पुत्र तारा दत्त कांडपाल यहां ट्यूलिप कॉलोनी में किराए पर रहते थे और रोजाना साथी प्रोफेसर के साथ कॉलेज जाते थे।


सीओ अनुज चौधरी को सम्मानित करतीं नारी उत्थान समिति की पदाधिकारी।

# सीओ को किया सम्मानित

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नारी उत्थान समिति ने शहर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर सीओ सदर अनुज कुमार चौधरी को सम्मानित किया।

बुधवार को नारी उत्थान सेवा समिति की महिलाएं अध्यक्ष सीमा आर्य के नेतृत्व में सीओ सदर कार्यालय पहुंची। यहां पर सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नारी उत्थान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम शहर में धूमधाम के साथ मनाये गये। लोगों ने रैलियां निकालकर खुशी का इजहार किया। शहर भर के कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से कराने में संभल सीओ अनुज कुमार का अहम योगदान रहा। इस दौरान पूर्वी वार्ष्णेय, प्रीति शर्मा, गायत्री आर्य आदि मौजूद रहीं।

### खिलाड़ियों को नौकरियों में चार फीसदी आरक्षण

**देहरादून, अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों पर फैसला लिया गया। बैठक में आबकारी नीति पर भी चर्चा हुई लेकिन अभी इस पर और विचार होगा। कैबिनेट ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

बैठक के बाद मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह सन्धु ने बताया कि उत्तराखंड में खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार फीसदी क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए उत्तराखंड लोक सेवा (अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पदक विजेता अथवा प्रतिभाग करने वाले कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2024 को विधानसभा में रखने की कैबिनेट ने अनुमति दे दी।

# खंभे के ऊपर लगे खराब टॉप को देख सभासदों ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


सभासदों की समस्याएं सुनतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय में गांधी पार्क में 100 फुट ऊंचा पोल पर तिरंगा लगाया जा रहा है। बुधवार को पोल पहुंचा तो सभासदों ने पोल के ऊपर लगे टॉप को खराब बताकर जेई से शिकायत की। बताया कि फिलहाल पोल को लगाया जा रहा है, कुछ दिन बाद दूसरा टॉप लगा दिया जाएगा। इसके बाद सभासद शांत हुए।

इस बार गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में 100 फुट ऊंचे पोल पर तिरंगा फहराया जाएगा। बुधवार को पोल गांधी पार्क पहुंचाया गया। जिसे लगाने के लिए एक हाईड्रा भी पहुंचा था। मगर कुछ सभासद मौके पर पहुंच गए और पोल के ऊपर लग रहे टॉप पुराना व क्षतिग्रस्त था। जिससे सभासदों ने नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल से नाराजगी जताई। कार्यालय में बैठी पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय से भी पहुंच शिकायत की। पालिकाध्यक्ष ने पोल लगाने वाले ठेकेदार सोनू को मौके पर बुलाया। उसने बताया कि पोल का टॉप फिलहाल तो नया नहीं बन सकता। गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराने के बाद कुछ दिन बाद दूसरा टॉप लगा दिया जाएगा। इसके बाद सभासद शांत हुए।





## पहले दिन रामलला को 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

**अयोध्या, अमृत विचार:** राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने तीन करोड़ 17 लाख रुपये का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्री राम को भेजा है। डॉ. मिश्रा के अनुसार मंगलवार 23 जनवरी को पांच लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किए हैं। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

# दूसरे दिन 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

### चार पंक्तियों में बनाई गई दर्शन की व्यवस्था, चाक-चौबंद रही सुरक्षा

### जन्मभूमि पथ से श्रद्धालुओं का प्रवेश और गेट नंबर तीन से कराई गई निकासी

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर और मंदिर में प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में राम भक्त बुधवार सुबह से ही लंबी कतार में खड़े हो गए। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भीड़ कम रही। दूसरे दिन बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन के लिए मंगलवार को अचानक सैलाब के बाद प्रशासन ने आज चाक-चौबंद व्यवस्था रखी। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए चार लाइन बनाई गईं। जिनके माध्यम से अलग-अलग लाइनों में पुरुष व महिलाओं को प्रवेश कराकर बाहर निकाल गया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में मंदिर दर्शन का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। मंगला आरती के साथ ही दर्शन प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गृह सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम नितीश कुमार समेत सभी स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि रामपथ से लेकर जन्म भूमि पथ तक चार अलग-अलग लाइन के माध्यम से राम भक्त दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचे। आज सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए दर्शन कराए गए। सभी आने वाले श्रद्धालु आसानी से सुरक्षा के बीच होते हुए परिसर पहुंचे जहां दर्शन के बाद गेट नंबर 3 से बाहर निकाला गया।



रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालु। ● प्रशांत शेखर

### मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गया बंदर

राम मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद एक बंदर मंदिर परिसर में भी पहुंचते ही रामलला के मुख्य द्वार से मूर्ति तक चला गया। मंदिर परिसर में रखें किसी भी सामान का नुकसान नहीं किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंगलवार शाम श्रीराम के गर्भ ग्रह में हुई एक अद्भुत घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आज शाम लगभग 5 :50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में प्रवेश करके उत्सव मूर्ति के पास तक पहुंचा। बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर यह सोच कर भागे कि कहीं वो उत्सव मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे। जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, वैसे ही बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने के कारण पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और दर्शनार्थियों के बीच में से होता हुआ, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि ये हमारे लिए ऐसा ही है, मानो स्वयं हनुमान जी रामलला के दर्शन करने आये हों।

### समर्थकों के साथ प्रवीण तोगड़िया ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को समर्थकों के साथ रामनगरी पहुंचे। मंदिर निर्माण की संकल्प की पूर्ति के बाद उन्होंने सरयू में स्नान किया और रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रवीण तोगड़िया ने मोदी और अमित शाह पर विश्वास जताते हुए कहा कि अब मथुरा और काशी के लिए आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर बन गया है, यह आनंद का विषय है। जैसे राम मंदिर बना हुआ है वैसे काशी और मथुरा भी बना दिखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समृद्ध हिंदू, सम्मानित हिंदू का देशव्यापी समृद्ध अभियान चलाने जा रही है। जो देश भर में चला जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए राम मंदिर खुशी का विषय है।

### भीड़ नियंत्रण की रात भर चली कवायद

- अब भी मोर्चा संभालें हैं गृह सचिव व एसडीजी
- निगरानी में जुटे एडीजी, आईजी व एसएसपी मुख्य मार्ग पर डाइवर्जन अब भी लागू



जन्मभूमि पथ पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में मंगलवार रात भर चली कवायद के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन-पूजन की व्यवस्था को बुधवार को सुचारु कर लिया। अब भी प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने परिसर में मोर्चा संभाल रखा है। एडीजी,आईजी व एसएसपी निगरानी में जुटे हैं। रामनगरी के मुख्य मार्ग रामपथ पर अभी भी रुट डाइवर्जन लागू है। स्थानीय लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन की अनुमति दी गई है। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण योजना सख्ती से लागू किये जाने के बाद बुधवार को सारी व्यवस्थाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण में दिखीं। रामपथ पर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर आरएएफ के जवानों ने मानव श्रृंखला बना रखी थी। दूसरी पटरी पर बज्र व दंगा नियंत्रण वाहन तथा उस पर तैनात सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाल रखा था। एसएसएफ और सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान और अधिकारी पूरे पथ पर मुस्तैद रहे। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर बाएं तरफ स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल कैनोपी वाले पत्थर जड़ित मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा था। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाबलों की निगरानी में बैरियर और स्कैनर सक्रिय रहे, जबकि निकास दाएं स्थित वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्ग से कराया गया। आसपास के मंदिरों में दर्श-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को अमावां मंदिर-राम गुलेला मार्ग से भी निकलने की अनुमति दी गई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने परिसर स्थित कंट्रोल रूम में मोर्चा संभाल रखा था तो प्रशासन की ओर से लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जमे थे। वहीं एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया,आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर घूम-घूमकर हालात और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह,एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत विशेष ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारी निगरानी में जुटे दिखे। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि सुचारु रूप से दर्शन-पूजन कार्यक्रम जारी है। सभी को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं।

# रामोत्सव में रंगोत्सव के रंग में रंगी रामनगरी

### 12 जनवरी से रामलला के दर्शन को कई प्रदेश के लोग रामनगरी में रहे डटे

### रामपथ पर उतर आई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक, पारंपरिक परिधानों में पहुंच रहे श्रद्धालु

### अयोध्या धाम में आस्था के जनसैलाब के संग सांस्कृतिक विरासतों का संदेश दे रहे भक्त

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** सुंदर सजी रामनगरी में आस्था के आवेग के बीच भारतीय संस्कृति का समावेश एक भारत श्रेष्ठ भारत का संवाहक बन गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक और पारंपारिक विरासत रामपथ पर नए युग के आरम्भ का प्रतीक बन गई है। अब यहां रामलला के दर्शन के लिए आने वाले राम भक्त अपने-अपने प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं अयोध्या धाम में मन रहे रामोत्सव में श्रद्धाभाव के भी जुदा-जुदा रंग दिख रहे हैं।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार की तरह बुधवार को भी रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। मंगलवार को दर्शन को लेकर हुई असहजता भी प्रशासनिक व्यवस्था से बुधवार को सहज हो गई। जन्मभूमि मार्ग पर रैपिड एक्शन फोर्स जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन की व्यवस्था बना रहे थे। श्रद्धालु भी अनुशासन की डोर स्वयं से बांधे हुए आते-जाते रहे। 12 जनवरी से यहां डटे नेपाल के आशाराम और मध्य प्रदेश के निरंजन सिंह बोले ऐसी व्यवस्था यहां कभी नहीं दिखी। हर जगह प्रसाद और राम नाम की चाय के साथ अन्य इंतजाम से ह्रदय प्रसन्न हैं। कश्मीर से आए श्रीनिवास बोले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन सरलता के साथ रामलला के दर्शन प्राप्त हुए।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर बुधवार को हनुमंतलला का रूप धरे कर्नाटक का श्रद्धालु। अमृत विचार

### 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का किया दर्शन-पूजन

रामलला के दरबार में महाराष्ट्र के पुणे से आए केशव शंखनाद पथक के 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का दर्शन-पूजन किया। जिसमे ज्यादातर महिलाएं थीं। केशव शंखनाद पथक के सदस्य केसरिया व सफेद वस्त्र पहनकर अयोध्या की सड़कों पर शंखनाद करते हुए राम जन्मभूमि पथ पहुंचे। वहां से राम के दरबार पहुंच शंखनाद किया। इस दौरान केशव शंखनाद पथक के सदस्यों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से हमें अयोध्या आने होता दिया गया था, मंगलवार को हम अयोध्या पहुंचे थे। हमारी सात पीढ़ीयों नें जो संघर्ष किया उसका आनंद आने वाली पीढ़ी के लोग लेंगे। कहा कि इतने सालों का जो सपना था आज भगवान श्री राम के दर्शन कर पूरा हो गया। रामलला की मूर्ति देखने के बाद बहुत ही सुंदर लगी। उन्होंने कहा यह केशव शंख नाद पथक विश्व का पहले पथक है जो एक साथ और एक आवाज में शंख बजाते हैं।



### मुंबई की श्रद्धालु 56- अनारकली में तो लाल कोट में दिखे बादशाह

मुंबई से अपने पति राहुल सांबे के साथ दर्शन के लिए पहुंचीं शक्ति भी विशेष परिधान में रामलला के दर्शन के लिए आईं। उन्होंने बताया कि जो परिधान वह पहने हैं उसे महाराष्ट्र में 56-अनारकली कहा जाता है। बोलीं सुंदर अयोध्या धाम में सुंदरता के साथ आना अच्छा लगा। राहुल बोले रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामपथ पर भ्रमण कर रहे सूरत के लाल बादशाह सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाल कोट - लाल पैंट और लाल जूते के साथ ऊपर से नीचे तक लाल रंग में रंगे दिखे। पूछा तो बोले सूरत गुजरात में भी इसी वेशभूषा में रहते हैं। अयोध्या में भी इसी में रामलला के दर्शन के लिए आएं हैं। बताया सूरत में 10 हजार बच्चों को अब तक दीक्षा दे चुके हैं। वह श्रद्धालुओं को लाल रंग का पेन भी वितरित करते रहे।



मुंबई से आए दंपती।

### सिर पर आस्था की गठरी लादे अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा

रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में राजस्थान के अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा भी रहे। सिर पर बड़ी सी गठरी लादे बाबा रामपथ पर पैदल बढ़े जा रहे थे ।बताया अलवर से आ रहे हैं, फिर उन्होंने सरयू नदी की राह पूछी और आगे बढ़ गए।



तेलंगाना से पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में पहुंचा श्रद्धालु।



### तेलंगाना के श्रद्धालु देवोवस्त्र तो आंध्र के राम रेड्डी पारम्परिक अंगवस्त्र में दिखे

रामपथ पर बुधवार को तेलंगाना से आया रामभक्तों का समूह अपनी पूरे पारम्परिक परिधान में रामलला के दर्शन कर आह्लादित दिखे। समूह के साथ मौजूद राकेश ने बताया कि हमारे परिधान को देवोवस्त्र कहा जाता है। प्रभु रामलला के दर्शन के लिए इसीलिए इस परिधान में आएं हैं। बताया कि यह साउथ का पारंपरिक परिधान है। जो देवों के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पहना जाता है। उनके साथ आए महाकाली, शिवा, बालाजी, महेश, सुरेश आदि मौजूद रहे। रामपथ पर दर्शन के लिए जा रहे आंध्र प्रदेश के राम रेड्डी कड़ाके की सर्दी के बाद भी धोती अंगवस्त्र में मिले। पूछा सर्दी नहीं लग रही है? बोले कुछ नहीं दोनों हाथ जोड़ प्रभु की ओर इशारा किया। इसी तरह बिहार के शैलेन्द्र विष्णु भी अपने पारंपरिक परिधान में दर्शन के लिए पहुंचे।

### संकल्प हुआ पूरा तो राम की वेशभूषा में पहुंचे अयोध्या धाम

राजस्थान के रहने वाले राज दास भी अयोध्या कोतवाली के निकट भगवान राम की वेशभूषा धारण किए आकर्षण का केंद्र रहे। बताया भव्य राम मंदिर बनने पर यह संकल्प लिया था कि उन्हीं की वेशभूषा में दर्शन करने जाएंगे। बोले रामलला विराजे तो आतुरता के साथ चला आया। उनके साथ श्रद्धालु भी सेल्फी लेते रहे। राज ने बताया कि मूलरूप से वह शेफ हैं। रंगमंच में भी सहभागिता रहती है।



**आस्था**

रामनगरी में अपनी बेटी को रामलला का दर्शन करा लौटता पिता।



**खरीदारी**

दर्शन-पूजन के बाद रुद्राक्ष खरीदती युवती।





रामपथ पर तिरंगा लहराता युवक।

**रामोत्सव** | तीन मूर्तिकारों ने अलग-अलग बनाई थी रामलला की मूर्ति, एक हुई गर्भगृह में प्रतिष्ठित

# बाल रूप रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी आईं सामने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पांच वर्षीय बाल रूप में रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्रतिष्ठित हो गए। यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामलला की दो अन्य मूर्तियों की भी तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि ट्रस्ट ने इस मूर्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया है। दावा किया है कि इन दोनों मूर्तियों को भी उचित सम्मान दिया जाएगा।



मूर्तिकार गणेश भट्ट की द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति।



मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे द्वारा बनाई की गई रामलला की मूर्ति।

राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन अलग-अलग मूर्तिकारों से 51 इंच ऊंची रामलला की बाल स्वरूप मूर्ति तैयार करने को कहा था। ट्रस्ट के अनुमति पर मैसूर के अरुण योगीराज, कर्नाटक के कृष्ण शिला पर गणेश भट्ट व राजस्थान के मकराना संगमरमर के पत्थर पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाने का काम शुरू किया था। मूर्ति तैयार होने के बाद ट्रस्ट ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के अरुण योगीराज की मूर्ति चयन किया और उसे 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठ के तीसरे दिन बुधवार को मूर्तिकार गणेश भट्ट व सत्यनारायण पांडेय की ओर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि मंदिर के प्रथम तल पर लगने वाले राम दरबार के साथ इन दोनों मूर्तियों का प्रयोग किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि दोनों अन्य मूर्तियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। अभी तक ट्रस्ट ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जल्द ही मंथन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

- मूर्तिकार गणेश भट्ट ने कृष्ण शिला व सत्यनारायण पांडेय ने मकराना संगमरमर की बनाई मूर्ति - मूर्तियों को राम मंदिर उचित स्थान देने पर ट्रस्ट लेगा निर्णय



महाराष्ट्र से आए रामभक्तों ने भेंट की स्वर्ण जड़ित तलवार।

### रामलला को समर्पित की स्वर्ण जड़ित तलवार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद रामभक्त अपने आराध्य को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए 20 सदस्यीय राम भक्तों की टोली ने बुधवार को स्वर्ण जड़ित तलवार रामलला को समर्पित की है। तलवार सात फीट लंबी और 80 किलो वजनी है। जिस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसके साथ ही इस तलवार पर विष्णुजी के 10 अवतारों के चिह्न भी अंकित हैं। निलेश अरुण ने कहा कि तलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। यह तलवार प्राचीन नंदन तलवार को देखकर बनाया गया है, इसे एक गाड़ी में रखकर अयोध्या लाया गया है।

## कानपुर के नौबस्ता में बंदर की एयरगन से हत्या, तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर, अमृत विचार :** नौबस्ता थानाक्षेत्र में 16 जनवरी को मोहल्ले में उछलकूद कर रहे एक बंदर की एयरगन चलाकर हत्या कर दी गई। घटना का विरोध करने वाले से मारपीट भी की गई। बुधवार को स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया तो पुलिस ने मृत बंदर को गड्ढा खोदकर बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वाई-ब्लॉक किदवई नगर निवासी अंजनी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाले सुरेंद्र सिंह चौहान ने 16 जनवरी को अपनी एयरगन से बंदर की हत्या कर दी थी। पता चलने पर 22 जनवरी की शाम को वह इस संबंध में उनसे बात करने गए तो सुरेंद्र सिंह चौहान व उनके पुत्र सोनी चौहान व सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप ने घर में घुसकर मारना पीटना शुरू कर दिया। शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें टरका दिया। जिसके बाद डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार से शिकायत की गई। इस पर अंजनी मिश्रा की तहरीर पर सुरेंद्र सिंह चौहान, सोनी चौहान, सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप के खिलाफ जानवर की एफआईआर दर्ज की गई है।

# ज्ञानवापी मामले की सुनवाई से न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने खुद को किया अलग

## मामले को अन्य पीठ के समक्ष नामित करने को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) करने की मांग को खारिज करने वाले वाराणसी जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष की ओर से न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ के समक्ष अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने बहस की। अधिवक्ता को सुनने के बाद न्यायमूर्ति ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया, साथ ही मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष नामित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया। मामले की सुनवाई आगामी 31 को होने की संभावना है।

लांकि न्यायमूर्ति ने अपने को सुनवाई से अलग क्यों किया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मालूम हो कि वाराणसी के जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने 21 अक्टूबर 2023 के आदेश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने संबंधी निर्देश देने से इनकार कर दिया था। जिला अदालत में पक्षकार राखी सिंह ने प्राथमिक तर्क उठाया था कि संपत्ति (ज्ञानवापी परिसर) के धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए वजूखाने का सर्वेक्षण आवश्यक है। हालांकि उनका आवेदन खारिज करते हुए जिला जज ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई 2022 के अपने आदेश के जरिए उस क्षेत्र की विधिवत सुरक्षा करने का आदेश दिया है, जहां शिवलिंग पाए जाने की बात कही गई है, इसलिए एएसआई को सर्वेक्षण करने का निर्देश देना उचित नहीं है। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल पुनर्विचार याचिका में याची ने इस बात पर जोर दिया कि वजूखाने का सर्वेक्षण न्याय के हित में आवश्यक है। इससे वादी और प्रतिवादियों को समान रूप से लाभ होगा। इसके साथ ही याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि जिला जज ने अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग ठीक से नहीं किया है। आगे यह भी बताया गया कि अपने आदेश में उन्होंने जानबूझकर विधिवत संरक्षित क्षेत्र को सर्वेक्षण के दायरे से बाहर कर दिया है, क्योंकि जिस आवेदन पर उक्त आदेश पारित किया गया है, उसमें संरक्षित क्षेत्र के सर्वेक्षण की मांग करने वाली कोई प्रार्थना नहीं की गई थी। गौरतलब है कि एएसआई पहले ही ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर चुका है।

### सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाएगी

वाराणसी, अमृत विचार : वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज ए के विश्वेश ने अपने आदेश में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाए। मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान जिला जज के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे, उसे सार्वजनिक न किया जाए। इस पर जिला जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक न करने का बंध पत्र अदालत में जमा करा कर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें। यादव ने बताया कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) प्रशांत सिंह की अदालत में आज ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल कर दी, जिसके बाद जिला जज ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया है। यह रिपोर्ट शाम चार बजे तक उपलब्ध होने की संभावना है। जिला अदालत के पिछले साल 21 जुलाई के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।

## कारोबारी के 8 साल के बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या

**अयोध्या, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के आठ वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी गई। बालक का शव जंगली क्षेत्र स्थित एक गड्ढे में घास-फूस से छिपा दिया गया था। वह मंगलवार की देर शाम से लापता था और पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपी जय प्रकाश यादव की तलाश में जुटी है। मूल रूप से थाना क्षेत्र के किछूटी निवासी और बेलगरा में आवास और दुकान बनवा कारोबार करने वाले सूर्यदेव कसौधन का पुत्र राज कसौधन(8) मंगलवार शाम अपने घर के बगल झोला लेकर दाना भुनाने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीण बुधवार सुबह करीब 10 बजे जलौनी लकड़ी एकत्र करने मिश्राने के जंगल पहुंचे तो वहां एक गड्ढे को घास-फूस (सरपत) से ढंका देखा। ऊपर ताज़ी मिटटी पड़ी देख माजरा जानने के लिए सरपत हटाई तो गड्ढे में बालक की रक्तरंजित लाश मिली। उसके पेट पर चाकू के ताबड़तोड़ प्रहार के निशान थे, आंत बाहर निकली हुई थी।

# समितियों में 767.78 अरब का गबन दबाए हुए है विभाग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** सहकारिता अनुभाग में 767.78 अरब रुपये का गोलमाल दबा है। इसमें 2010 के पहले से गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के कुल 38,292 मामले (प्रस्तर) हैं जो सहकारी समितियां एवं पंचायत (लेखा परीक्षा) ने पिछले वर्ष तक सहकारी समितियां, दुग्ध डेयरी, गन्ना व चीनी मिलें, आवास समितियां, ग्रामीण आवास, मत्स्य समितियां व उद्योग बुनकर की कुल 17,419 समितियों के ऑडिट में पकड़े हैं। मनमानी इस कदर है कि हर वर्ष मिले करोड़ों के गबन की संबंधित विभाग वसूली नहीं कर पाए हैं और यह मामले ऑडिट की फाइलों तक सीमित हैं। इन समितियों में मुख्य रूप से व्यवसाय के नाम पर खरीद-बिक्री और किसानों को ऋण वितरण में जमकर धांधली हुई है। ऑडिट में पुष्टि होने के बाद कार्रवाई न होना यह बड़ा सवाल है।

**1954 की समितियां, ज्यादातर कर्ज में डूबकर हो गई बंद :** इनमें कई समितियां 1954 के आसपास की हैं। कई बंद हो चुकी हैं तो अधिकांश के अभिलेख नहीं हैं। वहीं, धांधली के कारण सैकड़ों समितियां कर्ज में डूबकर बंद हो गई हैं तो बहुत सी कर्जदार हैं। कार्रवाई के लिए समितियों में गबन के मामले पटल पर रखने का प्राविधान नहीं है। इसलिए वसूली करना मुश्किल है। ऐसे में ऑडिट का भी कोई महत्व नहीं है। अभिलेख न मिलने के कारण समितियों का 100 प्रतिशत ऑडिट करना लेखा परीक्षा विभाग के लिए मुश्किल रहता है। और आनाकानी के कारण यह प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें गन्ना समितियों की स्थिति ज्यादा खराब बताई जाती है। इन्हीं अव्यवस्थाओं के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिर्फ 4403 समितियों का ऑडिट हो पाया है।

### पंचायतों में भी 421.91 अरब वसूलना बाकी

ग्राम पंचायतें भी विकास के नाम पर धांधली करने में पीछे नहीं हैं। 2012 से अब तक अरबों रुपये का गबन ऑडिट में पकड़ा गया है और वसूली भी विभाग ने की है। फिर भी 41588 प्रस्तर में 421.91 अरब रुपये पंचायती राज विभाग को वसूलना बाकी है। यहां त्वरित कार्रवाई न होकर प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद होती है। इस कारण वसूली नहीं हो पाती है।

# मोदी आज बुलंदशहर और मेरठ को देंगे हजारों करोड़ की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बुलंदशहर दौरे पर आ रहे हैं, इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित मोदी के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित मंडलीय और जनपदीय अधिकारीगण मौजूद रहे। प्रधानमंत्री बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं।

### अपनी बहन से मिलने गाजियाबाद पहुंचे योगी

**लखनऊ।** बुलंदशहर में गुरुवार को होने वाली प्रधानमंत्री की रैली से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद स्थित राजनगर एक्सटेंशन की एमजीआई घरौंदा सोसाइटी में रहने वाली बहन के घर बुधवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां लगभग 15 मिनट तक बहन का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने बहनोई को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बहनोई राजेंद्र सिंह की मृत्यु बीते साल कारण हो गई थी।

## कांशीराम को भी मिले भारत रत्नः मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा पार्टी संस्थापक रहे कांशी राम को भी भारत रत्न दिया जाय। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष कर उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत है। उन्होंने देश के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए उनके परिवार व सभी अनुयाइयों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दीं।

# गांवों में बिजली आपूर्ति के मामले में पश्चिमांचल निगम फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** गांवों में बिजली आपूर्ति के मामले में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम पूरे देश में फिसड्डी साबित हुआ है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) की ओर से जारी अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 30 लाख बिजली उपभोक्ता हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ही केवल 80 प्रतिशत उपभोक्ता हैं। आरईसी ने वर्ष 2022-23 में ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति के घंटे का अध्ययन किया, जिसमें पश्चिमांचल विद्युत वितरण कंपनी देश की सबसे कम बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी पायी गई है। मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 17.61 घंटे, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 18.57 घंटे, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 19.11 घंटे व प्रदेश की निजी घराने की नोएडा पावर कंपनी 19.16 घंटे ही बिजली आपूर्ति कर पाई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरईसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सबसे ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम बिजली आपूर्ति करने वाली गुजरात की बिजली कंपनी है। इस कंपनी के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में 23.92 घंटे बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया गया है, वहीं देश में 19 बिजली कंपनियां औसत से नीचे व 35 बिजली कंपनियां औसत बिजली आपूर्ति से ऊपर रहीं।

# सरकारी अस्पतालों में एक ही दिन में पूरा इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ पैथोलॉजी में दो बजे तक लिए जाएंगे सैंपल, रिपोर्ट भी मिलेगी**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को दिक्कतें नहीं आएंगी। एक ही इलाज के लिए मरीजों को कई दिन अस्पताल में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पतालों में ओपीडी टाइम दो बजे तक पैथोलॉजी में सैंपल लिए जाएंगे और यथा संभव रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि ओपीडी में आने वाले मरीजों को एक ही दिन में पूरा इलाज उपलब्ध हो सके। इस संबन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने सभी अस्पताल के प्रभारियों को आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी में 12 बजे तक ही खून के सैंपल लिए जाते हैं, जिसकी वजह से दो बजे तक ओपीडी में उपचारित मरीजों को अगले दिन सैंपल देने और उसके अगले दिन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आना पड़ता है, जिसकी वजह से संपूर्ण इलाज प्राप्त करने में तीन दिन व्यतीत हो जाते हैं। मरीजों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर अस्पताल की पैथोलॉजी में दो बजे तक सैंपल लेने के साथ ही एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाए और यथासंभव जांचों की रिपोर्ट भी उसी दिन दी जाए। शासन के निर्देश को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अस्पताल के प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

# फुल ड्रेस रिहर्सल के जाम ने करा दी आमजनों की परेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विधानसभा के सामने गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) की महिला टीम रिहर्सल करती हुईं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यातायात विभाग की डायवर्जन व्यवस्था और सुझाए गए वैकल्पिक रास्तों के तमाम दावे बुधवार सुबह उस समय धरे रह गए जब हर प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं। हाल यह रहा कि वाहन अपनी जगह से टस से मस न होते देख फंसे लोगों ने इंजन बंद कर दिया और खडे.होकर व्यवस्था को कोसने लगे।

सुबह से लेकर अपराह्न तक हालात सामान्य नहीं हो पाए। गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण राजधानी के तमाम प्रमुख रास्ते चोक रहे। इसका असर यह पड़ा कि प्रमुख मार्गों से जुड़ी गलियों तक में जाम के हालात बने रहे। दरअसल, मंगलवार को गणतंत्र दिवस पर फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर लखनऊ यातायात पुलिस ने एक ट्रैफिक प्लान तैयार किया था। जिसमें यह दर्शाया गया था कि अगर जाम से बचने के लिए राहगीर वैकल्पिक मार्गों का चयन कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं, लेकिन सुबह वाहनों की कतारों ने यातायात विभाग के ट्रैफिक प्लान की कमर तोड़ दी। रिहर्सल में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) की महिला टीम के अलावा अन्य बलों ने भी भाग लिया।

### परेड में इस बार रामलला चलेंगे साथ-साथ

**लखनऊ, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार लखनऊ और दिल्ली में निकलने वाली झांकियों में इस बार यह समानता होगी कि दोनों जगहों की झांकियों में राम मंदिर की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली प्रदेशों की झांकियों में उत्तर प्रदेश की झांकी राम मंदिर पर आधारित होगी। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से काफी पहले ही यह तय कर लिया गया था कि इस बार गणतन्त्र दिवस परेड में भी रामलला के मंदिर मॉडल को शामिल किया जाएगा। पिछले एक महीने से कलाकार इस झांकी को तैयार करने में जुटे हैं। राम मंदिर का विशाल मॉडल पहियों पर सवार होकर जब झांकी में चलेगा तो सभी के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। परेड में 22 झांकियां इस बार शामिल हो रही हैं। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान श्रीराम मंदिर की झांकी पर होगा। अध्यात्मिक और सांस्कृतिक बोध कराने के लिए परेड में पर्यटन विभाग की नैमिषारण्य तीर्थ की झांकी भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर बुधवार को विधानसभा के सामने फुल ड्रेस रियल टाइम रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में यूपी पुलिस, सेना-अर्द्धसैनिक बलों के जवान के अलावा होमगार्ड शामिल हुए। परेड में सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड और स्कूली बच्चों ने कदमताल किया। रिहर्सल के दौरान सेना के पराक्रम को दर्शाया गया। परेड में सबसे आगे टी-90 भीष्म टैंक सेना की ताकत को दर्शा रहा था। परेड में सेना की आकाश मिसाइल भी शामिल रहीं। रविंद्रालय से निकलकर परेड विधानभवन के सामने पहुंची।

## वर्ग पहेली-323

**बाएं से दाएं**

1. 1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।
4. 1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।
6. 1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।
7. 1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री
8. 1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

**ऊपर से नीचे**

2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।
3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बाँस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।
4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली, एक गर्भनिरोधक उपकरण।
5. मोटी तह
7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



### वर्ग पहेली - 322 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | | | 2 मू | 3 स | ली |
| हु | | 4 घ | | ज | |
| रा | | ह | | वा | |
| | 5 नि | र | ख | ना | |
| 6 काँ | ख | ना | | | 7 के |
| | र | | 8 लं | ब | क |
| | ना | | | | ड़ा |

## सुडोकू-40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | |
| 4 | | 3 | | 6 | 1 | | 8 | |
| 5 | | 7 | 8 | 2 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | 5 | | 3 | | 8 | | 7 | |
| | 8 | | 4 | | | 5 | | |
| 8 | | | | 5 | 2 | 1 | | 3 |
| | 6 | | 7 | 3 | | 4 | | 8 |
| | 3 | | | | | | | |

### सुडोकू - 39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 23.23 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.50-15.33 तक।

**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 08.16 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज घर में नकारात्मकता हावी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। जितना शांत0 रहेंगे उतना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

**वृष** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप काफी शान्त रहेंगे। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारु रूप से पूर्ण होंगे। इससे आपकी आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

**मिथुन** – आज धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा।

**कर्क** – आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। शोध कार्यों से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्च करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** – आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**तुला** – आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। ऑफिस आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रिनया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाने वाली यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

**कुंभ** – आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मीन** – आज नया कार्य शुरू करने से बचें। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुरे लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | इंसानियत | सुबह : 11.40 |
| B4U Movies | ब्लैकमेल | रात : 07.20 |
| Sony Max | दीवाना मैं दीवाना | सुबह : 08.49 |
| Sony Max | भूल भूलैया 2 | रात : 07.00 |
| Sony Pix | सिसु | सुबह : 10.21 |
| Sony Pix | जॉम्बीलैंड | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | दस्तक | दोपहर : 01.30 |
| Zee Cinema | हाईवे ड्रीम्स | रात : 10.00 |
| Colors Cineplex | चेन्नई एक्सप्रेस | सुबह : 09.52 |
| Colors Cineplex | हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां | रात : 07.00 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया।
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका?
एक औरत ने गुस्से से कहा -फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 ।चावल - ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200 ।चीनी - डालमियां 4060

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स 690 अंक उछला

## धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में आई तेजी, टाटा स्टील का शेयर 3.77 फीसदी मजबूत

मुंबई, एजेंसी



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ।

मानक सूचकांक कारोबार के दौरान ऊंचे में 71,149.61 अंक तक गया और नीचे में 70,001.60 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

सेंसेक्स के कुल 30 में से 25 शेयर लाभ में रहे जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मंगलवार की बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की।

### वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,115.39 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 1,053.10 अंक टूटा था और निफ्टी 330.15 अंक नुकसान में रहा था।

## यूको बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपये : अश्वनी



**कोलकाता।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (सीईओ) अश्वनी कुमार ने बुधवार को बैंक के तृतीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसका प्रसारण यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। इसमे यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या से अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़ा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 1119.00 करोड़, नेट प्रॉफिट 503.00 करोड़ एवं नेट एनपीए 0.98 प्रतिशत रहा है।

## सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया ज्ञापन

भारतीय उद्योग मंडल (सीआईआई) ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है। सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए।

सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 718 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,875 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## मुरादाबादमंडी

| | |
| --- | --- |
| दाल चना | :75 से 76 रुपये |
| मसूर | : 88 से 90 रुपये |
| मलका | :82 से 85 रुपये |
| अरहर | : 118 से 125 रुपये |
| उड़द | : 95 से 101 रुपये |
| धोआ उड़द | : 110 से 120 रुपये |
| मूंग धोआ | : 104 - 106 |
| रुपये मूंग छिलका | : 102 रुपये |
| मूंग साबुत | :100रुपये |
| चना देसी | : 80 रुपये |
| चना कावली | :145 से 160 रुपये |

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| जौ | 2000 -2100 |

## कंपनियों को पंजीकरण के तीस दिन के अंदर देना होगा बैंक ब्योरा

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा है कि कंपनियों को निलंबन से बचने के लिए जीएसटी पंजीकरण के 30 दिन के भीतर जीएसटी अधिकारियों को वैध बैंक खाते का ब्योरा देना होगा। जीएसटीएन ने जीएसटी-पंजीकृत कंपनियों के लिए एक परामर्श में कहा कि सभी पंजीकृत करदाताओं को माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर या जीएसटीआर-1/आईएफएफ दाखिल करने की तय तारीख से पहले, जो भी पहले हो, अपने बैंक खाते का ब्योरा देना जरूरी है।

# महीनों बाद भी खरीफ फसलों के क्लेम का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवंबर में कटी थीं धान समेत अन्य खरीफ फसलें
- जिलों से समय पर नहीं मिले क्रॉप कटिंग के आंकड़े



**अमृत विचार :** प्रदेश में खरीफ 2023-24 की फसल कटे काफी समय हो गया है लेकिन, बीमित फसलों के क्लेम का पता नहीं है। विभाग समय पर उपज के आंकड़े नहीं जुटा पाए तो कंपनियां नुकसान का आकलन नहीं कर पाईं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि प्रदेश में कितने किसानों को कितनी क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलेगी। जबकि नवंबर तक धान समेत अन्य फसलें कट गईं थीं और इधर खेतों पर रबी की फसलें खड़ी हैं। दरअसल, बीमित फसलों का क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर तय होता है। यानी फसल की कटाई के दौरान निकली उपज का पॉलिसी के अनुसार आकलन कर क्षतिपूर्ति निकाली जाती है और उपज कम होने पर कंपनियां भरपाई करतीं हैं। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि आंकड़े बीमा कंपनियों को दिए गए हैं। इस बार जल्द किसानों को क्लेम मिलेगा।

### 15 दिसंबर तक जुटाए थे आंकड़े

कृषि विभाग इस बार क्रॉप कटिंग और उपज का आकलन जल्द होना बता रहा है। जबकि जिलों से समय पर उपज के आंकड़े न मिलना भी बताया जा रहा है। हालांकि 15 दिसंबर तक उपज के आंकड़े जिलों से जुटाए गए और 15 जनवरी तक बीमा कंपनियों को पॉलिसी के अनुसार मैचिंग यानी क्षतिपूर्ति की तुलना कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिए गए। जिसकी केंद्र के पोर्टल पर फीड करने की जा रही है।

### पांच हजार किसानों का 3 करोड़ बाकी

खरीफ में व्यक्तिगत व मध्य अवधि के कुल 13 हजार किसानों को 9 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना तय हुआ था। इनमें कंपनियों ने 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें व्यक्तिगत दावे कितने आए और कितने निरस्त हुए इसकी रिपोर्ट कंपनियों ने नहीं दी है।

# राष्ट्रीय

## प्रधानमंत्री बोले-इस बार की गणतंत्र दिवस परेड महिला शक्ति को समर्पित

# कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपनाएं युवा

नई दिल्ली, एजेंसी





नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उत्साहित एनसीसी/एनएसएस कैडेट। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड इस बार और विशेष होगी क्योंकि यह देश की महिला शक्ति को समर्पित है और साथ ही यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस भी होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के एक समूह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बारे में जानने और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी कहा कि वे राष्ट्र प्रथम के मंत्र को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'जेन जेड' (जेड पीढ़ी) कहा जा सकता है लेकिन वह उन्हें (युवाओं को) अमृत पीढ़ी कहना पसंद करेंगे। पिछड़े समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न दिए जाने से युवा पीढ़ी उनके बारे में जानेगी और उनके जीवन से सीख लेगी जो कि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता के बीच पैदा हुए, लेकिन वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता हमेशा विनम्र रहे और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा। मोदी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी को एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाकुर गरीबों के कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने कार्यों में उनकी सरकार के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है और युवाओं की ऊर्जा से देश की गति तेज होगी।

## ईडी ने तृणमूल कांग्रेस नेता शेख के घर फिर से की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमला किए जाने के 19 दिन बाद जांच एजेंसी अधिकारियों ने कथित तौर पर करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाला मामले में अपनी जांच के सिलसिले में फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर बुधवार सुबह फिर से छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। घर में प्रवेश करने के बाद ईडी अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी।

# भाजपा और विपक्ष में ठाकुर की विरासत पर दावा करने की होड़ तेज

नयी दिल्ली/पटना, एजेंसी



पटना में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राज्य मंत्री तेज प्रताप यादव। • एजेंसी

- जयंती पर मोदी, शाह, नीतिश व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

जननायक' कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों में दिग्गज समाजवादी नेता की राजनीतिक विरासत पर दावा करने की होड़ बुधवार को तेज हो गई। भाजपा ने जहां उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की, वहीं विपक्षी नेताओं ने उनके (ठाकुर के) एजेंडे पर काम करने की केंद्र को सलाह दी और जाति आधारित गणना की फिर से वकालत की।

ठाकुर की 100वीं जयंती पर मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है।

भाजपा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने ठाकुर के योगदान को स्वीकार नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करने के भाजपा के प्रयास से सशंकित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद ने अपनी राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर के प्रभाव और उनके लिए भारत रत्न' की अपनी मांग को भी रेखांकित किया है।

## एक नजर

### जवान ने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या की

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या कर ली। घटना में छह जवान घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात को साजिक तमपक इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर गोलियां चलाने के बाद खुद को गोली मार ली। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को जातीय संघर्ष से नहीं जोड़ा जाना चाहिए ।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने में कई लोगों पर केस

**जम्मू।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आपत्तिजनक सामग्री' पोस्ट करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी और रियासी जिलों में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर' संवेदनशील सामग्री' पोस्ट की जिससे माहौल खराब' होने की आशंका थी।

## गणतंत्र दिवस परेडः उत्तर-प्रदेश की झांकी में देखने को मिलेगी नमो भारत ट्रेन की झलक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की नमो भारत ट्रेन की प्रतिकृति इस गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झांकी में साहिबाबाद स्टेशन से शुरू होने वाली क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) ट्रेन का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा, " इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में नमो भारत ट्रेन आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। इसकी झलक उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। इसमें साहिबाबाद स्टेशन से चलने वाली आरआरटीएस ट्रेन की लघुकृति प्रदर्शित की जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्यप्रदेश में भाजपा के एक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े 'आपत्तिजनक' पोस्ट साझा करने के आरोप में राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भ्याना गांव के रहने वाले आरोपी सईद खान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों द्वारा उनकी पोस्ट को लेकर लीमाचौहान पुलिस थाना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद की गई। लीमाचौहान पुलिस थाना के प्रभारी अनिल कुमार राहोरिया ने बताया कि मंसूरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## भगवा झंडे हटाने पर हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन पर केस

मुंबई, एजेंसी

अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन के दिन एक इमारत के प्रवेश द्वार पर लगाए गए भगवा झंडों को कथित तौर पर हटाने के लिए हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस ने विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में तीनों लोगों पर केस दर्ज किया है।

परेल इलाके में स्थित सिद्धि अहमद कोआपरेटिव समिति के सचिव और दो अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को भोईवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता सोसायटी का ही निवासी है। शिकायतकर्ता और अन्य लोगों ने सोमवार दोपहर को मिठाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया था, जिस दिन अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। अधिकारी ने कहा कि सोसायटी के निवासियों ने प्रवेश द्वार पर भगवान राम की तस्वीर वाले भगवा झंडे लगाए थे।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने शाम में देखा कि झंडे हटा दिए गए हैं। उसने और उसके दोस्तों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए इमारत के सचिव से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई कि सचिव के निर्देश पर दो अज्ञात लोगों ने झंडे हटा दिए हैं।

## कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यंत वंचितों के लिए काम किया : जोशी



प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र सौंपते लोग।

जयपुर, एजेंसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, कूर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

जोशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवन पर्यंत वंचित और पिछडे.वर्ग के उत्थान के का काम किया।

## खरगे ने असम में राहुल की सुरक्षा पर शाह को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी की तिथि वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

# जितने भी केस करें, हम डरेंगे नहीं : राहुल

बारपेटा (असम), एजेंसी

- राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन असम में की जनसभाएं

भीड़ को उकसाने के आरोप में गुवाहाटी पुलिस द्वारा राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य को चुनौती दी कि वे जितना संभव हो उतने मामले दर्ज करें, लेकिन फिर भी वह डरेंगे नहीं। बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया।

उन्होंने कहा जितना संभव हो, उतने मामले दर्ज करें। 25 और मामले दर्ज करें, आप मुझे डरा नहीं सकते।



असम के बोंगाईगांव जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी। • एजेंसी

### राहुल को लोस चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी को लोसचुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा जिनके खिलाफ यहां हिंसा भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। असम पुलिस ने कांग्रेस की न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार को यहां हिंसा भड़काने के आरोप में राहुल गांधी और पार्टी के अन्य कई नेताओं के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।



## सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर

### आईसीसी ने लगातार दूसरी बार घोषित किया साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

**दुबई, एजेंसी**

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है।

आईसीसी ने उन्हें टी-20 प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में करीब 50 के औसत और 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टी-20 मैचों में रन बनाए थे। इस समय सूर्यकुमार यादव जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहेबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

#### आईसीसी ने सूर्या को बताया भारतीय मध्यक्रम की रीढ़

आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। आईसीसी के मुताबिक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। सूर्या ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 7 रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

#### कप्तानी का बोझ होने पर भी की अच्छी बल्लेबाजी

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

## युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

### अंडर-19 विश्व कप : आज अच्छी बल्लेबाजी के अभ्यास पर होगी नजर

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा।



#### बल्लेबाजों को शैली में कराना होगा सुधार

भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए थे लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश: 79 और 68 रहा, जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण बीच में ब्रेक लेना पड़ा था।

#### भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## 12 साल का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

### साल 2012 से अपनी सरजमीं पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में अजेय है भारतीय टीम

**हैदराबाद, एजेंसी**

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को इंग्लैंड की टीम अपनी बैजबॉल शैली से चुनौती देने के लिए उतरेगी तो बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा ब्रिगेड इसका जवाब स्पिन बॉल से देना चाहेगी। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। इसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें 7 में क्लीन स्वीप किया है।



#### विराट के न खेलना से राहत

इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे, जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं।

#### कोहली की जगह रजत पाटीदार टीम में

मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से हराया था लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी थे।

#### 44 टेस्ट में से सिर्फ 3 में हारा है भारत

भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट मैच खेले और सिर्फ 3 में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए तो भारत के सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।



#### अश्विन और जडेजा पेश करेंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम खासतौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। अश्विन 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक है।

#### बैजबॉल से इंग्लैंड को मिली कामयाबी

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर इकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे, जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

## भारत ए ने पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर कसा शिकंजा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आकाशदीप के 4 विकेट के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत ए ने बुधवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। आकाशदीप ने चार, जबकि यश दयाल और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके।

**आकाशदीप ने झटके 4 विकेट, देवदत्त ने बनाए नाबाद 92 रन**

ओलिवर प्राइस 48 रन बनाकर इंग्लैंड लायंस के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राइडन कार्स ने 31 रन बनाए। इंग्लैंड के 7 बल्लेबाज 10 रन से ऊपर नहीं जा सके। प्राइस और कार्स के बीच सबसे बड़ी भागीदारी 43 रन की रही। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 53) की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। भारत ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 150 रन बना लिए।

### खेल डायरी

#### सुमित नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे मिला प्रवेश



**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए कट-ऑफ 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

#### जका अशरफ की जगह शाह खावर बने पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

**लाहौर।** जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली।



पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी। खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

#### मंदीप इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो से भिड़ेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को अमेरिका के वाशिंगटन में टोपेनिश सिटी में इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो इस्क्विवेल से भिड़ेंगे।

**मुक्केबाजी**

एक विज्ञप्ति के अनुसार रॉय जोन्स जूनियर से ट्रेनिंग लेने वाले जांगड़ा ने अपने सामान्य 75 किग्रा वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है और अब वह 59 किग्रा वजन वर्ग में भिड़ेंगे। यह उनके कॅरिअर का सबसे बड़ा मुकाबला होगा। जांगड़ा ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत हासिल की है, जिसमें से चार नॉकआउट जीत रही हैं। जांगड़ा ने अपना पहला मुकाबला 2021 में जीता था और अंतिम जीत अगस्त 2023 में दर्ज की थी।

#### सेमीफाइनल में पहुंचे बोपन्ना सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**मेलबर्न।** भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए।



इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

## किरण-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**जकार्ता, एजेंसी**

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलयेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले किरण जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया।

**प्रणय और श्रीकांत पहले दौर में हारकर बाहर**



किरण जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी। लक्ष्य सेन का सामना अगले दौर में डेनमार्क के मलयेशिया ओपन चैंपियन एंडर्स एंटोनसेन या इंडोनेशिया के चिको औरा ड्वी वारडोयो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए।

## भारत ने फ्रांस से ड्रा खेला

**केपटाउन, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फ्रांस से 2-2 के ड्रा से अंक बांटने पड़े। भारत के लिए मंदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा, जबकि फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट और बी गैस्पर्ड के गोल से बराबरी हासिल की।

**हॉकी टूर्नामेंट**

मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया, जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन फ्रांस ने वापसी करने के लिए हमले तेज किए और उसकी बराबरी हासिल करने की कोशिश सफल साबित हुई जब क्लेमेंट ने गोल कर अंतर कम किया।

अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के लिए प्रयासरत थीं लेकिन भारत को हूटर बजने से एक मिनट पहले गहरा झटका लगा जब फ्रांस के लिए गैस्पर्ड ने बराबरी गोल लगाया। इस टूर्नामेंट में भारत और फ्रांस के अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड की टीमें भाग ले रही है। भारत शुक्रवार को तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर रविवार को उसका सामना नीदरलैंड से होगा।

## एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को दी शिकस्त

**मस्कट, एजेंसी**

**पूल सी के मैच में 5-4 से हराया दीपिका- मुमताज ने किए 2-2 गोल**



दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के 2-2 गोल की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। पोलैंड के लिए जूलिया, कप्तान मारलेना रिबाचा, पाउला स्लाविंस्का और मोनिका पोलव्जाक ने गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली थी। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी।

# बॉलीवुड हलचल

## 12वीं फेल ऑस्कर की दौड़ से बाहर, टू किल अ टाइगर लिस्ट में हुई शामिल




ऑस्कर्स 2024 के लिए हाल ही में फिल्मों का नॉमिनेशन शुरू हुआ था। अब नॉमिनीज की लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट से 12वीं फेल और 2018 दोनों फिल्में बाहर हो गई हैं। उम्मीद की जा रही थी कि विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल को इस लिस्ट में जगह मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इन दोनों बड़ी फिल्मों को मात देकर इंडिया की निशा पाहूजा की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म टू किल अ टाइगर ने एंट्री मारी हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। साल 2024 में टू किल अ टाइगर अकेली ऐसी फिल्म हैं, जिसे ऑस्कर्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के नॉमिनेट होने के पर इंडियन फैंस की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। इस फिल्म को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के अलावा 4 और फीचर फिल्मों को इस लिस्ट में जगह मिली है।

### कैसी है टू किल अ टाइगर की कहानी

निशा पाहूजा की फिल्म टू किल अ टाइगर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां लोगों ने इसे काफी पसंद किया था। इस फिल्म की कहानी इंडिया के एक छोटे से गांव पर बनी है। इसमें एक पिता की कहानी है जो अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाना चाहता है, जिसके साथ तीन लोगों ने अपहरण करके दुष्कर्म किया था।

## रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फाइटर पर लगा बैन



ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है मगर खाड़ी देशों से इस फिल्म के लिए बुरी खबर है। इस फिल्म पर रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। भारतीय वायु सेना के पायलट की जिंदगी पर बनी इस फिल्म को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। इससे गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। फिल्म को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

फिल्म फाइटर रिलीज होने से पहले ही एडवांस बुकिंग में धमाल मचा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

## डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स में शाहरुख खान की एंट्री



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की साल 2024 में एक भी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक नहीं देने वाली है लेकिन उनका नाम एक कई फिल्मों से जुड़ रहा है। धूम 4 से लेकर इंशाअल्लाह तक उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इसी बीच शाहरुख खान के हाथ एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म लगी है। यह डॉक्यूमेंट्री एक्टर-फिल्ममेकर राकेश रोशन की जिंदगी पर बन रही है। इसका नाम द रोशन्स है। शाहरुख खान इस डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा होने वाले हैं, इसका खुलासा राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर किया है। राकेश रोशन ने एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वो शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए राकेश रोशन ने द रोशन्स में योगदान करने के लिए शुक्रिया कहा है।

### अजय देवगन की फिल्म शैतान का नया पोस्टर जारी




अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें अजय देवगन के साथ ही आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान का नया पोस्टर शेयर किया है। नया पोस्टर फैंस का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म का टीजर 25 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका हैं। इसे अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# समय की यही मांग कि यूएनएससी में हो सुधार

▸▸ भारत दौरे पर आए फ्रांसिस ने कहा- यूएनएससी आज की जमीनी हकीकत को नहीं दर्शाती

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना विश्व की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है, हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में असमर्थ रहा है। भारत पहुंचते ही उन्होंने यूएनएससी में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में यह मुद्दा उठा था। गौरतलब है कि वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता कम हुई है। जिसके बाद से लगातार इसमें सुधार की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने से भारत नाराज है। खास बात है कि पूरी दुनिया से उठ रही सुधार की मांग में भारत को स्थायी सदस्य का प्रबल दावेदार माना जाता है। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पांच स्थायी सदस्य (रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका)। वहीं 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थायी सदस्य किसी भी देश के प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं।

## तीसरे विश्व युद्ध की आशंका खारिज नहीं कर सकते: फ्रांसिस



संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि लाल सागर में स्थिति बेहद परेशान करने वाली है, इसके और बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को खारिज नहीं कर सकते। फ्रांसिस ने गाजा में संघर्ष पर समाधान के लिए भारत के आह्वान की सराहना की, और नई दिल्ली की स्थिति को अत्यधिक जिम्मेदार, व्यावहारिक, समझदार और आवश्यक बताया। लाल सागर में हो रहीं घटनाओं पर कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि लाल सागर में हूतियों द्वारा की जा रही कार्रवाई में तीसरे पक्ष मदद कर रहे हैं, यह बहुत हानिकारक और बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, तीसरा विश्व युद्ध आशंका के दायरे से बाहर नहीं है।

# आईएसआईएस से जुड़े युवक को एटीएस ने नासिक से किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बुधवार को नासिक शहर से 32 वर्षीय एक इंजीनियर को कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस का समर्थन करने और वित्त पोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के साथ, महाराष्ट्र एटीएस ने आईएसआईएस समर्थन और फंडिंग के अंतर्राष्ट्रीय लिंक का खुलासा किया है। अधिकारी के अनुसार, इंजीनियर मुंबई से लगभग 200 किमी दूर नासिक शहर में एक इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस चलाता है। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि कई राज्यों में आरोपियों के कुछ सहयोगियों की जांच की जा रही है।

# शीर्ष कोर्ट: हाई कोर्ट ने की गलती, वधावन की जमानत रद

▸▸ कर्ज घोटाला मामला डीएचएफएल के कपिल, धीरज को दी गई जमानत रद कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटरों कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को दी गई जमानत रद कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है।

पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी आरोपियों के खिलाफ निर्धारित समय सीमा में आरोप पत्र दायर किया गया है और उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों पर विशेष अदालत द्वारा संज्ञान लिया गया है। उत्तरदाता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार का दावा इस आधार पर नहीं कर सकते थे कि अन्य आरोपियों की जांच लंबित थी। सीबीआई ने पहले कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को निचली अदालतों द्वारा दी गई वैधानिक जमानत का शीर्ष अदालत में विरोध किया था। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा था कि मामले में आरोप पत्र 90 दिनों की वैधानिक अवधि के भीतर दायर किया गया था और फिर भी आरोपी को वैधानिक जमानत दी गई थी।

आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत, यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर किसी आपराधिक मामले में जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है, तो एक आरोपी वैधानिक जमानत देने का हकदार हो जाता है। इस मामले में, कानून अधिकारी ने कहा था, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के 88वें दिन आरोप पत्र दायर किया और ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को डिफॉल्ट जमानत दे दी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा।

## उमर खालिद को अभी जमानत नहीं, 31 जनवरी को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका पर 31 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्राथमिकता के आधार पर इस मामले की सुनवाई का आदेश पारित किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस प्रशांत कुमार ने पिछले साल नौ अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। गौरतलब है कि उमर खालिद के साथ अन्य लोगों पर फरवरी, 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया गया है। बता दें कि हिंसा में 53 लोग मारे गए थे, जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे। दंगों की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में खालिद लंबे समय से जेल में बंद हैं। उनकी जमानत की अपील करते हुए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा, वह बहस के लिए तैयार हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पीठ भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई नहीं करेगी। कोर्ट की पीठ उन मामलों की एक साथ सुनवाई कर रही है, जिनमें यूएपीए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

## एक नजर

### अमेरिका: जबरन मजदूरी कराने पर भारतवंशी को 20 साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे। मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

### पंजाब में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धर्म और नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 23 जनवरी को अमृतसर के सुल्तानविंड थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है और सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगा दिया है। पन्नू ने सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर दावा किया कि अमृतसर के श्री दुर्गियाना मंदिर का हिंदू धर्म में कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं है।

# रूसी विमान क्रैश, 74 की मौत

## बेलगोरोद में हुआ हादसा, चालक दल और गार्डों समेत 65 यूक्रेनी युद्धबंदी थे सवार

मॉस्को, एजेंसी

रूस के बेलगोरोद में बुधवार को एक सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी सरकारी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि विमान में 65 यूक्रेनी युद्धबंदी सवार थे, जिसकी अदला-बदली होनी थी। रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों और तीन गार्डों सहित 74 लोग मौजूद थे, दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के पीछे का कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। रूसी सांसद और सेवानिवृत्त जनरल आंद्रेई कार्तपोलोव ने संसदीय सत्र के दौरान कहा कि विमान को तीन मिसाइलों से मार गिराया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसकी पुष्टि किस स्रोत से की गई है।

फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान में कौन-कौन सवार थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच नियमित रूप से युद्धबंदियों की अदला-बदली होती रहती है।

बता दें कि रूसी सुरक्षा सेवाओं से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और उससे आग की लपटें उठ रही है। रूसी सैन्य आईएल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को ले जाने के लिए उपयोग करते हैं। इस विमान में आमतौर पर पांच लोगों का दल होता है और यह 90 यात्रियों तक को ले जा सकता है।



### रूस ने यूक्रेन पर लगाए गंभीर आरोप

हादसे के बाद रूस ने यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूस की सेना ने यूक्रेन पर उसके परिवहन विमान को मार गिराने का आरोप है। विमान में क्रू के सदस्यों समेत 74 लोगों की मौत हो गई है। रूस के गवर्नर ने कहा है कि यूक्रेन के पास दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

### कनाडा: श्रमिकों को ले जा रहा विमान क्रैश, 6 लोगों की मौत

कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया के मुताबिक, विमान में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है। स्टॉशोल्म ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है। नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# मालदीव: दो विपक्षी दलों ने भारत विरोधी रुख पर जताई चिंता

**माले।** मालदीव के दो मुख्य विपक्षी दलों ने बुधवार को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के भारत विरोधी रुख पर चिंता जताई है। इन दलों ने नई दिल्ली को सबसे पुराना सहयोगी बताया। विपक्षी दलों मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने भारत का खुला समर्थन तब किया है।

बता दें, मालदीव सरकार की ओर से चीनी जहाज को अनुमति ऐसे समय में दी गई है, जब नई दिल्ली और माले के संबंध तनावपूर्ण हैं। दोनों विपक्षी दलों ने मालदीव की मौजूदा विदेश नीति को लेकर कहा, ऐसा लगता है कि मुइज्जू सरकार भारत विरोधी माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सहयोगी, खासतौर पर सबसे लंबे समय से सहयोगी (भारत) को अलग-थलग करना देश के विकास के लिए बेहद हानिकारक होगा। उन्होंने कहा, मालदीव की सरकार को लोगों के हित में सभी विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जैसाकि मालदीव पारंपरिक रूप से करता आया है। एमडीपी के प्रमुख फैयाज इस्माइल, डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष हसन और सांसद अली अजीम ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

# इजराइल-हमास संघर्ष से भारत के आर्थिक हितों पर पड़ रहा असर

▸▸ संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत ने कहा- हिंद महासागर में समुद्री व्यापार असुरक्षित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में अब तक 25 हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। गहराते मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी संकट मंडरा रहा है।

मध्य पूर्व में इस संकट के बीच हिंद महासागर में व्यापार से जुड़े खतरों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने ठोस बयान दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि लंबे समय से जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संकट में है।

रवींद्र ने मंगलवार को यूएनएससी में ओपन डिबेट के दौरान कहा, समुद्र में वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत के आसपास भी कई हमले हुए हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बहुत चिंता का कारण है। इससे भारत के ऊर्जा और आर्थिक हित सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। गाजा में 100 से अधिक दिनों से जारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को भयावह बताते हुए उन्होंने कहा कि भयावह स्थिति को देखते हुए हालात की गंभीरता को स्पष्ट तौर पर रेखांकित किया जाना जरूरी है।



भारत का ठोस पक्ष पेश करते हुए राजदूत रवींद्र ने इस्राइल और हमास का नाम लिए बिना दोनों के टकराव पर स्पष्ट संकेत दिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय से ही भारत ने कहा है कि पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्ध को रोकना काफी अहम है। मानवीय संकट की गंभीरता पर ध्यान देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने जिस तत्परता से मदद की है, भारत इन प्रयासों की सराहना करता है। रवींद्र ने बताया कि गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी लोगों के बीच राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी रहा।

# गणतंत्र दिवस पर उभरते भारत की दिखेगी छवि, नारी शक्ति प्राथमिकता



श्रीनगर में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करती जम्मू और कश्मीर महिला पुलिस।

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ 26 जनवरी को पथ पर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी।

बता दें, पहली बार ऐसा होगा जब कोई विदेशी बैंड परेड में शामिल होगा, फ्रांसीसी सैन्य दल के बैंड में 130 लोग शामिल है। फुल ड्रेस रिहर्सल से पता चला कि विशेष रूप से पहली बार परेड की शुरुआत भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाली 100 महिला कलाकारों द्वारा की जाएगी।

परेड की शुरुआत महिला कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले शंख, नादस्वरम, नगाड़ा आदि संगीत के साथ होगी। कुल 25 झांकियां जिसमें 16 राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मंत्रालय और विभाग शामिल हैं।

# इमरान खान की दो टूक- सुस्त नेताओं का करूंगा टिकट रद



**इस्लामाबाद।** बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों को चेतावनी देते हुए चुनावी अभियान शुरू करने को कहा।

इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रत्याशियों को चेतावनी दी कि चुनावी अभियान की शुरुआत करें अन्यथा आपके टिकट रद्द कर दिए जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, इमरान खान ने सिफर मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की।

# फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय बल के साथ संदेशखाली पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय बल के साथ मिलकर बुधवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास पर फिर एक बार छापेमारी की। राशन घोटाला मामले के तहत टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी की जा रही है। शाहजहां शेख के खिलाफ एक नोटिस भी जारी किया गया है। इसमें टीएमसी नेता को 29 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने मीडिया को बताया, 'हम आज शेख के आवास की तलाशी लेंगे।

हम वहां के निवासियों से बात करने की भी कोशिश करेंगे।' घर में प्रवेश करने के बाद अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी।

बता दें कि पांच जनवरी को ईडी ने शाहजहां के आवास पर छापेमारी की थी। जहां कुछ स्थानीय समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

## शिमला...



शिमला: हिमाचल प्रदेश में पहला पश्चिमी विक्षोभ 25-27 जनवरी को सक्रिय होने की संभावना है। कई हिस्सों में छह दिनों तक बारिश-बर्फबारी के आसार है। नौ जगह न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। कुकुमसेरी में माइनस 10.6 डिग्री सेल्सियस, नारकंडा में -1.4, रिकांगपिओ में -0.5, सेऊबाग में -0.3, बरठीं में -0.6 और समदो में शून्य से नीचे 5.3 डिग्री चल रहा है। गुरुवार को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। ● एजेंसी

# चीन: भीषण आग लगने से 39 लोगों की मौत कई घायल, रेस्क्यू जारी

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हो गए।

जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक शॉपिंग एरिया के बेसमेंट में आग लग गई। जिसके तत्काल बाद घटनास्थल पर बचावकर्मियों, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को तैनात किया गया है। आग किस वजह से लगी? इसका पता लगाया जा रहा है। हालांकि, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शनिवार को चीन के दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने से 21 लोगों की मौत हुई थी।

अध्ययन | यूनिवर्सिटी ऑफ वियना में पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों पर किया गया शोध

# छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत

वियना, एजेंसी

परीक्षा के दौरान छात्रों में तनाव, चिंता, उत्साह आदि होना आम बात है। लेकिन, एग्जाम हॉल में छात्रों का ऊब जाना एक चौंकाने वाली बात है। हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ वियना ने पांचवीं से दसवीं तक के 1820 जर्मन छात्रों पर एक अध्ययन किया।

अध्ययन से पता चला कि छात्रों को आसान और मुश्किल परीक्षा, दोनों ही सूरतों में एग्जाम हॉल में बोरियत महसूस हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा कम चुनौतीपूर्ण होने पर छात्रों को उसे पूरा करने में आसानी होती है। छात्र अपने विचार और भावनाओं को सकारात्मकता और मौके के साथ जोड़ देते हैं। इससे छात्रों को व्यक्तिगत और भौतिक तौर पर पूर्णता का अहसास होने लगता है।

इस कारण कुछ ही देर बाद वो एग्जाम हॉल में ऊब जाते हालांकि, इसका उनके प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ने की कम संभावना होती है। वहीं, दूसरी ओर परीक्षा अधिक चुनौतीपूर्ण होने पर उसे पूरा करने की मुश्किलें बोरियत पैदा करती है। छात्र अपनी पूरी क्षमता से परीक्षा पूरी करने की कोशिश करते है, लेकिन सफलता न मिलने पर संघर्ष करते-करते ऊब जाते हैं।

इस स्थिति में आमतौर पर छात्रों के प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ता है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि परीक्षा के व्यक्तिगत तौर पर छात्रों के लिए कोई मायने नहीं होने पर उच्च स्तर की बोरियत होने की संभावना होती है। बोरियत और अत्यधिक या कम चुनौती के बीच का संबंध स्कूल में भी देखा गया है।

शोधकर्ता माता-पिता को बच्चों के साथ उस समय बात करने की सलाह देते हैं, जब उन्हें कोई चीज बहुत आसान या बहुत कठिन लगती है। आगे शोध में बताया गया है कि छात्रों को परीक्षा हॉल में सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण तब महसूस करते हैं जब छात्रों के सामने पेपर कॉपी आती है। बता दें, आसान तब लगता है जब छात्र पेपर आसानी से हल कर लेते हैं। लेकिन पेपर को हल करते समय छात्र उसे चुनौतीपूर्ण मानते हैं।

## टेस्ट ऐसे होने चाहिए कि छात्र उनसे जुड़ाव महसूस करें



शैक्षिक मनोवैज्ञानिक थॉमस गोट्ज का कहना है कि एग्जाम हॉल की बोरियत से निपटने के लिए अध्यापकों को टेस्ट ऐसे तैयार करना चाहिए कि वो छात्रों के जीवन की वास्तविकता से संबंधित हों। छात्र टेस्ट से जुड़ाव महसूस करें। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा कम चुनौतीपूर्ण होने पर छात्रों को उसे पूरा करने में आसानी होती है।

# तटरक्षक बल की बढ़ेगी ताकत, 14 जहाजों की खरीद पर हुआ समझौता

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल (आईएसजी) के लिए 14 तेज गति वाले गश्ती जहाजों की खरीद के लिए बुधवार को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत इनकी लागत 1070.47 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

बता दें, इन नौकाओं को एमडीएल द्वारा भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा और ये कुल 63 महीनों में ये भारतीय तटरक्षक को सौंपी जायेंगी। कई उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये नौका ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट और अन्य क्षमताओं से लैस होंगी।

# सावरकर को कब देंगे भारत रत्न राउत ने केंद्र पर साधा निशाना

मुंबई, एजेंसी



▸▸ उन्होंने कहा बीजेपी का हर कदम राजनीतिक स्वार्थ

शिवसेना (यूबीटी) ने हिंदुत्व विचारक वीआर अंबेडकर को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की है। मीडिया से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के केंद्र के फैसले को राजनीतिक कदम बताया है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से अबतक 11 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, लेकिन लिस्ट में सावरकर का नाम शामिल नहीं किया गया। मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें भारत रतन के लिए नामित किया गया। ठाकुर का निधन 1988 में हुआ था। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी समाजवादी नेता थे, जिन्हें दो बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया गया था।

संजय राउत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारा स्थान अभी भी वहीं है कि सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर ओबीसी के नेता हैं और इस बात से खुश हैं कि उन्हें भारत रत्न के लिए नामित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव का समय है और भाजपा के लिए बिहार जरूरी है।